आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* गुरु अमरदास पुण्य तिथि
* गुर्जर रोट पूजन

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 254 | उज्जैन, शनिवार 26 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

40 प्रतिशत एयर पॉल्यूशन के लिए मैं जिम्मेदार : गडकरी

भोपाल। मध्यप्रदेश में 21 साल बाद सरकारी बस सेवा फिर शुरू हो गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उट मोहन यादव ने भेल दशहरा मैदान से 351 बसों के साथ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा लॉन्च की। भोपाल-इंदौर समेत 7 शहरों में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसें चलेंगी। इनमें 180 इलेक्ट्रिक बसें हैं। सरकार का पहले साल 1,500 और 2031 तक 15 हजार बसें चलाने का लक्ष्य है। गडकरी ने कहा- पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाना सरकार का विजन है। ट्रांसपोर्ट सुधार के लिए 5 एजेंडा बनाए गए हैं, जिसमें पहला क्लीन ट्रांसपोर्ट है। देश के एयर पॉल्यूशन में करीब 40% हिस्सेदारी ट्रांसपोर्ट सेक्टर की है। प्रदूषण के लिए मैं जिम्मेदार हूं।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 8 के खिलाफ चार्जशीट

अयोध्या। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे की रकम में कथित गबन के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस की विवेचना रिपोर्ट में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैट, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), बैंकिंग लेनदेन और बरामदगी को प्रमुख साक्ष्य बनाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला उर्फ शनि 85 बार चढ़ावे की रकम हटाकर छिपाते हुए सीसीटीवी में दिखाई दिया, जबकि अन्य आरोपियों की भूमिका भी फुटेज में दर्ज होने का दावा किया गया है।

एअर इंडिया पायलट अल्कोहल टेस्ट में फेल होने पर सस्पेंड

नई दिल्ली। एअर इंडिया के पायलट को ज्यूरिख-दिल्ली फ्लाइट से पहले अल्कोहल टेस्ट में फेल होने पर शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया। अंतिम मेडिकल रिपोर्ट और जांच पूरी होने तक पायलट का निलंबन जारी रहेगा। यह मामला 6 सितंबर का है। टेकऑफ से पहले ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ को पायलट से शराब की स्मेल आई थी। उन्होंने अफसरों को उसकी सूचना दी, जिसके बाद पायलट को विमान से उतार दिया गया। अल्कोहल टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद पायलट को टेकऑफ से कुछ समय पहले ज्यूरिख एयरपोर्ट पर विमान से उतार दिया गया था।

मुश्ताक खान के निधन से सदमे में राजपाल यादव



मौत से दो घंटे पहले हुई थी आखिरी मुलाकात

मुंबई। अभिनेता मुश्ताक खान के निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। उनके निधन के बाद अभिनेता राजपाल यादव ने साथी कलाकार के साथ हुई अपनी आखिरी मुलाकात को याद किया। राजपाल के मुताबिक, मौत से महज दो घंटे पहले उन्होंने अस्पताल में मुश्ताक खान से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि मुश्ताक ने उन्हें देखा, हाथ मिलाया और आसपास हो रही बातचीत पर प्रतिक्रिया भी दी थी। राजपाल यादव ने सोशल मीडिया पर मुश्ताक खान की तस्वीर साझा करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने बताया कि वह उसी दोपहर अस्पताल में मुश्ताक से मिलने पहुंचे थे। उस वक्त दोनों के बीच बातचीत हुई और मुश्ताक ने उन्हें पहचानते हुए हाथ भी मिलाया। राजपाल ने कहा कि कुछ घंटे पहले जिस साथी कलाकार से उन्होंने मुलाकात की थी, उसके अचानक निधन की खबर ने उन्हें गहरा सदमा दिया। उन्होंने मुश्ताक खान को याद करते हुए भावुक श्रद्धांजलि दी। मुश्ताक खान से मुलाकात के दौरान राजपाल यादव ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया था।

नैनो न्यूज

- **मुंबई :** एल्विश यादव ने ओरी को गिफ्ट की थार, सालों पुराना वादा किया पूरा, गाड़ी देखकर खुशी से झूम उठे ओरी।
- **सूरत :** भीषण सड़क हादसा, खड़े डंपर से कार टकराई, हादसे में चालक समेत चार लोगों की मौत।
- **जबलपुर :** शहपुरा टोल एक-दो दिन में होगा बंद, पुल बनने तक नहीं लगेगा शुल्क: पीडब्लूडी मंत्री राकेश सिंह।
- **पटना:** बिहार सीएम ने पीड़ित परिवार की फोटो शेयर की, फिर डिलीट, तेजस्वी बोले- सीएम पॉक्सो एक्ट की धज्जियां उड़ा रहे, एफआईआर हो।
- **वाशिंगटन :** जेल में बंद 1 अमेरिकी, 6 यूक्रेनी विदेश जा सकेंगे, म्यांमार के उग्रवादियों को ड्रोन ट्रेनिंग देने का आरोप था, एनआईए कोर्ट ने जमानत दी।
- **तेहरान :** जंग खत्म करने को ईरान का 7 दिन का प्लान, सभी मोर्चों पर लड़ाई रुके, 7वें दिन होर्मुज खोलने पर बात।
- **इटली :** स्कूलों में बुर्का-नकाब पर बैन, नियम तोड़ने पर 1 लाख रुपए तक जुर्माना, कुछ विदेशी छात्रों की संख्या 30% तक सीमित।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

दिल्ली-पटना में मार्च, देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़े, कॉकरोच पार्टी बोली- 2 अक्टूबर से आंदोलन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली/पटना

कांग्रेस शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन कर रही है। उत्तराखंड के देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

इधर, कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन करेंगे। सीजेपी ने गुरुवार को ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे की डेडलाइन दी थी।

एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में एसआईआर के फैसलों, दिशा-निर्देशों और सॉफ्टवेयर बदलावों को असंवैधानिक घोषित करने और करीब 13 करोड़ वोटर्स के नाम हटाने की एसआईटी जांच की मांग है।



छत्तीसगढ़: बारिश में भीगते हुए कांग्रेस का पैदल मार्च

रायपुर में बारिश के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव आयोग के खिलाफ सड़क पर उतरे। वोटर लिस्ट में बदलाव, एसआईआर और कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक से शास्त्री चौक स्थित मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च किया।

कांग्रेस ने कहा- चुनाव आयोग मनमानी कर रहा- कांग्रेस का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग में मनमानी कर रहे हैं और दो अन्य आयुक्तों की बात नहीं सुन रहे हैं। पार्टी का ये आरोप इंडियन एक्सप्रेस में छपी उस खबर के बाद आया है जिसमें कहा गया है कि पिछले 10 महीनों में 14 बार दोनों चुनाव आयुक्तों ने आयोग के फैसलों पर आपत्ति जताई है।

पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की- बिहार के पटना में कांग्रेसी कार्यकर्ता ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। प्रशासन ने इन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं- पुलिस के बीच धक्का मुक्की हुई।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की नारेबाजी- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक पोस्टर लेकर पहुंचे। इन पर लिखा था कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें।

यूपी में मुख्य चुनाव आयुक्त के 2 कार्यक्रम स्थगित- चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में दो कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। इनमें सीईसी ज्ञानेश कुमार शामिल होने वाले थे। पहला कार्यक्रम मेरठ में 25 सितंबर को और दूसरा वाराणसी में 28 सितंबर को था।

एसबीआई एटीएम से कैश निकालने पर 3 दिन चार्ज नहीं, पर डिजिटल सर्विस चालू रहेंगी

28 से 30 सितंबर तक बैंकों की हड़ताल

90 प्रतिशत बैंक कर्मचारी हड़ताल में शामिल, कामकाज पर पड़ेगा असर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

एसबीआई ने 28 से 30 सितंबर तक अपने एटीएम से कैश निकालने पर चार्ज नहीं लेने का ऐलान किया है। इस दौरान बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शाखाएं बंद रहेंगी। बैंक कर्मचारी 5-डे वर्किंग की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

हड़ताल में देश की 7 बड़ी बैंक यूनियन्स शामिल होंगी, जिनसे लगभग 90% से ज्यादा बैंक कर्मचारी जुड़े हुए हैं। यूनियन्स का कहना है कि जब तक सरकार हफ्ते में 5-डे वर्किंग लागू करने की कोई पक्की तारीख तय नहीं कर देती, तब तक उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। 28 सितंबर से शुरू होने वाली 3 दिन की हड़ताल के कारण शाखाओं में कामकाज पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान आम जनता को पैसे निकालने, चेक क्लीयरेंस और अन्य जरूरी कामों में परेशानी न हो, इसके लिए वित्त मंत्रालय ने रविवार, 27 सितंबर को सभी पब्लिक सेक्टर और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को खुले रखने का आदेश दिया है।



अक्टूबर में 16 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

अगले महीने यानी अक्टूबर में देश के सरकारी और प्राइवेट बैंक अलग-अलग शहरों में कुल 16 दिन बंद रहेंगे। इसमें 4 रविवार और 2 शनिवार की छुट्टियां भी शामिल हैं। आरबीआई ने अक्टूबर महीने के लिए बैंक छुट्टियों की लिस्ट जारी की है। अलग-अलग राज्यों और स्थानीय त्योहारों के आधार पर बैंकों की छुट्टियां तय होती हैं। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

डिजिटल बैंकिंग सर्विसेज चालू रहेंगी- ब्रांच बंद रहने के बावजूद ग्राहक अपने बैंकिंग काम ऑनलाइन निपटा सकेंगे। इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम, एनईएफटी और आरटीईजीएस जैसी सर्विसेज हर दिन 24 घंटे चालू रहती हैं।

बैंकों में 5-डे वर्किंग पर सरकार का इनकार

बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से ठीक पहले मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि, सरकार ने कभी भी बैंकों के लिए 5-डे वर्किंग का वादा नहीं किया था और सैलरी रिवीजन की बातचीत के दौरान भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई।

वित्त मंत्रालय के सूत्र ने कहा कि यह मांग कर्मचारी यूनियनों की तरफ से एकतरफा उठाई थी और दोनों पक्षों के बीच इस पर कोई सहमति नहीं बनी थी। हफ्ते में 5 दिन काम के अलावा बोनस के नियमों को लेकर भी विवाद चल रहा है। सरकार ने बड़े अधिकारियों जैसे स्केल-4 और उससे ऊपर के अफसरों के लिए बोनस का एक नया नियम लागू किया है। इसके तहत अच्छा काम करने वाले अफसरों को 365 दिन की बेसिक सैलरी के बराबर इंसेंटिव या बोनस मिल सकता है।

गेहूं से भरे ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 6 लोगों की दर्दनाक मौत



एजेंसी ▸▸ बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में गेहूं से भरे ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार 6 लड़कों की दर्दनाक मौत हो गई, 7 गंभीर घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे जगदलपुर नेशनल हाईवे पर मरकाटोला घाट के पास हुआ।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक के नीचे दबे लोगों की जान गई है, जबकि टक्कर लगने से दूर जा गिरे लड़के घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना पुरूर थाना क्षेत्र की है। सभी मृतक कवर्धा के रहने वाले हैं। पिकअप में साउंड सिस्टम का सेटअप बंधा हुआ था। सभी लड़के गणेश विसर्जन कर लौट रहे थे। गाड़ी खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़े थे, तभी हादसा हो गया। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार है। घटना पर सीएम साय ने दुख जताया है। जानकारी के मुताबिक, पिकअप में धुमाल बाजा और डीजे साउंड सिस्टम का सेटअप बंधा हुआ था। 15-20 लड़के सवार थे। शुक्रवार सुबह रायपुर में गणेश विसर्जन के बाद सभी जगदलपुर जा रहे थे तभी मरकाटोला घाट के पास उनकी गाड़ी खराब हो गई।

तेंदुए ने 6 साल की बच्ची को उठाया, खेत में मिला शव

एजेंसी ▸▸ जूनागढ़

गुजरात के जूनागढ़ जिले में बुधवार रात तेंदुए ने 6 साल की बच्ची पर हमला कर उसे मार डाला। बच्ची की पहचान प्रिशा सोलंकी के रूप में हुई है। घटना का सीसीटीवी वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। घटना मेंदरडा में थोभणभाई कोराट के खेत में हुई। गिर वेस्ट डिविजन के डीएफओ प्रशांत तोमर के मुताबिक, तेंदुए के हमले के बाद बच्ची का शव खेत के पास मिला। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने आसपास 8 पिंजरे लगाए हैं। इलाके में लगातार गश्त कर तेंदुए की तलाश की जा रही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 6 देशों के दूतों से लिए परिचय पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में फिनलैंड, वियतनाम, मैक्सिको, एस्टोनिया, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के दूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए।

भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पैकेट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय पत्र सौंपा। यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी, व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, तथा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्रों में प्रगति के साथ एक अहम चरण में प्रवेश कर रही है। वहीं इस समारोह के बाद, यूरोपीय संघ ने बताया कि पैकेट ने यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी को 21वीं सदी के सबसे अहम रिश्तों में से एक बताया।

दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

मोदी के साथ महिला की मॉर्फ्ड फोटो हटाए मेटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मेटा प्लेटफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की एआई-जनरेटेड (मॉर्फ्ड) तस्वीर को अपने सोशल मीडिया मंचों और संबंधित वेबसाइटों से तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गिरिश कठपालिया की पीठ ने इस मामले को गंभीर मानते हुए कहा कि यह स्थिति बेहद असाधारण है, क्योंकि इसमें एक महिला के साथ देश के प्रधानमंत्री भी शामिल हैं।

महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरभ दास, अभिजीत दिपके, आशुतोष रांका और रत्ना सिंह को नोटिस जारी किया है। महिला का आरोप है कि इन नेताओं ने उनकी एआई-निर्मित आपत्तिजनक तस्वीर को प्रधानमंत्री के साथ सोशल मीडिया पर फैलाया है। हालांकि, इन आरोपों की जांच अभी जारी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि यदि दिल्ली पुलिस इस संवेदनशील मामले के प्रति गंभीर नहीं है, तो अदालत उसे संवेदनशील बनाना सुनिश्चित करेगी। नई दिल्ली के साइबर पुलिस स्टेशन में आईटी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है।

वोट चोरी और मतदाता सूची में गड़बड़ी पर मप्र में संग्राम

चुनाव आयोग और कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी, बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर निर्वाचन आयोग के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में ऐलान किया कि लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सोमवार, 28 सितंबर को राज्य निर्वाचन आयोग और मंगलवार, 29 सितंबर को पूरे प्रदेश में जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव करेंगे।


पटवारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले दो वर्षों से देश में लोकतंत्र और मतदाता के अधिकारों को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं और अब इसी लड़ाई को मध्य प्रदेश में तेज किया जाएगा। उन्होंने मध्य प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के दौरान मतदाता सूची में हुए बदलावों को संदेह के घेरे में बताया।

पटवारी ने आंकड़े साझा करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में प्रदेश में 34 लाख 25 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पुरजोर मांग की है कि ड्राफ्ट और अंतिम सूची के बीच हुए इतने बड़े बदलावों का विधानसभा और बूथवार पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तविक मतदाताओं के नाम किन कारणों और किस आधार पर हटाए गए हैं।

- चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है। पटवारी ने कहा कि चुनाव आयोग को सत्तारूढ़ दल के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त होकर काम करना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2023 में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया वाले कानून में हुए बदलाव का भी जिक्र किया, जिसमें चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर केंद्रीय गृह मंत्री को शामिल किया गया था। कांग्रेस का आरोप है कि इस व्यवस्था से निर्वाचन संस्था की स्वतंत्रता पर आंच आई है। पार्टी ने मतदाता सूची से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने, आपराधिक कृत्य प्रमाणित होने पर एफआईआर दर्ज करने और हटाए गए वास्तविक मतदाताओं को अपना नाम पुनः जुड़वाने का अवसर देने की मांग उठाई है।
- आंदोलन की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए पटवारी ने बताया कि सोमवार को भोपाल में राज्य निर्वाचन आयोग के घेराव के बाद मंगलवार को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी तीन दिनों में होने जा रही कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में इस मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी, क्योंकि मध्य प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से भी ऐसी ही शिकायतें सामने आई हैं।
- ईवीएम और वीवीपैट की विश्वनीयता पर सवाल उठाते हुए आगामी पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की मांग भी रखी है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को सख्त लहजे में नसीहत दी कि वे किसी भी राजनीतिक दबाव में आकर काम न करें। यदि किसी अधिकारी द्वारा चुनाव प्रक्रिया में पक्षपात कर सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया, तो कांग्रेस कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से इसका कड़ा विरोध करेगी। अपने अभियान के तहत अब कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और बूथ-बूथ जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे, ताकि जनता के संवैधानिक मताधिकार की रक्षा की जा सके।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

सरकारी एजेंसी बनी भूमाफिया

घर और भूखंड बनाने की एक अर्द्ध शासकीय एजेंसी ने भूमाफिया की तरह से एक संस्था के 24 भूखंडों को हजम कर गई है। भुखंडों के मालिकों के पास कब्जा है और उसके बाद भी उनकी जमीनों का अधिग्रहण कर लिया गया। 1990 से पूर्व संस्था ने अपने सदस्यों को भूखंडों की रजिस्ट्री कर दी वहां रोड,नाली सब कुछ विकास कार्य कर दिए गए । नगर विकास की योजना बनाने वाले सरकारी विभाग ने नक्शा पास किया और सभी वैधानिकता की स्वीकृति दी गई। यहां तक की नगर की संस्था में सभी टैक्स भी जमा संबंधित नागरिक करवा रहे हैं नामांतरण भी हो गया। इसके बाद घर और भूखंड बनाने वाली अर्द्ध शासकीय एजेंसी की और से एक योजना लाकर शिप्रांजलि को तिलांजलि देते हुए नोटिस दे दिया और उस पर अपनी कार्रवाई करते हुए अधिग्रहण कर लिया गया। शिप्रांजलि के तमाम वैधानिक स्थितियों को तिलांजलि देते हुए कालांतर में अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी दिखाई और इसे न्यायालय ने अपने आदेश में भी लिखा। इसके बाद भी कालोनी की वैधानिक स्थितियों को रोका जा रहा है। अधिकारी भी इसे गलत मानते हैं लेकिन उस मामले में कुछ भी करने को तैयार नहीं हैं। खुसूर झफुसूर है कि वैधानिकता की दुहाई देने वाले ही अवैधानिक कार्यों को अंजाम देने में संलग्न रहे हैं। ऐसे ही शिप्रा नाम पर पूर्व में अर्द्ध शासकीय एजेंसी ने भूखंड दिए जिनके मामले न्यायालय में लंबित हैं और विवादित भूमि पर ही ये भूखंड नागरिकों को दे दिए थे। वर्षों बाद भी इन भूखंडों को लेने वाले नागरिकों को न तो पैसा वापस मिल रहा है न ही भूखंड ही मिल पा रहे हैं। एक नहीं अनेकों मामले ऐसे सामने हैं।

नैनो न्यूज

- **अनंत चतुर्दशी पर** श्रीराम भक्त मंडल के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु, 5 हजार से अधिक ने पाई प्रसादी, फ्रीगंज के अशोक नगर चौराहे पर विगत 28 वर्षों से निरंतर जारी है आयोजन
- **गजानंद गणपति** को लगा 56 भोग, सांवरिया सेठ के स्वरूप में सजा दरबार, गोईया परिवार ने किया 12 दिवसीय गणेशोत्सव का समापन, चार चूहों के रथ पर सवार श्रीगणेश का हुआ अद्भुत श्रृंगार
- **झूठे सुसाइड नोट** और धमकियों से नूरी खान को खतरा, कांग्रेस नेताओं के साथ एसपी को सौंपा ज्ञापन, हिस्ट्रीशीटर उमर खान पर सोशल मीडिया के जरिए बदनाम कर झूठे केस में फंसाने की साजिश का आरोप
- **इको फ्रेंडली विसर्जन** के साथ संपन्न हुआ खंडेलवाल समाज का गणेशोत्सव, बुधवारिया स्थित समाज भवन में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम, जलपात्र में जलाभिषेक कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश
- **राठौर समाज का** सामूहिक अनंत चौदस व्रत उद्यापन, 14 जोड़ों ने पूर्णाहुति देकर की सुख-समृद्धि की कामना, कार्तिक चौक स्थित राठौर धर्मशाला में लगातार चौथे वर्ष हुआ आयोजन, प्रदेशभर से शामिल हुए समाजजन
- **श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन** देने पहुंचे आउटसोर्स कर्मचारी, अधिकारी नदारद रहने पर जताया आक्रोश, पूर्व सूचना के बावजूद सहायक श्रम आयुक्त और इंस्पेक्टर नहीं मिले उपस्थित, ठेकेदारों से मिलीभगत का आरोप
- **तपोभूमि व शांतिनाथ** जिनालय में उत्तम ब्रह्मचर्य की आराधना के साथ पर्युषण महापर्व संपन्न, वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण लाडू, मुनि प्रणीत सागर व प्रभा दीदी के सानिध्य में हुए अनुष्ठान, अब मनेगा क्षमावाणी पर्व
- **कड़ाव में किया** मिट्टी के श्रीगणेश का विसर्जन, पौधों में सींचा जल, विधायक कालूहेड़ा के नेतृत्व में लोकमान्य तिलक आयोजन समिति ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, 12 वर्षों से जारी है परंपरा

ट्रेंडिंग



गणपती बप्पा मोरिया : हीरामिल कुंड पर प्रतिमाओं का एकत्रीकरण, केडी पैलेस पर विधिवत हुआ विसर्जन

जयकारों के साथ दी गणपति बप्पा को विदाई

ढोल नगाड़ों के साथ नाचते झूमते हुए विसर्जन स्थल पहुंचे, विसर्जन स्थल पर जिला प्रशासन व पुलिस रही मौजूद







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में शुक्रवार को गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ गणेश जी को विदाई दी गई । उज्जैन में बारह दिवसीय गणेश उत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा निकालकर गणेश जी का विसर्जन किया। शोभायात्राओं में श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू-जल्दी आना, देवा हो देवा, गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन के भजन गूंजते नजर आए।

गणेश विसर्जन यात्राओं में महिलाएं नाचते गाते हुए चल रही थीं। मार्ग का वातावरण भक्ति से ओत-प्रोत नजर आया। इसके बाद शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल लेकर पहुंचे। हीरामिल कुंड पर प्रतिमाओं को एकत्रीकरण किया गया उसके बाद वाहन द्वारा केडी पैलेस पर विधिवत विसर्जन किया गया। जिला प्रशासन पुलिस और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। विसर्जन से पहले भक्तों ने पूजा-अर्चना भी की। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला अभी कुछ दिन और चलेगा।

हीरामिल कुंड पर प्रतिमाओं का एकत्रीकरण, केडी पैलेस पर विधिवत विसर्जन

नगर निगम द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं थी। नगर निगम द्वारा हीरामिल कुंड सहित शिप्रा नदी के प्रमुख घाटों रामघाट, गऊघाट, मंगलनाथ घाट, सिद्धवट विसर्जन स्थलों पर प्रतिमाओं के एकत्रीकरण एवं सुरक्षित विसर्जन की व्यवस्था की गई। हीरामिल कुंड पर श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई गणेश प्रतिमाओं के एकत्रीकरण के लिए निगम द्वारा विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई जिनके माध्यम से प्रतिमाओं को विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात केडी पैलेस ले जाकर निर्धारित स्थल पर विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं मौसम को देखते हुए हीरामिल कुंड पर वाटरप्रूफ टेंट भी लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं द्वारा गणेश प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन एवं आरती कर उन्हें निगम की निर्धारित व्यवस्था के माध्यम से विसर्जन हेतु सौंपा गया। निगम की टीम द्वारा पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की गई।

करोड़ों की जमीन के वृद्ध दानदाता दंपत्ति के आंसू निकले तो छात्र शक्ति गुस्साकर उबल पड़ी

3 माह में पूर्ण होगा माकड़ौन कॉलेज भवन

लोक निर्माण विभाग ने उच्च शिक्षा विभाग से जारी राशि को दूसरी योजना में उपयोग किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले के माकड़ौन तहसील में एक दशक पूर्व महाविद्यालय की शुरूआत हायर सेकेंडरी स्कूल के 3 कक्षों में कर दी गई थी। महाविद्यालय भवन को लेकर दान में मिली 8 बीघा जमीन पर पिछले 8 वर्ष से भवन का निर्माण जारी है। भवन नहीं होने से विद्यार्थियों को हो रही परेशानी के चलते जमीन के दानदाता दंपत्ति एवं छात्र शक्ति ने एकजुटता के साथ आंदोलन छेड़ा तो लोक निर्माण विभाग अगले तीन माह में कालेज भवन को पूर्ण कर देने के लिए तैयार हुआ है।

एक दशक पूर्व माकड़ौन में महाविद्यालय भवन की शुरूआत की गई थी। इसके लिए उच्च शिक्षा का करीब 35 कर्मचारियों का स्टाफ जुटाया गया। कालेज तीन कमरों में संचालित होने की स्थिति में नगर के पास जमीन देख रहा था लेकिन उसे उचित जमीन नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में माकडौन के निःसंतान दंपत्ति शिवनारायण-लक्ष्मीबाई पाटीदार ने नगर से लगी हुई नांदेड रोड की करोड़ों की 8 बीघा जमीन शासन को दान में देकर पहल की।वर्ष 2018 में माकड़ौन महाविद्यालय निर्माण की राशि 546.17 लाख मंजूर की गई थी इसके निर्माण की एजेंसी लोक निर्माण विभाग पीआईयू को नियुक्त किया गया था। भवन का ठेका दिए जाने के बाद से वह आज तक निर्माणाधीन ही है। पिछले 8 वर्ष में भी इसकी पूर्णता नहीं हो सकी।

दंपत्ति निराश, छात्र शक्ति आई साथ

कालेज भवन के निर्माण को लेकर जमीन के दानदाता पाटीदार दंपत्ति को इससे निराशा की स्थिति देखने को मिल रही थी। इसी के चलते नगर के विद्यार्थियों ने एबीवीपी के बैनर तले आंदोलन की शुरूआत कर दी। पहले चरण में धरना दिया गया और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया इसके बाद गुरूवार को दोपहर उपरांत नगर के मुख्य मार्ग मंडी चौराहा पर जमीन के दानदाता दंपत्ति को साथ लेकर 4 घंटे से अधिक चक्काजाम कर दिया। इनकी मांग थी कि महाविद्यालय का कार्य पूर्ण कर उसे हैंडओवर किया जाए। इसका नाम शिव-लक्ष्मी महाविद्यालय किया जाए। इस दौरान दानदाता दंपत्ति ने भी छात्र शक्ति को संबोधित किया और उन्होंने कहा कि कालेज की शुरूआत होने पर वे उद्घाटन पर भी जमकर खर्चा करेंगे। माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापना स्वयं के व्यय से लगवाएंगे सात दिवसीय भागवत कथा व भंडारा विद्यार्थी हित में करेंगे।



- **रो पडे दानदाता निःसंतान दंपत्ति**-चक्काजाम का सबसे मार्मिक पक्ष ये रहा कि दानदाता दंपति उसमें शामिल रहे और विद्यार्थियों ने जब उनसे संबोधन का कहा तो उनका कहना था कि धैर्य जवाब देने लगा है वे रोते हुए बोले की हम इसी जन्म में इन्हीं आंखों से जिस कार्य के लिए हमने भूमि दान दी है उस भवन में बच्चों को पढ़ता देखना चाहते हैं ,कही ऐसा ना हो की भवन अधूरा रहे और भगवान का बुलावा आ जाए। दानदाता के मार्मिक शब्दों से चक्काजाम में शामिल सैंकडों विद्यार्थी भी रो पड़े।
- **ऐसे निकला परिणाम 3 माह में पूर्ण होगा काम-** चक्काजाम का परिणाम यह निकला कि ताबड़तोड़ 31 दिसंबर तक कॉलेज भवन उच्च शिक्षा विभाग को हैंडओवर करने का लिखित आश्वासन विद्यार्थियों एवं जमीन दानदाता को दिया गया है। तहसीलदार रमेशचंद्र सिसौदिया बताते हैं कि यह काम पिछले कई वर्षों से चल रहा था। ठेकेदार का भुगतान रूका होने की स्थिति में उसने अंतिम दौर का काम रोक दिया। शहर के मुख्य मार्ग पर विद्यार्थियों ने जमीन के दानदाता के साथ चक्काजाम आंदोलन किया। उन्हें लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने लिखकर दिया है 3 माह में कार्य पूर्ण कर भवन हैंडओवर किया जाएगा। इसके बाद आंदोलनकारी माने। यह पूरा आंदोलन नगर के मुख्यमार्ग मंडी चौराहा पर किया गया।



3 कमरे का कॉलेज 22 का स्टाफ

हायर सेकेंडरी भवन के 3 कमरों में एक दशक से ज्यादा समय से चल रहे महाविद्यालय में यहां माकड़ौन कस्बा सहित आसपास के 50 गांव से ज्यादा के करीब 550 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इनके अध्यापन के लिए पीएससी से 3 प्रोफेसर एवं 18 गेस्ट फेकल्टी यहां पदस्थ हैं। प्राचार्य अनिल दीक्षित बताते हैं कि कार्यालयीन कार्य के लिए यहां 4 कर्मचारी के पद रिक्त हैं। मेरे सहित कुल 22 का स्टाफ यहां हैं।

धैर्य टूटा आखिर भविष्य का सवाल है

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री बलवानसिंह राजपूत का कहना था कि महाविद्यालय के निमार्णाधीन भवन को बनते बनते 8 साल हो चुके व कई बार जनप्रतिनिधियों से अनुनय विनय करने के बाद भी कोई हल नहीं निकला जो आज गुस्से में तब्दील हुआ है ये विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है।

भुगतान नहीं तो काम नहीं

महाविद्यालय बनाने वाले ठेकेदार संजय बागड़ी का कहना था कि मेरे 55 लाख रुपए उक्त महाविद्यालय के शासन की ओर बकाया है जबकि 5% भी काम अधूरा नहीं है जब तक मेरे खाते में पूरा अमाउंट नहीं आएगा मैं काम नहीं कर सकता हूं, क्योंकि मैं भी सालों से अपनी जमा पूंजी लगा कर बैठा हूं।

एक पत्र से आंदोलन में गर्माहट फैली

धरना के बाद एक दम से पूरे आंदोलन में तेजी आने के पीछे का कारण सामने आया कि उच्च शिक्षा विभाग की और से 22 सितंबर 26 का एक पत्र विद्यार्थियों के हाथ लग गया जिसमें विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को माकड़ौन महाविद्यालय भवन निर्माण को लेकर लिखा था इसमें खुद उन्होंने लिखा है कि शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन के भवन निर्माण हेतु राज्य शासन के आदेश 09.02.2018 द्वारा राशि रू. 546.17 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। संदर्भित पत्र दिनांक 08.06.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन की आई.डी. से योजना क्रमांक-7643 के अंतर्गत अन्य दो विभागीय निर्माण कार्य का भुगतान कर दिया गया है एवं माकड़ौन की आई.डी. में राशि उपलब्ध नहीं है। यह प्रकरण दिनांक 10.07.2026 को स्थायी वित्तीय समिति के संज्ञान में लाया जा चुका है। श्री सिपाहा ने पत्र में लिखा कि प्रशासकीय स्वीकृति की सीमा के अंदर अन्य आई.डी. के माध्यम से भुगतान कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। इस विषय में लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर अवगत कराने का कष्ट करें।

उज्जैन के बॉडी बिल्डर अफराज का भारतीय टीम में चयन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

थाईलैंड में 26 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाली 58वीं एशियाई बॉडीबिल्डिंग एवं फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में उज्जैन के बॉडी बिल्डर अफराज भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे मेंस फिजीक अबोव 165 सेंटीमीटर वर्ग में एशिया के शीर्ष बॉडी बिल्डरों को चुनौती देंगे।

राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के चेयरमैन प्रेमसिंह यादव एवं प्रादेशिक अध्यक्ष तथा पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र कुशवाह ने बताया कि भारतीय टीम में मध्यप्रदेश से नीमच के अरबाज और उज्जैन के अफराज का चयन हुआ है। अरबाज 85 किलोग्राम वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे मिस्टर इंडिया का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। राष्ट्रीय निर्णायक शैलेन्द्र व्यास एवं स्वामी मुस्कुराके ने बताया कि उज्जैन के अफराज इससे पहले इंडिया, एशिया एवं साउथ एशिया स्तर पर ओवरऑल इंडिया चैंपियन रह चुके हैं।

राष्ट्रीय मल्लखंब प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों का चयन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्मी व्यायाम मंदिर द्वारा 27 से 29 सितंबर 2026 तक झांसी में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन, उज्जैन के खिलाड़ी वेदास कोठार एवं आरोही बारोड़ का चयन हुआ है। इस अवसर पर संस्था सचिव एवं कोच संतोष सोलंकी, राजेश कोठार, चेतन बारोड, अनिता कोठार एवं संस्था उपाध्यक्ष सपना माली ने दोनों खिलाड़ियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

होटल बोट ग्रांड
HOTEL BOAT GRAND
पता:
कंठाल चौराहा 39,
उज्जैन, मध्य प्रदेश - 456006
मो: +91 9753594270
+91 8109450054

स्वच्छता सर्वोपरी थीम पर सफाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगरनिगम द्वारा अनंत चौदस पर सुबह सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता सर्वोपरी थीम पर विभिन्न वार्डों मे स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई व पार्क आदि साफ किए गए। नानाखेड़ा स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को टैंकर से धोकर आसपास की खरपतवार व घांस हटाई गई। इस अवसर पर सफाईकर्मियों के साथ क्षेत्र के मेट व दरोगा सहित सुपरवाइजर उपस्थित थे।

शंकु यंत्र से समझी विषुव की अवधारणा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्ष के एकमात्र दिवस पर दिन व रात की अवधि बराबर होती है। सितम्बर माह की 23 तारीख को दिन व रात्रि बिल्कुल बराबर अवधि के होते हैं। इसे विषुव या इक्विनोक्स की अवधारणा कहते हैं। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर के भूगोल विषय के व्याख्याता निरंजनकुमार बेलिया ने स्वयं की मेहनत से तैयार किए गए शंकु यंत्र से उक्त अवधारणा छात्र छात्राओ को समझाई। शैक्षणिक गतिविधि के अंतर्गत शिक्षकों ने पृथ्वी की धुरी, दिन व रात की घटना व परछाईं के वारे मे विद्यार्थियों को शंकु यंत्र की रेखाओं के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य उमा शर्मा, व्याख्याता अंकित शर्मा, चेतपालसिंह चौधरी व विवेकानंद व्यास उपस्थित थे।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 26 सितंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

महाविद्यालय में ब्राह्मी लिपि पर कार्यशाला आयोजित

उज्जैन । ब्राह्मी लिपि को सिखाना अपनी धरोहर को सहेजना है। ये उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना वीरेंद्र सिंह ने इतिहास विभाग द्वारा ब्राह्मी लिपि पर आयोजित त्रि-दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कही। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं ब्राह्मी लिपि के विशेषज्ञ प्रसिद्ध इतिहासविद् अनिमेष नागर ने कहा कि ब्राह्मी लिपि सभी लिपियों की जननी है और ऐसी लिपि का अध्ययन कर हम भविष्य की निधि को संरक्षित रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन अंशु अर्पण भारद्वाज ने किया। ।

5 हजार शिविरार्थियों की व्यवस्था बनी मिसाल

इंदौर। निवाणी गार्डन में आयोजित श्रावक संस्कार शिविर में करीब 5 हजार शिविरार्थियों के ठहरने, स्नान एवं नित्यकर्म की व्यवस्थाओं को वीर बाहुबली ग्रुप की टीम ने कुशलता से संभाला। पांच विशाल डोम में करीब एक-एक हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। आपात स्थिति के लिए 24 घंटे एम्बुलेंस, करीब 300 टॉयलेट में पानी की व्यवस्था और प्रतिदिन सफाई के साथ 5 हजार लोगों के गर्म पानी से स्नान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने अभय जैन, अरविंद सोधिया एवं राजेन्द्र नायक के साथ व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्रिंस जैन, अमित जैन गोलू, आशीष, मनीष, उदित, पवन सिंघई सहित पूरी वीर बाहुबली ग्रुप टीम के सेवा समर्पण की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।

साढे 11 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत से बनेगी पानी की टंकी,

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट शुक्रवार 25 सितम्बर को निपानिया मंडल के पिपलियाकुमार और पंचवटी कालोनी में सांवेर विधानसभा के नगरीय वार्ड 35-36 में साढे उन्नीस करोड रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण करेंगे। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि वार्ड कमांक 35 में लगभग 17 करोड रुपए की लागत से 6 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया जायेगा। वार्ड क्रमांक 35 में साढे 11 करोड़ की लागत के नवीन पेयजल टंकी का भूमिपूजन किया जायेगा, इस टंकी के निर्माण होने पर 14 कालोनियों के लगभग 20 हजार से अधिक लोगों को पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। इसी प्रकार वार्ड 36 में ढाई करोड की लागत से 4 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा में करोडों की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृतियां प्राप्त हुई हैं।

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन



इंदौर। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किलाभवन, इंदौर में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी भाषा, साहित्य एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, गौरव एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित करना तथा हिंदी के व्यापक स्वरूप से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज चौहान के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा, उसके साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा वर्तमान समय में हिंदी की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने अपने आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि ह्लदेश की ताकत नौजवान हैं और देश की शोहरत भी नौजवानों से है ह्व उन्होंने कहा कि आज भाषा की सीमाएँ तेजी से समाप्त हो रही हैं और इंटरनेट क्रांति ने संचार को वैश्विक स्वरूप प्रदान कर दिया है। आज भाषा एक प्रकार से यूनिवर्सल हो गई है। इंटरनेट और तकनीक ने विभिन्न भाषाओं एवं संस्कृतियों के बीच संवाद को सहज बना दिया है। उन्होंने छात्राओं को अपनी मूल भाषा के प्रयोग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपनी भाषा में सहज होकर संवाद करना चाहिए।

नैनो न्यूज

- **देवास – बारिश की कमी से चिंता बढ़ी-** मालवा क्षेत्र में मानसून कमजोर रहने से जलस्रोत और खेती प्रभावित हैं। बारिश की कमी के बीच सिंचाई और पानी की चिंता बढ़ी।
- **शाजापुर – धिक्कार दिवस पर रैली निकली-** शाजापुर में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने रैली निकालकर विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।
- **सुसनेर – परिवहन सेवा से जुड़ी उम्मीदें-** प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू होने से छोटे शहरों और कस्बों को बेहतर बस कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है।
- **आगर – मुआवजे को लेकर किसानों का प्रदर्शन-** आगर-मालवा में फसल नुकसान और बीमा संबंधी मांगों को लेकर सैकड़ों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया।
- **रतलाम – बारिश की कमी से सिंचाई संकट-** रतलाम में सामान्य 35 इंच के मुकाबले करीब 23 इंच बारिश हुई। धोलावड़ बांध से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने पर रोक है।
- **मंदसौर – लापता युवक को लेकर परिवार परेशान-** नाहरगढ़ क्षेत्र में एक माह से लापता युवक की तलाश को लेकर पिता मोबाइल टावर पर चढ़ गए; आश्वासन के बाद नीचे उतरे।

प्रशासन ने शर्तों के साथ अनुमति देकर पलटकर देखना भी वाजिब नहीं समझा

लापरवाहीः शर्तों के साथ अनुमति, पंडालों से गायब अग्निशमन यंत्र

पांडालों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर चले आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री गणेश जी का 10 दिवसीय सामाजिक आयोजन शहर में हुआ। आयोजकों को इसके लिए प्रशासन से सशर्त अनुमति दी थी। इसके बाद आयोजन स्थलों को पलटकर देखना भी वाजिब नहीं समझा गया। पांडालों से सिरे से अग्निशमन यंत्र एवं सीसी टीवी गायब थे। सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर आयोजन किए गए। अगले माह शहर में माता स्थापना के आयोजनों भी क्या इसी असुरक्षा की स्थिति में होंगे और प्रशासन ऐसे ही सशर्त अनुमति जारी कर अपने काम की इतिश्री करेगा आमजन में यह सवाल उठ रहा है।

नगर निगम सीमा के अंतर्गत इस वर्ष 300 से अधिक स्थानों पर श्री गणेश प्रतिमा स्थापना की गई थी। 10 दिवसीय इस सामाजिक आयोजन में शहर के करीब 50 से अधिक स्थानों पर बडे पांडालों को लगाया गया था। यहां काफी सौंदर्यकरण एवं सजावट की गई थी। इसमें बिजली के यंत्रों का विशेष उपयोग किया गया था। इसके बावजूद यहां सुरक्षा मानकों को सिरे से ही नजरअंदाज किया गया। अधिकांश सजावट वाले पांडालों में सुरक्षा मानकों की सिरे से ही नजरअंदाजी की गई,जबकि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने बैठकों में साफ कहा था कि आयोजकों को सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। इस निर्देश के साथ ही अनुमति भी आयोजकों को सशर्त मिली थी। इसके बाद भी इस पर गौर नहीं किया गया। आयोजन स्थल पर पिछले 10 दिनों में अनुमति जारी करने वालों ने भी ध्यान नहीं दिया और निर्देश जारी करने वालों ने भी इसे पलटकर देखना वाजिब नहीं समझा।

पांडालों से सीसी टीवी भी नदारद

आयोजकों को स्पष्ट निर्देश थे कि उन्हें अपने पांडालों में सीसी टीवी कैमरा लगवाने होंगे और इसके साथ ही उन्हें सुरक्षा की व्यवस्था भी करने के लिए अपने वालेंटियरों को आयोजन स्थल पर नियुक्त करना होगा। यातायात व्यवधान को लेकर भी वालेंटियर लगाने होंगे। इसके बावजूद अधिकांश आयोजन स्थलों पर ये व्यवस्था पूरी तरह से गायब ही रही है। शाम से रात तक शहरी क्षेत्र के मुख्य भाग में आवागमन पूरी तरह से प्रभावित देखा जाता रहा।

बिजली के तार खुले रहे- स्थिति यह रही की पांडाल आयोजकों ने विद्युत सजावट तो करवा दी लेकिन उसमें विद्युत ठेकेदारों से पूरी तरह सुरक्षित स्थिति को भी नजरअंदाज किया गया। वायरों पर इंसुलेटेड टेप चिपका कर ही काम चला दिया गया। कई स्थानों पर वायरों के ज्वाईंट से स्पार्किंग होते रहे और आयोजन चलते रहे। गनीमत रही की आयोजन अंतिम दिवस शाम तक बगैर किसी विद्यून के संपन्न होते रहे।

भक्ति स्थल विरोध केंद्र बने

धर्मनगरी में गणेश उत्सव की धूम के बीच इस बार पंडाल केवल भक्ति के केंद्र नहीं, विरोध के मंच भी बन गए हैं। कई स्थानों पर पांडालों में लगे पोस्टरों में सिंहस्थ 2028 के नाम पर सड़क चौड़ीकरण में केवल मंदिरों को निशाना बनाने संबंधि बातें देखी गई।सिंहस्थ क्षेत्र में अतिक्रमण जैसे मुद्दे के पोस्टर भी देखे गए। बडा सराफा के खडे हनुमान मंदिर को यथास्थान रखने की मांग के पोस्टर भी इनमें रहे।

सुरक्षा मानकों में चूक,लगी आग-23 सितंबर की शाम को नीलगंगा थाना क्षेत्र की संतराम सिंधी कॉलोनी गली नं. 1 में श्री सम्राट नवयुवक मित्र मंडल द्वारा वैष्णोदेवी थीम पर सजाए गए 11 फीट के गणेश पंडाल में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। पंडाल और प्रतिमा जलकर खंडित हो गई। दमकल की 2 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया, गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी

एमपीपीएससी की 25 हजार रुपये लेट फीस जारी रहेगी

तय समय में आवेदन फार्म नहीं भरने का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा ली जा रही 25 हजार रुपये लेट फीस को मप्र हाई कोर्ट ने सही ठहराया है। परीक्षा आवेदन में ली जाने वाली इस लेट फीस को चुनौती देने वाली याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। यह याचिका मोहम्मद रिजवान ने दायर की थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि 10 मार्च 2026 को सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पद के लिए विज्ञापन जारी हुआ था। इसमें फार्म भरने की अंतिम तिथि आठ मई और शुल्क 500 रुपये तय था। नौ से 15 मई तक लेट फीस तीन हजार रुपये रखी गई और 16 मई से 23 सितंबर तक इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया। याचिकाकर्ता का तर्क था कि इतनी अधिक लेट फीस आर्थिक

उम्मीदवार देर से आवेदन जमा करने से बचे

याचिका के साथ राजस्थान, केरल और उप्र सहित अन्य आयोगों द्वारा ली जाने वाली अधिकतम फीस के नोटिफिकेशन भी प्रस्तुत किए गए। पीएससी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने याचिका निरस्त करने की मांग की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि आयोग ने जानबूझकर तीन हजार और 25 हजार रुपये की लेट फीस का प्रविधान किया है, ताकि उम्मीदवार देर से आवेदन जमा करने से बचें। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के पक्ष में कोई उचित आधार नहीं मिला। तय समय में आवेदन फार्म नहीं भरने का कोई ठोस कारण भी नहीं बताया गया। इसलिए बिना किसी ठोस आधार वाली इस याचिका को निरस्त किया जाता है।

पुलिस बैंड कांस्टेबल भर्ती में धांधली के नहीं मिले सबूत

- पुलिस कांस्टेबल (बैंड) के 679 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देते हुए प्रस्तुत याचिकाएं हाई कोर्ट ने खारिज कर दीं। कोर्ट ने मामले में सभी पक्षों को सुनकर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जो गुरुवार को जारी हुआ। कोर्ट ने कहा कि चयन प्रक्रिया में किसी तरह की अवैधता या पक्षपात सिद्ध नहीं हुआ है। कोर्ट चयन समिति के निर्णय के विरुद्ध अपील की तरह अभ्यर्थियों की तुलनात्मक योग्यता का पुनर्मूल्यांकन नहीं कर सकती।
- शासन ने पुलिस कांस्टेबल (बैंड) पद पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन बुलवाए थे। आवेदन करने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने चयन प्रक्रिया को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका कहना था कि उन्होंने चयन प्रक्रिया का पहला और दूसरा चरण सफलतापूर्वक पूरा किया, बावजूद इसके उन्हें तीसरे चरण यानी साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया।
- याचिका निरस्त करने की मांग करते हुए शासन की ओर से तर्क रखा गया था कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। 24 अगस्त 2026 को याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अंतिम परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी थी। बुधवार को न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले में सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जो गुरुवार को जारी हुआ।
- कोर्ट ने याचिका निरस्त करते हुए कहा कि कोर्ट विशेषज्ञ चयन समिति की जगह बैठकर अभ्यर्थियों की योग्यता का तुलनात्मक मूल्यांकन नहीं कर सकती। याचिकाकर्ता चयन प्रक्रिया में पक्षपात, धांधली या अनियमितता का कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं कर सके।

नानाखेडा बस स्टेण्ड के बाहर क्रेन का अवैध पार्किंग स्थल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ये हैरत करनेवाली बात है कि आमजन यदि चंद मिनट सडक पर वाहन खडा कर दे तो जुमार्ने की रसीद कट जाती है पर मुख्य सडक पर विशालकाय क्रेन बेरोकटोक घंटो पार्क की जाती हैं।शहर मे यातायात पुलिस की उदासीनता के चलते हर जगह रास्ते ब्लाक व जाम होते रहते हैं। सुबह सुबह इंदौर रोड से शहर मे प्रवेश करते ही नानाखेडा बस स्टेण्ड के बाहर खडी विशालकाय क्रेन स्वागत करती नजर आती हैं। पं दीनदयाल उपाध्याय बस स्टेण्ड के मुहाने पर कतारबद्ध खडी ये क्रेन यात्रियों को बस स्टेण्ड की ओर जाने के मध्य अवरोध बनती हैं। पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समीप खडी ये क्रेन सुबह सुबह इंदौर व देवास जानेवाले अपडाउनर्स के लिए भी मुसीबत का सबब बनती रहती हैं। पास ही वाहन स्टेण्ड है जहां अपडाउनर्स अपने दोपहिया वाहन पार्क करके बस पकडते हैं। प्रतिदिन इंदौर अपडाउन करनेवाले टीसीएस , इन्फोसिस कंपनी व कुछ विद्यालयों के स्टाफ की बसें या कार पं दीनदयाल की प्रतिमा के पास से स्टाफ को बैठाते हैं किन्तु इस स्थान का अधिकांश हिस्सा विशालकाय क्रेन मशीन घेरे रहती हैं। इस का खामियाजा यात्रियों को कई मर्तबा उठाना पडता है जब सडक पर खडे होने से दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं। पुलिस प्रशासन को शीघ्र संज्ञान लेकर कार्यवाही करना चाहिए।

लसूड़िया क्षेत्र में 30 वर्षीय शुभम पटेल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

5 महीने पहले हुई मारपीट और प्रेम प्रसंग का खौफनाक अंत

35 वर्षीय संगीता ने भी अपने आवास पर फांसी लगा ली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित सिंगापुर टाउनशिप (श्रीनाथ ग्रीन व्यू) में एक 30 वर्षीय युवक शुभम पटेल ने देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम एक अगरबत्ती कारखाने में कार्यरत था। घटना की रात वह करीब 12:30 बजे अपने घर पहुंचा और सीधे अपने कमरे में चला गया। कुछ समय पश्चात कमरे के भीतर से असामान्य आवाजें आने पर परिजनों ने रोशनदान से झांककर देखा, जहां शुभम फंदे पर लटका हुआ पाया गया। परिजनों द्वारा तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, परंतु हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। एमवाय अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शुभम का क्षेत्र की ही एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लगभग 5 महीने पूर्व युवती के पिता ने शुभम के साथ मारपीट की थी, जिसके पश्चात शुभम ने लसूड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पुलिस फिलहाल प्रेम प्रसंग व अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ा रही है। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट प्राप्त नहीं हुआ है। मृतक के परिवार में उसके माता-पिता तथा एक छोटा भाई शामिल हैं।

संगीता शराब के व्यसन से ग्रस्त थी

इसी क्रम में शहर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेरोद गांव में 35 वर्षीय संगीता (पति दिवंगत भरत राठौर) ने अपने आवास पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों के अनुसार संगीता शराब के व्यसन से ग्रस्त थी। उसके दो पुत्र हैं जो मकान निर्माण के कार्य से जुड़े हुए हैं। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। इसके अतिरिक्त एक अन्य दुर्घटना में सिमरोल क्षेत्र के 45 वर्षीय किसान दिनेश (पिता हिंदू सिंह) की शुक्रवार सुबह एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक घर के सामने रखे सरिए में पैर उलझ जाने के कारण दिनेश अचानक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

आयुर्वेद छात्रों का स्टाइपेंड के लिए हल्ला बोल

एमबीबीएस इंटर्न के बराबर 21 हजार 500 रुपए देने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय के बीएएमएस इंटर्न छात्र-छात्राओं ने स्टाइपेंड में समानता की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर छात्रों ने रैली निकालकर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाई। छात्रों का कहना है कि उन्हें वर्तमान में मात्र 9,300 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जबकि एमबीबीएस इंटर्न को 21,500 प्रतिमाह मिलते हैं।

छात्रों ने इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भेदभाव बताते हुए राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग के नियमों का हवाला दिया। उनका कहना है कि आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के इंटर्न छात्रों के स्टाइपेंड में अंतर नहीं होना चाहिए। छात्रों ने सरकार से एमबीबीएस इंटर्न के समान 21,500 स्टाइपेंड का लिखित आदेश जारी करने की मांग की है।

रैली और नुक्कड़ नाटक के दौरान छात्रों ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। छात्रों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।

डीलर 2 हजार क्विंटल एवं बल्क उपभोक्ता 10 मेट्रिक टन से ज्यादा शकर नहीं रख सकेगा

शक्कर के स्टॉक की अधिसूचनाएं लागू की गई

डीलर 30 दिन तथा बल्क उपभोक्ता 15 दिवस तक ही स्टॉक रख सकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाल ही में शक्कर के दामों में हुए बेहिसाब बढने एवं घटने के मामले में भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र क्रमांक 4407 दिनांक 19 अगस्त 2026 एवं राजपत्र क्रमांक 4907 दिनांक 03 सितम्बर 2026 में शक्कर के स्टॉक नियंत्रण हेतु अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि शक्कर डीलर 2 हजार क्विंटल एवं बल्क उपभोक्ता 10 मेट्रिक टन से ज्यादा शकर नहीं रख सकेगा।

मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुक्रम में ये प्रावधान जिला उज्जैन में भी लागू हैं।यह आदेश सरकारी खाते पर रखे गये स्टॉक तथा राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट डीलरों द्वारा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरण हेतु रखे गये स्टॉक पर लागू नहीं होगा।

भारत सरकार द्वारा जारी उक्त अधिसूचनाओं एवं मध्यप्रदेश शासन के पत्र के अनुसार शक्कर के डीलर तथा बल्क उपभोक्ता की अधिकतम स्टॉक सीमा निम्नानुसार निर्धारित की गई है– बल्क उपभोक्ता 19 अगस्त 2026 से अधिकतम स्टॉक सीमा 10 मीट्रिक टन निर्धारित की गई है। शक्कर के डीलर 15 सितम्बर 2026 से एक समय में अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 क्विंटल प्रवृत्त की गई है।

पोर्टल पर शक्कर का स्टाक बताना आवश्यक

उक्त परिपालन में सभी डीलरों के लिए खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर शक्कर के स्टॉक की स्थिति घोषित करना तथा नियमित रूप से अद्यतन करना अनिवार्य है।थोक/बल्क उपभोक्ता के अंतर्गत हलवाई, मिठाई विक्रेता, शीतल पेय निमार्ता, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आदि शामिल हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक, उज्जैन ने सभी संबंधित डीलरों एवं बल्क उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे भारत सरकार एवं राज्य शासन के उक्त निदेर्शों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें, ताकि बाजार में शक्कर की उपलब्धता सुव्यवस्थित रहे तथा किसी प्रकार की अनियमितता की स्थिति उत्पन्न न हो।

अधिसूचना के अनुसार डीलर अधिकतम 30 दिवस तक तथा बल्क उपभोक्ता अधिकतम 15 दिवस तक ही शक्कर का स्टॉक रख सकते हैं। अर्थात उक्त विहित अवधि के भीतर संधारित शक्कर के स्टॉक का निस्तारण/विक्रय किया जाना अनिवार्य होगा।

नियमों के अनुसार, शक्कर डीलर अधिकतम 30 दिन तक और बल्क उपभोक्ता अधिकतम 15 दिन तक स्टॉक रख सकेंगे। तय समय के भीतर संबंधित स्टॉक को बेचना जरूरी होगा। यानी तय सीमा और अवधि से ज्यादा शक्कर का भंडारण नहीं किया जा सकेगा।

सभी शक्कर डीलरों को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर अपने स्टॉक की स्थिति बताना और उसे नियमित रूप से अपडेट करना होगा। बल्क उपभोक्ताओं में हलवाई, मिठाई विक्रेता, शीतल पेय बनाने वाले और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आदि शामिल हैं।

यह आदेश सरकारी खाते में रखे स्टॉक और राज्य सरकार द्वारा नामित डीलरों की उचित मूल्य की दुकानों के जरिए वितरण के लिए रखे स्टॉक पर लागू नहीं होगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने सभी संबंधितों से निदेर्शों का पालन करने को कहा है, ताकि बाजार में शक्कर की उपलब्धता बनी रहे और गड़बड़ी न हो।

इंदौर भाजयुमो... डेढ़ साल से नगर अध्यक्ष की ताजपोशी अटकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष की घोषणा पिछले डेढ़ वर्ष से लटकी हुई है। स्थानीय विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के बीच सहमति न बन पाने से यह पद लंबे समय से रिक्त पड़ा है।

वर्तमान में 8 प्रमुख दावेदारों के नाम चर्चा में हैं, जिनमें मयूरेश पिंगले, अक्षांशु तिवारी, अमित पालीवाल, धीरज ठाकुर, अखिलेश राय 'निक्की, रोहित चौधरी, अक्षत चौधरी और जय राजदेव शामिल हैं। इनमें अधिकांश नाम सवर्ण और ओबीसी वर्ग से हैं, साथ ही कई दावेदार 32-33 वर्ष की तय आयु सीमा को पार कर चुके हैं।

इसी बीच वाल्मीकि समाज के सागर करोसिया ने अध्यक्ष पद पर दावेदारी कर सामाजिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठा दिया है। करोसिया का कहना है कि पार्टी में एससी-एसटी और वंचित वर्ग के जमीनी कार्यकर्ताओं को सिर्फ मोर्चों तक सीमित न रखकर मुख्य संगठन में भी अवसर मिलना चाहिए। जब इस संबंध में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर से मोबाइल पर संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो उनके सहयोगी ने उनका मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ व्यस्त होना बताया। अब प्रदेश नेतृत्व के सामने उम्र सीमा के पालन के साथ-साथ जनरल, ओबीसी और रउ-रळ वर्ग के बीच संतुलन साधते हुए डेढ़ साल से खाली पड़े पद पर फैसला लेने की चुनौती है।

न्यूज कालम



ईवीएम कमीशनिंग व सीलिंग प्रक्रिया संपन्न

आलीराजपुर,। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पंचायत उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) के अंतर्गत जनपद पंचायत सोंडवा के वार्ड क्रमांक 18 के उप निर्वाचन के लिए ईवीएम कमीशनिंग एवं सीलिंग की प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार संपन्न की गई। यह कार्रवाई रिटर्निंग अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सविता चौहान की उपस्थिति में की गई। ईवीएम कमीशनिंग एवं सीलिंग के दौरान निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए ईवीएम की आवश्यक जांच की गई। इस दौरान बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट की तैयारी, आवश्यक परीक्षण तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सविता चौहान ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम की कमीशनिंग एवं सीलिंग सहित निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया में निर्धारित मापदंडों एवं आयोग के दिशा-निदेर्शों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा, गोपनीयता एवं आवश्यक सावधानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

आज से शुरू होगा संजा पर्व, पुरानी लोक परंपरा धीरे-धीरे हो रही विलुप्त



बाग। सोलह श्राद्ध शुरू होते ही आज से मालवा और निमाड़ क्षेत्र का पारंपरिक संजा पर्व शुरू होगा। एक समय था जब घर की बेटियां और बालिकाएं इन दिनों का बेसब्री से इंतजार करती थीं। संजा पर्व में बेटियां घर के आंगन या दीवार पर गोबर से संजा बनाती थीं। उसे फूल-पत्तियों और दूसरी प्राकृतिक चीजों से सजाया जाता था। शाम को बेटियां और उनकी सहेलियां एकत्र होकर संजा के सामने लोकगीत गाती और पूजा करती थीं। पूरे सोलह दिनों तक संजा को अलग-अलग तरीके से सजाया जाता था। इससे घर-आंगन में उत्साह का माहौल बना रहता था। यह पर्व बेटियों के मनोरंजन के साथ-साथ हमारी पुरानी कला, लोकगीत और संस्कृति को आगे बढ़ाने का माध्यम भी था। समय के साथ यह परंपरा अब धीरे-धीरे कम होती जा रही है। पहले जहां कई घरों में संजा बनाई जाती थी, वहीं अब कुछ ही घरों में यह परंपरा देखने को मिलती है। बुजुर्गों का कहना है कि संजा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि मालवा-निमाड़ की लोक संस्कृति की पहचान है। नई पीढ़ी को इससे जोड़कर ही इस पुरानी परंपरा को जीवित रखा जा सकता है। आज से शुरू हो रहे संजा पर्व के साथ एक बार फिर घर-आंगन में संजा के गीत गूंजने और पुरानी लोक परंपरा के लौटने की उम्मीद है।

नगर से लेकर गांवों तक धूमधाम से निकली गणेश प्रतिमाओं की विदाई यात्रा



बाग। गणेश उत्सव के समापन अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उत्साह के साथ विसर्जन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद ढोल-मांदल एवं बैंडबाजो के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालु नाचते-गाते और गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे। नगर में भी गणेश मंडलों द्वारा आकर्षक शोभायात्राएं निकाली गईं। ढोल-ताशों और भक्ति गीतों की धुन पर युवा एवं श्रद्धालु जमकर झूमे। पूरे मार्ग में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। विसर्जन स्थल पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भक्तों ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी। दस दिवसीय गणेशोत्सव के समापन पर नगर और गांवों में भक्ति, उल्लास और भावुकता का माहौल देखने को मिला।

बीपीएल आवेदक से 3500 रुपए की मांग, 35 दिन बाद भेजा आरटीआई शुल्क नोटिस

सनावद/बड़वाह। जनपद शिक्षा केंद्र बड़वाह में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी को लेकर विवाद सामने आया है। सनावद निवासी एक बीपीएल आवेदक ने ब्राइट फ्यूचर एकेडमी, सनावद से संबंधित जानकारी के लिए 19 अगस्त को आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदक के अनुसार वह बीपीएल कार्डधारी है। आवेदक का आरोप है कि 30 दिन की निर्धारित अवधि बीतने के बाद जनपद शिक्षा केंद्र बड़वाह के लोक सूचना अधिकारी द्वारा पत्र क्रमांक 076, दिनांक 18 सितंबर के माध्यम से 3500 रुपए शुल्क जमा कराने को कहा गया। यह पत्र 21 सितंबर को स्पीड पोस्ट से भेजा गया और 23 सितंबर को प्राप्त हुआ। उसका कहना है कि बीपीएल आवेदक से शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए तथा निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में सूचना निःशुल्क दिए जाने का प्रावधान है।

साहू कांतिलाल राठौर को मिलेगा मध्यप्रदेश गौरव सम्मान

मंदसौर। नगर के वरिष्ठ एडवोकेट और पूर्व लोक अभियोजक साहू कांतिलाल राठौर को उनकी उत्कृष्ट विधिक सेवाओं एवं समाज सेवा के लिए मध्यप्रदेश गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्डवाईड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा 4 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित भारत अवार्ड समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विधि क्षेत्र में अपनी निष्पक्षता और निडरता के लिए पहचाने जाने वाले राठौर ने पूर्व में अपनी जान पर खेलकर १२ लोगों की जान बचाई थी, जिसके लिए उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

सेवा संकल्प अभियान में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित, सेवा कलश यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर मह ाविद्यालय, खंडवा में 24 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिताओं में जिले के 6 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता का विषय च्विकसित भारत और मेरा योगदानज रखा गया। प्रतियोगिता की प्रभारी डॉ. रीना मुजाल्दे रहीं। प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों एवं युवाओं की भूमिका, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक विकास तथा देश के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. मीना साल्वे एवं शबनम खान, संगीत महाविद्यालय उपस्थित रहीं। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों की विषयवस्तु, रचनात्मकता, प्रस्तुती करण एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के आधार पर मूल्यांकन किया गया।समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता का विषय भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिकाज रखा गया। प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. कमलेश कोचले रहे। प्रतिभागियों ने युवाओं की जिम्मेदारी, शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास, सामाजिक सहभागिता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाशक्ति के महत्व पर प्रभावी ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक श्री श्याम सुंदर तिवारी एवं गोविंद गुंजन सिंह रहे। निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों के विचारों, विषय की समझ, वक्तृत्व शैली के आधार पर प्रतियोगिता का मूल्यांकन होगा।

सेवा कलश यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत



बड़नगर से वाराणसी की ओर जा रही सेवा कलश यात्रा के आशापुर आगमन पर महाविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं लगभग 10 प्राध्यापकों ने पुष्पमाला एवं पुष्पवर्षा कर यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कुंवर विजय शाह, विधायक कंचन मुकेश तन्वे, निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। सेवा कलश यात्रा के स्वागत में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता ने सेवा, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सहभागिता एवं सांस्कृतिक एकता की भावना को अभिव्यक्त किया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गायन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में बुधवार को राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों सहित उपस्थित जनों ने एक स्वर में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। इसके साथ ही मनावर के निजी विद्योदय महाविद्यालय में भी विद्यार्थियों के बीच वंदे मातरम एक ही समय पर एक साथ गया। आयोजन को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किए जाने की प्रक्रिया से जोड़ा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मालवा के प्रांत प्रशिक्षण संयोजक डॉ. रविंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि एक भावना और स्वतंत्रता का पर्याय रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में यह देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करने वाला प्रमुख उद्घोष रहा। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में वंदे मातरम से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय क्रांतिकारी और राष्ट्रभक्त इसे गर्व के साथ दोहराते थे।

अवैध शराब के कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन – महेश पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ अलीराजपुर



आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने जिले में कथित अवैध शराब कारोबार, गुजरात से हो रही शराब की तस्करी तथा पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में छोटे और गरीब लोगों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि बड़े शराब कारोबारियों को कथित रूप से संरक्षण मिल रहा है।

महेश पटेल ने कहा कि अलीराजपुर जिले के सोरवा, चांदपुर, झाड़ोली, छकतला, अंधारकांच और कठ्ठीवाड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार संचालित होने की शिकायतें हैं। उनके अनुसार, गुजरात से आने वाले वाहनों के माध्यम से रात के समय शराब की आवाजाही हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में पुलिस और आबकारी विभाग की भूमिका की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है।

पुलिस और आबकारी विभाग की भूमिका पर उठाए सवाल

महेश पटेल ने आरोप लगाया कि सोरवा और चांदपुर थाना क्षेत्रों से शराब से भरे वाहन निकल रहे हैं और संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस और आबकारी विभाग की निगरानी में यह कारोबार चल रहा है, तो इसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक ओर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर जिले में बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। छोटे दुकानदारों और गरीब आदिवासियों को परेशान करने के बजाय बड़े शराब कारोबारियों के खिलाफ भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गान, 350 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



राष्ट्रगीत च्वंदे मातरम्ज के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में देशव्यापी च्नमामि भारतम्ज सामूहिक गान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बाग स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भी सामूहिक गान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय में करीब 350 विद्यार्थियों ने सुबह ठीक 11 बजे एक साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, आचार्यों एवं अतिथियों में राष्ट्रभक्ति का भाव देखने को मिला। देशभर में आयोजित इस अभियान के तहत सुबह 11 बजे 25 हजार विद्यालयों में एक करोड़ से अधिक भैया-बहनों, आचार्य-दीदियों, पूर्व छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा एक साथ च्वंदे मातरम्ज का सामूहिक गान किया गया। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.एस. बघेल ने की। विशेष अतिथि धर्मेंद्र ठाकुर बीआरसी बाग, मुख्य वक्ता कमलेश राठी सामाजिक समरसता, अध्यक्षता सालगराम पवार,मनोज कांग खंड संघ चालक बाग सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। अतिथियों का परिचय विद्यालय की प्राचार्य सुश्री यामिनी सोलंकी ने कराया। कार्यक्रम का संचालन पूनम बदलवा ने किया।



अगले बरस जल्दी आने की कामना को लेकर बाप्पा को दी विदाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

तिथियों की घट-बढ़ के चलते 11 दिन की भक्तिमय सेवा के बाद शुक्रवार को वो घड़ी आई, जब भक्तों ने अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश की मुर्तियों को विसर्जित किया। दोपहर बाद कुंदा तट पर मूर्ति विसर्जन का दौर शुरू हुआ। बाजे-गाजे के साथ विसर्जन चल समारोह निकाले गए। कुंदा तट पर कालिका माता मंदिर के सामने बने अस्थायी कुंड पर देर शाम तक विघ्नहर्ता भगवान गणेश को विदाई दी गई। हजारों श्रद्धालुओं ने गणपति बाप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ..के जयघोष के साथ नम आंखों से बाप्पा को विदा किया। कई श्रद्धालू नर्मदा तट पर भी मूर्तिया ले गए। प्रशासन की और से कुंदा तट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। पुलिस बल के जवान, होमगार्ड का दल तैनात रहा

तीन ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक अवकाश घोषित

खंडवा। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) के तहत जिले की संबंधित ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए मतदान 29 सितंबर को संपन्न कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन खंडवा श्री ऋषव गुप्ता द्वारा बताया गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर संबंधित पंचायत क्षेत्र में स्थित उद्योग, कारखाने, व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं दुकानों में कार्यरत मतदाताओं को मतदान का अवसर उपलब्ध कराने हेतु मतदान दिवस पर अवकाश घोषित किया गया है।



गणेश प्रतिमा का कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया विसर्जन

आलीराजपुर। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, आलीराजपुर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थापित भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने गणेश जी की आरती कर श्रद्धापूर्वक प्रतिमा का विसर्जन किया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री सुमेर सिंह सोलंकी की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय पर भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में भगवान श्री गणेश जी की विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के नेतृत्व में गणेश प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक विसर्जन के लिए ले जाया गया।

नुक्कड़ नाटक के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

खंडवा । "सेवा से संकल्प अभियान" के अंतर्गत 19 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक सेवा कार्यों के संबंध में देश में आए सकारात्मक बदलावों की कहानियों का प्रस्तुतिकरण विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, तथा नुक्कड़ नाटक जिला स्तर पर किया जाना है। कलेक्टर श्री ऋषभ गुप्ता ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीक्षा भगोरे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के समन्वय के लिए नट निर्माण कला समूह मंच संस्कार सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष श्री विजय सोनी को नियुक्त किया गया है।



कालिंदी कुंज में गणेशोत्सव पर बही भक्ति की बयार, पुरस्कृत हुई बाल मंडली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

शहर की कालिंदी कुंज कॉलोनी में कालिंदी कुंज सेवा समिति के तत्वावधान में गणेशोत्सव पर भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कॉलोनी के नागरिकों, महिला मंडल और बच्चों ने देर रात तक सुमधुर भजनों के बीच सुंदरकांड की चौपाईयों का आनंद लिया। इस आयोजन में सुंदरकांड का पाठ श्याम सेन और बालाजी रामायण मंडली के सदस्यों ने प्रस्तुत किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान जय जय श्री राम और हनुमान जी की जय.. के जयकारों से कॉलोनी का वातावरण भक्तिमय हो गया।

समिति अध्यक्ष प्रकाश वारिया ने बताया श्री गणेश विसर्जन की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में 10 दिवसीय उत्सव के दौरान हुए विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को समिति ने उपहार दिए।

सचिव कमलेश भोकर, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह डुडवे, समिति सदस्य खेमराज बुंदेले, विनोद पटेल, राकेश बर्डे, हिमांशु बुंदेले, ऋषि भोकरे, लखन तिवारी सहित महिला मंडल और कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सुंदरकांड वाचक और भजन मंडली को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतिदिन शाम की आरती में सहयोग के लिए प्रणव गौतम तिवारी और सुबह की आरती में सहयोग के लिए मीणा शर्मा को भी समिति ने स्मृति चिह्न और देकर सम्मानित किया।

सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ देशव्यापी वंदे मारतम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वें वर्ष के अहम पड़ाव को एक ऐतिहासिक और यादगार पल बनाने के लिए शहर की बीटीआई रोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में शुक्रवार को नमामि भारतम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद गजेंद्र पटेल की उपस्थिति में विद्यार्थी, आचार्य, अभिभावक व जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, भाजपा नेताओं सहित आम नागरिको ने एक साथ सम्पूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया।

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा नमामि मातरम् कार्यक्रम के तहत आयोजित इस अनूठे कार्यक्रम के सैंकड़ों लोग साक्षी बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी सांसद पटेल थे। अध्यक्षता क्रांतिसूर्य टंट्या भील यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. मोहनलाल कोरी ने की। कार्यक्रम संयोजक प्रतीक अग्रवाल एवं सुभाष बड़ोले भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान, वनवासी कल्याण परिषद के कालूसिंह पथरोड़, आशीष गुजराथी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और आमजनों ने एक स्वर में सावधान की मुद्रा में सम्मान के साथ सामूहिक राष्ट्रगीत गाया। आयोजन की विशेषता रही कि यह आयोजन समूचे देश में एक साथ एक समय पर हुआ।

कार्यक्रम को कुलपति कोरी ने भी संबोधित किया। बाल कल्याण समिति सचिव डॉ. दीपक दशोरे ने सुबह-शाम राम का नाम होना चाहिए, रोज-रोज वंदे मातरम् का गान होना चाहिए, रचनाएं सुनाकर कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का संचालन संगीता शर्मा एवं नेहा चौहान ने किया।

वासुपूज्य भगवान के निर्वाण महोत्सव पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

सनावद/धरगांव। दशलक्षण पर्व के समापन अवसर अनंत चतुर्दशी पर धरगांव के जिनालय में दिनभर धर्म, भक्ति और आस्था का संगम देखने को मिला। अभिषेक, शांतिधारा के साथ दशलक्षण पर्व के अंतिम धर्म उत्तम ब्रह्मचर्य की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसी अवसर पर १२वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य के निर्वाण महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से निर्वाण लाडू अर्पित कर पुण्यार्जन किया। प्रथम कलश का सौभाग्य महावीर धर्मेंद्र जैन (गोगावा) परिवार को मिला, जबकि शांतिधारा नरेंद्र कुमार सुमेरचंद जैन (गोगावा) ने की। प्रथम निर्वाण लाडू पुष्पेंद्र कुमार राजेंद्र जैन ने अर्पित किया।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई- निविदा सूचना

ई-निविदा क्रं.: M-DL-EL91-621704-R4 • **कार्य का नाम:** 02 साल की अवधि के लिए लोकोमोटिव केयर सेंटर रतलाम (LCC-RTM) में बोगी फ्रेम और उसके पार्ट्स को डिस्कनेक्ट करना, खोलना और साफ करना, साथ ही पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोको के ट्रैक्शन मोटर्स को खोलना, साफ करना और छोटी-मोटी मेंटेनेंस करना। • **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 64,67,506.64/- (सभी करों सहित), अर्थात रु. चौसठ लाख सड़सठ हजार पाँच सौ छह एवं चौसठ पैसे मात्र। • **बयाना राशि:** रु.1,29,400/- (रु. एक लाख उनतीस हजार चार सौ मात्र) • **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निशुल्क • **कार्य की अवधि:** 24 माह • **ऑफर की वैधता:** 60 दिन • **निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 14.10.2026, 15:00 बजे तक • **निविदा खोलने की तिथि:** 14.10.2026, 15:30 बजे • **वेबसाइट विवरण:** यह टेंडर वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा निविदाकार का **IREPS** पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। उक्त ई-टेंडर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते हैं। निविदा प्रक्रिया में भाग लेते समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। V/0269

Like us on: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

लिंक पर क्लिक करते ही खाते से निकले 34 हजार

उज्जैन। देवासरोड अभिलाषा कालोनी में रहने वाले कौशलेन्द्र पिता हेमेन्द्रसिंह खिंची की इंस्टाग्राम एप्लीकेशन पर पीएस-5 गेमिंग सीपीयू के एड की लिंक आई थी। जिसमें 34 हजार 500 रुपए कीमत लिखी थी। लिंक पर क्लिक करते ही कौशलेन्द्र के वाट्सएप पर डायरेक्ट प्रोडेक्ट से संबंधित मैसेज आने लगे। मैसेज 9129857651 नम्बर से आ रहे थे। कुछ देर बाद यूपीआई के माध्यम से 34 हजार 500 का ट्रांजेक्शन कर लिया गया। 13 अगस्त को हुये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर दर्ज कराई। जहां से मामला नागझिरी थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने मामले में मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पिछले कुछ माह से ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों का ग्राफ काफी बढ़ गया है। साइबर फ्रॉड करने पर मोबाइल हैक कर खातों से राशि का ट्रांजेक्शन कर रहे है। पुलिस अब तक धोखाधड़ी करने वाला का पता नहीं लगा पाई है।

शराब पीने के बाद भिड़ें युवक, क्रास प्रकरण दर्ज

उज्जैन। इंदिरानगर में 90 क्वार्टर क्षेत्र में रहने वाले निखिलेश उर्फ गोलू पिता जगदीशचंद्र शर्मा ने पदमावती एवेन्यू में रहने वाले विनित पिता भोलेशंकर माली के साथ शराब पी। दोनों के बीच नशे में गाली-गलौच शुरू हो गई। दोनों एक-दूसरे से भिड़ गये और ताल-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। मामला चिमनगंज थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

74 साल की महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

उज्जैन। नागझिरी थाना क्षेत्र के महालक्ष्मीनगर में रहने वाली 74 वर्षीय रामकुवंर बाई पति स्व. रामरतन सोलंकी को परिवार के लोग शुक्रवार शाम चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां सामने आया कि बुजुर्ग महिला ने जहरीला पदार्थ खाया है। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल बुजुर्ग महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

दुर्घटना में घायल 3 साल के बालक की मौत

उज्जैन। आगर का रहने वाला परिवार महिदपुर रोड पर मजदूरी करने गया था। जहां माता-पिता काम के बाद खाना खाने बैठे थे। उनका 3 साल का पुत्र कार्तिक पिता दिनेश जमादार खेलते खेलते कुछ दूर चला गया। उसी दौरान तेजगति से आई कार ने उसे कुचल दिया। माता-पिता उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में 2 दिन चले उपचार के बाद शुक्रवार को बालक की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बालक का शव परिजनों को सौंपा है। मामले की जांच महिदपुर रोड थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

नागदा के 2 आरोपियों पर पीट एनडीपीएस की कार्रवाई

उज्जैन। मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल 2 आरोपियों के खिलाफ नागदा पुलिस द्वारा पीट एनडीपीएस एक्ट कार्रवाई की प्रक्रिया समक्ष प्राधिकारी के सामने प्रस्तुत की थी। दोनों आरोपियों की गतिविधियों को देखते हुये उन्हे एक वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि आरोपियों में आसिफ पिता आशिक मंसूरी 32 वर्ष, निवासी जनमेजय मार्ग नागदा और जुबैर पिता फिरोज मेव 28 वर्ष निवासी चेतनपुरा, नागदा है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज थे। उन्हे पूर्व में नशे के कारोबार से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद दोनों लगातार अवैध नशे का कारोबार कर रहे थे। दोनों के खिलाफ की गई कार्रवाई में एसआई वीरेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रितेश बोरिया, राजेश चंदेल, रोहित मालवीय, आरक्षक मिथुन प्रजापति का सहयोग रहा। पीट एनडीपीएस एक्ट निवारक निरोध का कानून है जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लगे व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से रोकना है।

पैसे नहीं देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी

उज्जैन। चिंतामण ब्रिज के नीचे अजय पिता गोपाल पडियार निवासी पटेल नगर, राहुल पिता गंगाराम वर्मा भरपुर राजस्थान और सूरज पिता महेन्द्रसिंह ठाकुर निवासी नगर कोट फाजलपुर का रास्ता रोक बदमाश ने अवैध तरीके से रूपयों की मांग की। तीनों ने विरोध किया और पैसे देने से मना किया तो बदमाश ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चिंतामण थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज किया है। अजय पडियार ने बताया कि वह बदमाश को चेहरे से पहचानते है। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज देख बदमाा का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

दिन	156-2	133-7	
मैन बजार	570-2	158-4	
कल्याण नाईट	190-0	127-0	
मिलन डे	470-1	369-8	
मिलन नाईट	124-7	780-5	
मधुर डे	124-7	780-5	
मधुर नाईट	360-9	679-2	
शुभांक	**2**	**6**	**9**

अनंत चतुर्दशी पर निकला झिलमिल झांकियों का कारवां

नगर निगम एवं पीएचई विभाग की चार झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शुक्रवार की मध्यरात्रि शहर में परंपरागत झिलमिल झांकियों का भव्य कारवां निकाला गया। धार्मिक आस्था, संस्कृति और पारंपरिक कला से सजी इन झांकियों ने शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। नगर निगम द्वारा भी वर्षों से चली आ रही झांकियों की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी आकर्षक एवं संदेशपरक झांकियों का निर्माण किया गया। नगर निगम द्वारा दो तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा दो, कुल चार झांकियों का निर्माण किया गया। आकर्षक विद्युत सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी और धार्मिक प्रसंगों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ सजी चारों झांकियां अनंत चतुर्दशी के झांकी जुलूस में विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर निगम द्वारा तैयार की गई झांकियों में भगवान नृसिंह अवतार की भव्य झांकी तथा तीनों लोकों के देवताओं को नृत्य करते हुए दशार्ती झांकी शामिल रही। धार्मिक प्रसंगों को आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत करने के कारण इन झांकियों ने नागरिकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। पीएचई विभाग द्वारा भगवान श्री हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने तथा मां महाकाली के रौद्र स्वरूप पर आधारित झांकियों का निर्माण किया गया। दोनों झांकियों में धार्मिक भावनाओं एवं पौराणिक प्रसंगों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। रात्रि में झिलमिलाती रोशनी के बीच निकली इन चारों झांकियों ने शहर की पारंपरिक झांकी संस्कृति को जीवंत करते हुए अनंत चतुर्दशी के उत्सव में विशेष रंग भर दिया। बड़ी संख्या में नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने झांकियों का अवलोकन कर उनकी भव्यता एवं आकर्षक प्रस्तुति की सराहना की।

रिमांड पर अमानत में खयानत करने वाला आरोपी

परिचित को झांसा देकर ठिकाने लगाई थी स्कार्पियों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक माह पहले परिचित को झांसा देकर उसकी स्कार्पियों ठिकाने लगाकर अमानत में खयानत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिससे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर ठिकाने लगाई गई स्कार्पियों बरामद की गई है।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि 19 अगस्त को वल्लभनगर में रहने वाले उदित पिता कृष्णकांत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह प्रायवेट जॉब करता है। उसकी स्कार्पियों परिचित फैजान पिता मोहम्मद शाह निवासी इंदौर लेकर गया था। उससे गाड़ी वापस मांगी तो उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। गाड़ी नहीं मिलने पर पता लगाया गया तो सामने आया कि उसने पांच लाख में स्कार्पियों बेच दी है। मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। कई जिलों में दबिश देने के बाद रतलाम से उसे गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसकी निशानेदही पर मंदसौर में बेची गई स्कार्पियों बरामद की गई है। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

पूर्व में कर चुका है लोगों से धोखाधड़ी

बताया जा रहा है कि आरोपी काफी शातिर है, वह पूर्व में भी कई जिलों में धोखाधड़ी कर चुका है। आरोपी अपना ठिकाना भी बदलता रहता है और ऐसे लोगों से पहचान बनाता है, जिनको वाहन बेचने, खरीदने की जरूरत होती थी। उदित की पूर्व में पहचान हुई थी। उस दौरान आरोपी ने वाहनों की खरीदी ब्रिकी का डीलर होना बताया था। उदित ने उसे स्कार्पियों बेचने की बात कहीं थी। उसने अच्छे भाव में बिकवाने का झांसा दिया था और ग्राहक को दिखाने के बहाने ले गया था।

फर्जी पुलिस आईडी का करता था उपयोग

बताया जा रहा है कि आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके पास फर्जी पुलिस का आईडी कार्ड मिला है। जिसका उपयोग वह हाइवे पर टोल नाकों पर करता था और वाहन बिना टैक्स चुकाये निकाल लेता था। पुलिस उसके साथियों का भी पता लगा रही है। लेकिन वह अकेला ही अमानत में खायनत करना बता रहा है। पुलिस उसका अपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है।

पति के साथ मायके में रहने वाली महिला ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पति के साथ चार साल से मायके में रहने वाली महिला ने गुरूवार-शुक्रवार रात फांसी लगा ली। बच्चों ने नाना-नानी को घटनाक्रम बताया। पति घर पर नहीं था उसे बुलाया गया तो वह नहीं आया। मृतिका के माता-पिता ने पति पर विवाद करने का आरोप लगाया है।

मक्सीरोड मोरूखेड़ी में रहने वाली कविता पति शिवशंकर चंदेल 28 साल ने रात में घर में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। उसके 2 बच्चे घर पर थे उन्होने मां का देखा तो कुछ दूरी पर रहने वाले नाना-नानी को घटना की जानकारी दी। बच्चों का मामा दिनेश और कविता के पिता धर्मेन्द्र घर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने विवेचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा। शुक्रवार सुबह मृतिका के पिता धर्मेन्द्र ने बताया कि बेटी का विवाह देवास में किया था। लेकिन ससुराल में विवाद के चलते चार साल पहले 2 बच्चों को लेकर मायके आ गई थी। उसका पति भी उसके साथ रहने उज्जैन आ गया था और घर जमाई बन गया था। वह मजदूरी करता है लेकिन आये दिन बेटी से विवाद करता रहता था। रात में उसे बुलाया गया लेकिन बच्चों को छोड़कर भाग निकला था। सुबह तक उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले में जांच की बात कहीं है।


होटल की छत पर लटका मिला युवक

योग माया माता मंदिर के पास होटल स्वागत की तीसरी मंजिल स्थित छत पर गुरूवार रात शंकर पिता संतोष चौहान 28 साल चादर के फंदे पर लटका मिला। रवि गोमे ने उसे देखा और खाराकुआ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि होटल मृतक के परिवार की है, वह देखरेख करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। रवि गोमे ने बताया कि शंकर जमानत पर जेल से रिहा हुआ था। उसे हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसने फांसी क्यों लगाई इसका कारण पता नहीं है। पुलिस के अनुसार मृतक का मोबाइल जप्त किया गया है। घटनाक्रम से पहले उसने किस-किस से बातचीत की है इसकी डिटेल खंगाली जायेगी।

प्रतिमा विसर्जित करने आया युवक उंडासा तालाब में डूबा

होमगार्ड की टीम ने सर्चिंग के बाद निकाला शव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



बापूनगर का रहने वाला युवक उंडासा तालाब पहुंचा था और गणेश विर्सजन स्थल से दूर अपनी प्रतिमा विसर्जित करने पहुंच गया। जहां वह नहाने के लिये तालाब में उतर गया और गहरे पानी में जाने से डूब गया। युवक के डूबने की खबर मिलने पर होमगार्ड की टीम सर्चिंग के लिये पहुंची। कुछ घंटे बाद शव निकाला गया।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि उंडासा तालाब पर सैकड़ो की संख्या में शुक्रवार को शहरवासी गणपति बप्पा को विदाई देने के लिये सुबह से पहुंचना शुरू हो गये थे। पुलिस के साथ होमगार्ड की टीम सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिमा विसर्जन करा रहा थी। उसी दौरान दोपहर में खबर सामने आई कि तालाब के दूसरे छोर पर एक युवक डूब गया है। पुलिस मौके पहुंची डूबे युवक की तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। शाम 5.30 बजे के लगभग होमगार्ड टीम ने युवक को बाहर निकाल लिया। उसकी मौत हो चुकी थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। युवक का नाम सागर उर्फ गोलू पिता रमेश कटियार निवासी पंवासा हाल मुकाम बापूनगर सामने आया है। पुलिस के अनुसार युवक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि युवक प्रतिमा विसर्जित करने के बाद कपड़े उतारकर नहाने के लिये तालाब में उतर गया था। उसके साथ एक युवती थी, जो प्रतिमा विसर्जन के बाद चली गई थी।

कड़ाव में किया मिट्टी के श्रीगणेश का विसर्जन, पौधों में सींचा जल

उज्जैन। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महा आयोजन समिति ने शास्त्रोक्त विधि के साथ पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया। समिति के संयोजक और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के नेतृत्व में विधायक कार्यालय में स्थापित मिट्टी की गणेश प्रतिमा का विधिवत पूजन कर ईको फ्रेंडली तरीके से विसर्जन किया गया। समिति द्वारा प्रतिमा का विसर्जन एक कड़ाव में किया गया और मूर्ति के घुलने के बाद उस पवित्र जल को पौधों में सींचा गया। समिति पिछले 12 वर्षों से मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना और पर्यावरण अनुकूल विसर्जन की इस परंपरा का निर्वहन कर रही है। आयोजन समिति का मानना है कि मिट्टी से निर्मित घुलनशील प्रतिमाओं का पूजन और विसर्जन ही वेदोक्त विधि को पूर्ण करता है।

पर्युषण पर्व के समापन पर निकली श्रीजी की शोभायात्रा, जगह-जगह हुई आरती

उज्जैन। पर्वराज पर्युषण की दस दिवसीय धार्मिक आराधना के समापन पर अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर नमकमंडी जिनालय से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रजत बेदी में विराजमान श्रीजी की शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जहां रास्ते भर समाजजनों ने आरती व पूजन कर द्रव्य अर्पित किए।

पेड़ पर लटकी मिली ग्रामीण युवक की दो दिन पुरानी लाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

परिवार जिसे 2 दिनों से तलाश कर रहा था उसकी शुक्रवार को पेड़ पर लटकी लाश मिलना सामने आया है। आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट लिखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर जांच में लिया है।

घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि गुरूवार को नजरपुर में रहने वाले देवीलाल पिता बालाराम 55 साल के 2 दिनों से लापता होने की शिकायत परिजनों ने दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने नजरपुर में राजूपत परिवार के खेत के पास पेड़ से देवीलाल की लाश को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। शव 2 दिन पुराना हो चुका था। उसे फंदे से उतारा गया। देवीलाल के फांसी लगाने की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर आ गये थे। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी तो उसके पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसके बेटे के जेल में होने से परेशान होकर फांसी लगाने की बात लिखी गई थी। पुलिस ने बताया कि मृतक के बेटे की जिस लड़की से शादी होना था उसने कुछ महिनों पहले आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक के बेटे द्वारा लड़की को शादी करने से मना कर दिया था। जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया था। पुलिस ने मामले में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेकर बयान दर्ज किये जायेगें उसके बाद आगे की विवेचना को पूरा किया जायेगा।

उत्तम ब्रह्मचर्य की आराधना के साथ पर्युषण महापर्व संपन्न

उज्जैन। दशलक्षण पर्युषण महापर्व के दसवें और अंतिम दिन शहर के जैन मंदिरों में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की गई। श्री महावीर तपोभूमि और सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और चल समारोह का भव्य आयोजन हुआ। आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी महाराज ने अपने संदेश में बताया कि क्षमा ही धर्म का सार और आत्मा का सच्चा श्रृंगार है।

पर्युषण पर्व के समापन के बाद अब समाजजनों द्वारा सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया जाएगा श्री महावीर तपोभूमि पर ब्रह्मचारिणी प्रभा दीदी के सानिध्य में चल रहे श्रावक संस्कार शिविर में शुक्रवार को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गई।

MSME
Development & Facilitation Office
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
विकास आयुक्त (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम)
एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, इंदौर

NATIONAL LEVEL WORKSHOP/SEMINAR ON PMS SCHEME
Viksit Madhya Pradesh@2047 through Export

भारत सरकार एमएसएमई मंत्रालय विकास आयुक्त कार्यालय एमएसएमई-डीएफओ, इंदौर के द्वारा उद्योग संचालनालय मध्यप्रदेश (एमएसएमई विभाग) भोपाल एवं जिला प्रशासन रतलाम के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला/सेमिनार का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है :-

कार्यक्रम दिनांक - 30 सितंबर 2026 (बुधवार) प्रातः 10:00 बजे से
कार्यक्रम स्थल - वैशाली गार्डन, 80 फीट रोड, रतलाम, मध्यप्रदेश ।
प्रतिभागिता - एमएसएमई / एक्सपोर्ट इकाई/स्टार्टअप (अधिकतम 100 सीट्स)

कार्यक्रम में भाग लेने हेतु समस्त प्रतिभागी कृपया जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रतलाम में उद्यम रजिस्ट्रेशन की जानकारी सहित दिनांक 29.09.2026 तक अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें ।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों के माध्यम से एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई विभाग मध्यप्रदेश, डीजीएफटी, पश्चिम रेलवे, जेम, डाक निर्यात केंद्र, भारतीय पैकेजिंग संस्थान, फिओ, लीड बैंक, जेड, भारतीय मानक कार्यालय, रैंप से सम्बंधित विभिन्न अधिकारियों एवं अनुभवी फैकल्टी द्वारा जानकारी प्रदान की जाएँगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें - श्री विकास, सहायक निदेशक (मो. नंबर - 9728591832) एवं श्री अभिमन्यु शर्मा (मो. नंबर - 7389016606)

आयोजक
संयुक्त निदेशक / कार्यालय प्रमुख
एमएसएमई विकास कार्यालय
10, पोलोग्राउंड, औद्योगीक इंदौर
ईमेल : dcdi-indore@dcmsme.gov.in

सह-आयोजक
महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र
आनंद कॉलोनी, समता नगर, रतलाम
ईमेल : gmirat@mp.nic.in

CBC 25113/11/0047/2627



दूजे आंख से देखना

अष्टावक्र (प्रसिद्ध मुनि) ने कहा है, तू सबका एक द्रष्टा है और सदा सचमुच मुक्त है। तेरा बंधन यही है कि तू अपने को छोड़ दूसरे को द्रष्टा देखता है। यह बहुमूल्य सूत्र है। इसके एक-एक शब्द को ठीक से समझें। साधारणतः हमें अपने जीवन का बोध दूसरों की आंखों से मिलता है। हम दूसरों की आंखों का दर्पण की तरह उपयोग करते हैं। इसलिए हम द्रष्टा को भूल जाते हैं और दृश्य बन जाते हैं। स्वाभाविक भी है। छोटा सा बच्चा पैदा हुआ। उसे अभी अपना कोई पता नहीं। वह दूसरों की आंखों में झांककर ही देखेगा कि मैं कौन हूं?

अपना चेहरा तो दिखाई पड़ता नहीं, दर्पण खोजना होगा। जब तुम दर्पण में अपने को देखते हो, तब तुम दृश्य हो गए, द्रष्टा नहीं रहे। तुम्हारी अपने से पहचान ही कितनी है? उतनी, जितना दर्पण ने कहा। मां कहती है, बेटा सुंदर है, तो बेटा अपने को सुंदर मानता है। शिक्षक कहते हैं स्कूल में कि बुद्धिमान हो, तो व्यक्ति अपने को बुद्धिमान मानता है। कोई अपमान कर देता है, निंदा कर देता है, तो निंदा का स्वर भीतर समा जाता है। इसलिए तो हमें अपना बोध बड़ा भ्रामक मालूम होता है, क्योंकि यह अनेक स्वरों से, विरोधी स्वरों से मिलकर बना है। किसी ने कहा तुम सुंदर हो और किसी ने कहा, तुम और सुंदर? शक्ल तो देखो आईने में! दोनों स्वर भीतर चले गए, द्वंद्व पैदा हो गया। किसी ने कहा, बड़े बुद्धिमान हो; और किसी ने कहा, तुम जैसा बुद्धू आदमी नहीं देखा। दोनों स्वर भीतर जुड़ गए। बड़ी बेचैनी पैदा हो गई। बड़ा द्वंद्व पैदा हो गया। इसीलिए तो तुम निश्चित नहीं हो कि तुम कौन हो? इतनी भीड़ तुमने एकत्र कर ली है मतों की! इतने दर्पणों में झांका है और सभी दर्पणों ने अलग-अलग खबर दी। दर्पण तुम्हारे संबंध में थोड़े ही खबर देते हैं, वे तो अपने संबंध में बताते हैं। तुमने दर्पण देखे होगे, जिसमें तुम लंबे हो जाते हो, मोटे हो जाते हो। ऐसे दर्पण देखे होगे, जिसमें तुम अतिसुंदर दिखने लगते हो; दर्पण देखे होगे, जिसमें तुम अति-कुरूप हो जाते हो, अष्टावक्र हो जाते हो। दर्पण में जो झलक मिलती है, वह तुम्हारी नहीं है। दर्पण के अपने स्वभाव की है। विरोधी बातें इकट्ठी होती चली जाती हैं। इन्हीं विरोधी बातों के संग्रह का नाम तुम समझ लेते हो- मैं हूं। लोकमत का कितना भय होता है? कहीं लोग बुरा न सोचें। कहीं ऐसा न समझ लें कि मैं मूढ़ हूं। कहीं ऐसा न समझ लें कि मैं असाधु हूं, क्योंकि लोगों द्वारा ही हमने अपनी आत्मा निर्मित की है।

गुर्जिएफ (रूसी दार्शनिक) कहता था, अगर आत्मा को जानना है, तो तुम्हें लोगों को छोड़ना होगा। ठीक कहता था। सदियों से गुरुओं ने भी यही तो कहा है- खुद को पहचानना है, तो दूसरों की आंखों में देखना बंद करना होगा।

सम्पादकीय

घेरे में चुनाव आयोग

भारतीय चुनाव आयोग का एक बार फिर गंभीर विवादों में उलझना अफसोसजनक है। आयोग पर आलोचनाओं की बौछारें हो रही हैं। विपक्ष तरह-तरह के आरोपों के साथ जिस तरह से आक्रामक हुआ है, उसे समझना कठिन नहीं है। मतदाता सूची पुनरीक्षण विवाद की एक बड़ी वजह है और बीते महीनों में इससे जुड़े करीब 40 ऐसे फैसले हैं, जिनसे आयोग के कामकाज में बदलाव आए होंगे। आयोग में आयुक्तों के बीच परस्पर समन्वय के अभाव से चिंता बढ़ गई है। हालांकि, जब किसी आयोग में तीन सदस्य होंगे, वहां असहमति की आशंका से कभी इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, मुख्य चुनाव आयुक्त में इतनी व्यावहारिक बढ़त होती है कि वह आयोग के फैसले को अपने ढंग से प्रभावित कर सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भी कुछ फैसलों को प्रभावित किया हो, तो आश्चर्य नहीं। अब जब अनेक शिकायतें चर्चा में हैं, तब सच-झूठ की पड़ताल होनी चाहिए, लेकिन इसका तरीका क्या होगा? कौन करेगा पड़ताल? क्या आयोग के ऊपर भी कोई संस्था है? क्या सर्वोच्च न्यायालय जांच करा सकता है? कोई दोराय नहीं, संविधान के दायरे में चुनाव आयोग के कामकाज को नई रोशनी में परखने के लिए हर मुमकिन कदम उठने चाहिए।

सवाल मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ ही, अन्य दो चुनाव आयुक्तों की अब तक चुप्पी पर भी उठ सकते हैं। विपक्षी दल लगातार शिकायतें करते आ रहे हैं, उनकी शिकायतें भले ही उन राज्यों में हुए चुनावों को लेकर होंगी, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा है, फिर भी उनके आरोपों की जांच का वक्त आ गया है। चुनाव आयोग के प्रति देश-दुनिया में जो अविश्वास का माहौल बना है, उसे जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है। स्वयं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के लिए यह विवादित स्थिति त्रासद है। सबसे अच्छा तो यही होगा कि मुख्य चुनाव आयुक्त एक-एक आरोप का प्रमाण के साथ जवाब दें। पुनरीक्षण के संबंध में अगर परंपरा से हटकर फैसले लिए गए हैं, तो उनकी जरूरत देश को समझ में आनी चाहिए। इतना तो तय है कि ज्ञानेश कुमार अगर जवाबदेही सुनिश्चित नहीं करेंगे, तो विपक्ष की आक्रामकता दिनोंदिन बढ़ती चली जाएगी। राहुल गांधी के तीखे आरोपों और उस पर भाजपा के दोटूक जवाब से ही समाधान नहीं हो पाएगा। बिगड़ते हालात को आयोग मामूली न माने। वह स्वयं आगे आकर ऐसी तल्ख सियासत को रोके, तो ज्यादा बेहतर होगा।

यथार्थ से परिचय कराता पर्व

संजा: प्रेम ,एकता और सामंजस्य का सृजन करती

लोककलाओं की संस्थाए में बड़ी संख्या में लड़कियाँ एकत्रित होकर संजा बनाती है। छत्तीसगढ़ ,बुंदेलखंड क्षेत्र में लड़किया झाड़ की पत्तियाँ को विशेषकर नीबू को ओढ़नी उड़ाकर फूलों से सहेजने की प्रक्रिया को वे मामुलिया बोलते है पर्व मनाते है।लोक गीतों और कलाकृतियों को बचाने में कई स्थानों पर संजा उत्सव संस्थाए पुनीत और प्रेरणादायी कार्य कर रही है। जो की प्रशंसनीय है। तिथिवार कलाकृतियों के नाम क्रमशः पुनम का पाटला ,एकम की छाबड़ी ,बीज का बिजोरा ,तीज का तीजों ,चौथ का चोपड़, पंचम का पांच कटोरा ,छट का छः पंखुडी का फूल, सातम का स्वस्तिक -सातिया ,अष्टमी को आठ पंखुडी का फूल ,नवमी का डोकरा -डोकरी ,दशमी का दीपक या निसरनी ,ग्यारस का केल ,बारस का पंखा ,तेरस का घोडा ,चोदस का कला कोट ,पूनम का कला कोट ,अमावस का कला कोट। श्राद्ध के 16 दिनों कुँवारी कन्याओं द्वारा गोबर, फूल -पत्तियों आदि से संजा को संजोया जाता है ।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

मधुर लोक गीतों की स्वरलहरियाँ घर घर में गुंजायमान होती है।वर्तमान में संजा का रूप फूल -पत्तियों से कागज में तब्दील होता जा रहा है । संजा का पर्व आते ही लडकियां प्रसन्न हो जाती है।संजा को कैसे मनाना है ये बातें छोटी लड़कियों को बड़ी लड़कियां बताती है। शहरों में सीमेंट की इमारते और दीवारों पर महँगे पेंट पुते होने, गोबर का अभाव ,लड़कियों का ज्यादा संख्या में एक जगह न हो पाने की वजह ,टी वी ,इंटरनेट का प्रभाव और पढाई की वजह बताने से शहरों में संजा मनाने का चलन खत्म सा हो गया है । लेकिन गांवों /देहातो में पेड़ों की पत्तियाँ ,तरह तरह के फूल ,रंगीन कागज ,गोबर आदि की सहज उपलब्धता से ये पर्व मनाना शहर की तुलना में आसान है । परम्परा को आगे बढ़ाने की सोच में बेटियों की कमी से भी इस पर्व पर प्रभाव पढ़ा है। संजा -सोलही गीत को देखे तो -काजल टिकी लेव भाई काजल टिकी लेव /काजल टिकी लई न म्हारी संजा बाई के देव ,संजा तू थारा घरे जा /थारी माँ मारेगा के कूटेगा नानी सी गाड़ी लुढ़कती जाए संजा बाई का सासरे जावंगा - जावंगा संजा जीम ले मालवी मीठास लिए और लोक परम्पराओं को समेटे लोक संस्कृति को विलुप्त होने से तो बचाती है साथ ही लोक कला के मायनो के दर्शन भी कराती है।

संजा की बिदाई मानों ऐसा माहौल बनाती है जैसे बेटी की बिदाई हो रही हो सब की आँखों में आंसूं की धारा फूट पड़ती है। ये माहौल बेटियों को एक लगाव और अपनेपन का अहसास कराता है।बस ये बचपन की यादें सखियों के बड़े हो जाने और विवाह उपरांत बहुत याद् आती है।कही-कही अंग्रेजी एवं फिल्मी गीतों की तर्ज की झलक भी गीतों में समाहित होने से एक नयापन झलकता है।रिश्तों के ताने बाने बुनती हास्य रस को समेटे लोक गीत वाकई अपनी श्रेष्ठता को दर्शाते है। श्रंगार रस से भरे लोक गीत जिस भावना और आत्मीयता बेटियाँ गाती है। उससे लोक गीतों की गरिमा बनी रहती और ये विलुप्त होने से भी बचे हुए है। मालवा - निमाड़ ,राजस्थान ,गुजरात राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, ब्रज के क्षेत्रों की लोक परम्परा में इनको भिन्न भिन्न नामों से जाना जाता है`श्राद पक्ष के दिनों में कुंवारी लडकिया माँ पार्वती से मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए पूजन अर्चन करती है।विशेषकर गाँवों में संजा ज्यादा मनाई जाती है।

संजा पर्व एक पाठशाला है`संजा से कला का ज्ञान प्राप्त होता है ,पशु -पक्षियों की आकृति बनाना और उसे दीवारों पर चिपकाना। गोबर से संजा माता को सजाना और किला कोट जो संजा के अंतिम दिन में बनाया जाता है ,उसमे पत्तियों, फूलों और रंगीन कागज से सजाने पर संजा बहुत सुन्दर लगती है` लडकियाँ संजा के लोक गीत को गा कर संजा की आरती कर प्रसाद बांटती है । श्रंगार रस से भरे लोक गीत जिस भावना और आत्मीयता से गाती है ,उससे लोक गीतों की गरिमा बनी रहती और ये विलुप्त होने से भी बचे हुए है । मालवा - निमाड़ की लोक परम्परा श्राद पक्ष के दिनों में कुंवारी लडकिया माँ पार्वती से मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए पूजन अर्चन करती है । विशेषकर गाँवों में संजा ज्यादा मनाई जाती है । संजा मनाने की यादें लड़कियों के विवाहोपरांत गाँव /देहातों की यादों में हमेशा के लिए तरोताजा बनी रहती है और यही यादें उनके व्यवहार में प्रेम,एकता और सामजस्य का सृजन करती है ।संजा के गीतों की खासियत ये भी है कि जब लड़कियां आरती समाप्त करती तो जो प्रसाद वितरित किया जाता है। उसके पहले वो उस प्रसाद को ढांक के रखकर प्रसाद का नाम भी पूछती है। किंतु प्रसाद का नाम नही बता पाता।जब कोई बता देता या नही भी बता सकती तब अंत मे प्रसाद वितरित किया जाता। गीत मन को छू जाते है।लड़कियां एक सहेली के घर गीत गाने के बाद अन्य सहेलियों के यहां मनुहार के बाद जाती है।इस तरह संजा के लोकगीत बचाने में पर्व का महत्व बरकरार है। संजा विसर्जन के समय जिस गांवों में नदी बहती है।उसके किनारों पर तगारी,टोपले में संभाल कर रखी गई संजा को नदी में विसर्जन किया जाता है।ये पर्यावरण की हितेषी है।इसको जल में प्रवाहित करने पर नदी प्रदूषित नहीं होती।लड़कियों का इतने दिनों तक संजा के संग रहने और अब अगले वर्ष संजा का आना आंखों में आंसू ला देता है। खाली तगारियों, टोपलो को वे नदी के किनारे एक के ऊपर एक रखकर उस पर से कूदती है। शायद ये वियोग को भुलाकर इस तरह खुशियां समाहित करती है।संजा पर्व की यादें विवाह उपरांत ताउम्र याद रहती है। संजा के गीत मुखाग्र एक दूसरे से सीखने जाती है।शाम होने पर इनके मधुर गीत कानों में मिश्री घोलते है।संजा पर्व पर ही गाए जाने गीतों को सुनने के लिए लोग घरों से बाहर आ जाते और चलते हुए राहगीरों के पग रुक से जाते। संजा सीधे- सीधे हमें पर्यावरण से ,अपने परिवेश से जोडती है ,तो क्यों न हम इस कला को बढ़ावा दे और विलुप्त होने से बचाने के प्रयास किए जांए` संजा मनाने की यादें लड़कियों के विवाहोपरांत गाँव /देहातों की यादों में हमेशा के लिए तरोताजा बनी रहती है और यही यादें उनके व्यवहार में प्रेम,एकता और सामजस्य का सृजन करती है । संजा सीधे- सीधे हमें पर्यावरण से ,अपने परिवेश से जोडती है ,तो क्यों न हम इस कला को बढ़ावा दे और विलुप्त होने से बचाने के प्रयास किए जांए ,वैसे उज्जैन में संजा उत्सव पर संजा पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाने लगा है । साथ ही महाकालेश्वर में उमा साझी महोत्सव भी प्रति वर्ष मनाया जाता है।कुल मिला कर संजा देती है कला ज्ञान एवं मनोवांछित फल प्रदान करती है।

वन्यजीव अभयारण्य

कस्बे से सटे राष्ट्रीय वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य वन चेकपोस्ट के भारी शीशम वाले लकड़ी के बैरियर पर पीतल का एक पुराना और मटमैला सीटीनुमा घुँघरू पिछले बीस सालों से नायलॉन की डोरी से टँगा हुआ था। जंगल की गश्ती और जानवरों को सचेत करने के लिए कभी इस्तेमाल होने वाले उस घुँघरू की खनक कब की गायब हो चुकी थी और उसके भीतर का छोटा सा छर्रा गर्द की मोटी परत में पूरी तरह जाम हो चुका था। जब राष्ट्रीय वन्यजीव दिवस के उपलक्ष्य में अभयारण्य के मुख्य प्रशासनिक परिसर में जंगल के विस्तार, विलुप्तप्राय जीवों के संरक्षण और इको टूरिज्म के विकास पर बड़े-बड़े रंगारंग जलसों की धूम मची थी, तब उस पुराने लकड़ी के बैरियर को भी रंग-बिरंगी हरी पत्तियों और रिबनों से सजा दिया गया था। उस बैरियर के ठीक बगल में ईंटों के चबूतरे पर अपनी पुरानी लाठी टेककर हर सुबह सात बजते ही शिवप्रसाद काका आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर की फटी धोती और कंधे पर मैला अंगोछा डाले शिवप्रसाद काका दिन भर उस मूक लटके घुँघरू को अपनी धुंधली आँखों से एकटक निहारते रहते थे। चेकपोस्ट पर सुबह से ही जंगल सफारी वाली खुली जिप्सियों और विदेशी पर्यटकों की महंगी गाड़ियों का रेला लगा हुआ था, कैमरे वाले सैलानी बाघ और हिरन देखने के रोमांच में हँस रहे थे और मंच पर वन विभाग के बड़े अफसर भाषण झाड़ रहे थे। उन रईस सैलानियों और सूट-बूट पहने अधिकारियों को उस बैरियर पर लटके धूल भरे पुराने पीतल के घुँघरू से कोई लेना-देना नहीं था। चेकपोस्ट का पुराना वनरक्षक रामू जब भी एंट्री रजिस्टर लेकर उधर से निकलता तो काका की उस शांत और निश्चल मुद्रा को देखकर सहम जाता था। काका बहुत ही कांपती और धीमी आवाज में उससे पूछते ₹क्यों रे रामू आज वन्यजीव दिवस के इस जलसे में जंगल के असली रखवालों की कोई सुध ली गई क्या या आज भी सिर्फ मंच पर बाघों की खाल बचाने के नाम पर तालियाँ ही पीटी जा रही हैं?₹ रामू बस अपनी नजरें झुका लेता और एक ठंडी गहरी साँस भरकर चुपचाप आगे बढ़ जाता था।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 सितंबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - पूर्णिमा 21:47 उपरांत एकम
नक्षत्र- पूवार्भाद्रपद 11:57 उपरांत उत्रा भाद्रपद
योग - गण्ड 14:47 उपरांत रेवती
करण - भद्रा
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीना मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 13तारिख

मेष- कार्यस्थल पर बिना बात के विवादों में न पड़ें। व्यापार में बड़ा पूंजी निवेश आज टाल देना ही बेहतर है।

वृषभ- लव पार्टनर के साथ छोटी बात पर तनाव हो सकता है। अनावश्यक खर्चों से बजट बिगड़ सकता है।

मिथुन- शारीरिक थकान और आंखों में भारीपन महसूस हो सकता है। संचित धन में वृद्धि होगी।

कर्क- भाग्य का पूरा साथ मिलने से अटके काम पूरे होंगे। धार्मिक कार्यों या यात्रा में रुचि बढ़ेगी।

सिंह- कारोबारी हैं तो नए प्रोजेक्ट्स शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। संचित धन में वृद्धि होगी।

कन्या- परिवार और जीवनसाथी का पूरा संबल मिलेगा। धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। सेहत अच्छी रहेगी।

तुला- दफ्तर में आपके काम का लोहा माना जाएगा, शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

वृश्चिक- व्यापार में पुरानी योजनाओं से अच्छा लाभ मिलेगा। पार्टनर के साथ गलतफहमियां खत्म होंगी। संचित धन में वृद्धि होगी।

धनु- वित्तीय स्थिति सुधरेगी, कर्ज चुका पाएंगे। सेहत सामान्य रहेगी, सुस्ती दूर होगी।

मकर- आपके पराक्रम और काम की चौतरफा तारीफ होगी। अटका हुआ पैसा वापस मिलने से व्यापार सुदृढ़ होगा।

कुंभ- पारिवारिक जीवन में मधुरता रहेगी। परिवार और जीवनसाथी का पूरा संबल मिलेगा।

मीन- सेहत अच्छी रहेगी, ऊर्जावान महसूस करेंगे। नौकरी में खुद के बलबूते पर बड़ी सफलता हासिल करेंगे।

संज्ञा का प्रथम दिन

आज से मण्डेंगे संजा के माण्डने, घर-घर गुंजेंगे संजा गीत



हर वर्ष श्राद्ध पक्ष के सोलह दिनों तक मालवांचल में संजा के माण्डनों का अंकन होता है। कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना में संजा के माण्डने घर के आंगन की दिवार पर माण्डती है ओर उसे प्रत्येक दिन, क्रमवार सजाती है। गोबर को दीवार पर लिपकर उसके उपर अंकन किए जाते हैं।

यह मान्यता है कि संजा केवल 16 वर्ष ही जीवित रही। इस दौरान उसने जहां अपना बचपन मायके में हंसी-ठिठोली के साथ बड़े आराम से बिताया वहीं ससुराल में उसे कष्ट रहा। कष्ट को सहन न कर पाने के चलते वह मृत्यु को प्राप्त हुई। उसी की याद में कालांतर में संजा के माण्डने 16 दिनों तक श्राद्ध पक्ष में माण्डे जाते हैं। यदि बुजूर्गो की बात की जाए तो उनके भी जो बुजूर्ग रहे, उन्होने भी यही बताया कि यह एक परंपरा है, जिसके माध्यम से कुंवारी कन्या 16 दिन में यह जान जाती है कि पीहर और ससुराल में क्या अंतर होता है। विवाह के मायने क्या होते हैं। विवाह बाद ससुराल में किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उस समय गंभीर, धैर्यवान रहकर कैसे समय को टाला जा सकता है। संजा के गीतों के माध्यम से बताया जाता है कि वह अपने भाईयों से नहीं मिलने का दुःख चांद, सुरज को भाई बनाकर, उनसे बात करके कम करती है। वहीं पनिहारिनों के साथ बतियाकर अपनी पीड़ा व्यक्त करती है। कुछ यही सामग्री आधुनिकता के पुट के साथ सोलह दिनों तक दैनिक अवन्तिका के पाठकों को समर्पित है-

आज बनेगा पूनम का पाटला

संजा पर्व के पहले दिन पूर्णिमा को कुंवारी कन्याएं पूनम का पाटला बनाती है। यह पाटला भगवान सत्यनारायण की पूजा का प्रतिक माना गया है। ऐसी मान्यता रहती है कि विवाह बाद जब बहू ससुराल आती है तो परिजन नए जोड़े को सत्यनारायण भगवान की कथा करवाकर, हवन-पूजा हेतु बैठाते हैं। शुभ के प्रतिक इस पाटले को लेकर यह मान्यता भी है कि विवाहिता की रसोई में सबसे पहली दोस्ती पाटला-बेलन से होती है। रोटी की गोलाई बताती है कि विवाहित ने अपने मायके में रसोई में कभी हांथ बटाया था या नहीं?

आज का गीत

पेली आरती रई-रम झोल
भई रे भतिजा की अब-छब जोड़
संजा तू जीम ले, चूठ ले अकेली मत जा
साथे चांद-सूरज बीरा ने लईजा
चटक चांदनी सी रात
फूला भरी रे परात
एम फूल पडि
म्हारा संजा बई रिसी गया ....।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

मरीज की मजबूरी का एमआरपी कौन लिख रहा है?

कैंसर के इलाज की हर अगली खुराक के साथ परिवार की एक उम्मीद जुड़ी होती है। ऐसे में जब निमार्ता खुदरा विक्रेता को दवा लगभग 2,700 (पीटीआर - प्राइस टू रिटेलर) में बेचता है, लेकिन उस पर एमआरपी 27,000 छपी होती है, तो यह केवल कीमत बढ़ना नहीं, मजबूरी को दस गुना महंगा करना है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ-जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता-के सामने यही तथ्य आया तो अदालत ने इसे मरीजों के साथ दिनदहाड़े डकैती बताया। यह टिप्पणी उस कठोर सच को सामने लाती है, जहां किसी अपने को बचाने के लिए परिवार जमीन बेचता है, गहने गिरवी रखता है और जीवनभर की बचत झोंक देता है, फिर भी दवा की कीमत के आगे असहाय रहता है। दवा का काम जीवन बचाना है, परिवार की जमा-पूंजी खत्म करना नहीं। जीवनरक्षक दवाओं की कीमत ऐसी होनी चाहिए, जहां इलाज की उम्मीद मजबूत हो और आर्थिक विवशता कमजोर।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

दवा पर मुनाफा अनुचित नहीं, लेकिन जीवनरक्षक दवा की कीमत मनमानी कैसे स्वीकार्य हो? सवाल है-मुनाफे की सीमा कौन तय करेगा? एनपीपीए (राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण) के तहत अनुसूचित दवाओं के अधिकतम निर्धारित मूल्य की व्यवस्था है, लेकिन बड़ी संख्या में दवाएं गैर-अनुसूचित हैं। याचिका में लगभग 82 प्रतिशत दवाओं के इसी दायरे में होने और शुरूआती कीमत तय करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। यही नियमन की बड़ी कमजोरी है। कीमत तय करने की प्रक्रिया पारदर्शी न हो, तो एमआरपी अधिकतम खुदरा मूल्य नहीं, मरीज की मजबूरी की अधिकतम कीमत बन सकती है। सवाल सीधा है-जब दवा खुदरा विक्रेता को 2,700 (पीटीआर) में मिलती है, तो 27,000 की एमआरपी किस आधार पर?

कीमत तब समस्या है, जब नियम हों और निगरानी गायब। दवा मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 ने कीमतों पर नियंत्रण का ढांचा बनाया, लेकिन गैर-अनुसूचित दवाओं की मूल्य-व्यवस्था और निगरानी अब भी सवालों में है। एनपीपीए गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों पर निगाह रखता है और सामान्य परिस्थितियों में सालाना मूल्यवृद्धि की सीमा 10 प्रतिशत है। फिर भी शुरूआती कीमत और बाजार मूल्य के बीच असामान्य अंतर खत्म नहीं हुआ। सवाल है-जिस व्यवस्था का काम मरीज को कीमत की मनमानी से बचाना है, उसकी निगाह तब क्यों पड़ती है, जब दवा उसकी पहुंच से बाहर हो चुकी होती है? अदालत ने अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाया है। सवाल एक विभाग का नहीं, पूरी नियामक व्यवस्था का है-जब मरीज की जेब कट रही थी, तब निगरानी तंत्र कहां था?

मरीज अस्पताल पहुंचता है इलाज के लिए, लेकिन कई बार वहीं उसकी खरीदने की मजबूरी शुरू हो जाती है। आरोप है कि कुछ निजी अस्पताल मरीजों को अपनी इन-हाउस फामेर्सी से दवा लेने के लिए बाध्य करते हैं, जिससे बाहर उपलब्ध सस्ती दवा का विकल्प लगभग खत्म हो जाता है। बीमारी में मरीज के पास न मोलभाव की ताकत होती है, न विकल्प तलाशने का समय। डॉक्टर पर भरोसा, अस्पताल पर निर्भरता और दवा की तत्काल जरूरत-तीनों उसे ऐसा खरीदार बना देते हैं, जिसके पास नहीं कहने का विकल्प नहीं बचता। या तो महंगी दवा खरीदिए या इलाज के जोखिम को स्वीकार कीजिए। बाजार इसे बिक्री कह सकता है, लेकिन मरीज के लिए यह मजबूरी है। मजबूरी से कमाया हर अतिरिक्त रुपया केवल व्यापारिक लाभ नहीं, गंभीर नैतिक सवाल है। मरीज की जेब का बोझ जब सरकारी खजाने तक पहुंचे, तो मामला केवल महंगी दवा का नहीं रहता।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।


आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

श्राद्ध की थाली और वृद्ध आखों की खामोशी

श्राद्ध पक्ष आते ही घरों में पितृों को याद करने की परंपरा शुरू हो जाती है। उनके नाम पर पकवान बनाए जाते हैं, ब्राह्मण भोज कराया जाता है, दान दिया जाता है और श्रद्धा के साथ पूर्वजों का स्मरण किया जाता है। हमारी संस्कृति में पितृ स्मरण का अपना गहरा महत्व है। यह हमें अपनी जड़ों, अपने पूर्वजों और उनके प्रति कृतज्ञता का भाव याद दिलाता है। लेकिन इसी परंपरा के बीच एक सवाल मन को भीतर तक झकझोरता है, जिन माता-पिता को हम जीवन भर अपने हाथों से भोजन नहीं करा सके, उनकी सेवा नहीं कर सके, उन्हें समय नहीं दे सके, उनके अकेलेपन को नहीं समझ सके, उनके जाने के बाद उनके नाम पर इतने बड़े भोज का क्या अर्थ है?



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

जिस मां ने बचपन में हमारी थाली में अपनी पसंद का निवाला भी रख दिया, क्या उसे बुढ़ापे में अपनी थाली के लिए संतान का इंतजार करना चाहिए? जिस पिता ने अपनी जरूरतें रोककर बच्चों की जरूरतें पूरी कीं, क्या वृद्धावस्था में उन्हें अपने ही घर में बोझ समझा जाना चाहिए? यह सवाल किसी एक परिवार का नहीं, पूरे समाज का है।

हमारे आसपास कितने वृद्ध ऐसे हैं जो आज भी काम करने को मजबूर हैं। कोई सड़क किनारे सामान बेच रहा है, कोई दुकान के बाहर बैठा है, कोई मजदूरी कर रहा है, कोई हाथ फैलाकर मदद मांग रहा है। कोई वृद्धाश्रम में जीवन की आखिरी शामें काट रहा है। आखिर ये लोग कौन हैं? क्या ये किसी दूसरे ग्रह से आए हैं? इनमें भी किसी की मां होगी, किसी का पिता होगा, किसी का वह बुजुर्ग होगा जिसने कभी अपने बच्चों को गोद में खिलाया होगा।

फिर सवाल उठता है कि हम अपने पितरों से प्रेम करते हैं तो जीवित बुजुर्गों के प्रति हमारी संवेदना इतनी कमजोर क्यों हो गई? श्राद्ध में बनाए गए पकवान अगर किसी जरूरतमंद बुजुर्ग की थाली तक पहुंच जाएं तो शायद उस भोजन का अर्थ और बड़ा हो जाए। पितरों के नाम पर किया गया दान यदि किसी अकेली मां की दवा खरीद दे, किसी वृद्ध पिता के लिए गर्म कपड़ा बन जाए या किसी बेसहारा बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान ला दे, तो शायद श्रद्धा का उद्देश्य ज्यादा सार्थक हो।

पितृ पक्ष हमें केवल मृत पूर्वजों को याद करने के लिए नहीं, बल्कि यह सोचने के लिए भी आया है कि हमारे आसपास कितने जीवित पितर अपनी संतान के इंतजार में बैठे हैं।

हम अक्सर कहते हैं कि माता-पिता भगवान का रूप हैं। लेकिन भगवान की पूजा के लिए हम मंदिर खोजते हैं और माता-पिता की सेवा के लिए हमारे पास समय नहीं होता। उनके साथ बैठने के लिए दस मिनट नहीं, लेकिन उनके निधन के बाद उनके नाम पर घंटों के भोज और आयोजन के लिए समय मिल जाता है।

यह कैसी श्रद्धा है? अगर माता-पिता के जीवित रहते उनके लिए एक गिलास पानी देने में हमें परेशानी होती है और उनके मरने के बाद उनके नाम पर दर्जनों पकवान बनते हैं, तो हमें अपने कर्मकांड से ज्यादा अपने अंतर्मन का श्राद्ध करने की जरूरत है, उस संवेदनहीनता का श्राद्ध, जिसने हमें अपने ही बुजुर्गों से दूर कर दिया। पितृों को हमारे दिखावे की आवश्यकता नहीं है। उन्हें हमारी श्रद्धा चाहिए, लेकिन श्रद्धा का सबसे सुंदर रूप कर्म है। जीते जी मां-बाप की थाली में प्रेम से परोसी गई एक रोटी, उनके लिए बनाए गए हजार पकवानों से बड़ी हो सकती है। उनके अकेलेपन में दिया गया एक घंटा, मृत्यु के बाद किए गए बड़े-बड़े आयोजनों से अधिक मूल्यवान हो सकता है। इस श्राद्ध पक्ष में जब हम अपने पितृों के लिए भोजन बनाएं तो एक बार अपने घर के उस बुजुर्ग की ओर भी देख लें, जो चुपचाप हमारी ओर देख रहा है। पूछ लें, बाबा, खाना खाया? मां, आपको कुछ चाहिए?

शायद यही वह श्राद्ध है जिसकी हमारे समाज को सबसे ज्यादा जरूरत है। क्योंकि पितृों को प्रसन्न करने का सबसे सच्चा रास्ता उनके नाम पर पकवान बनाना नहीं, बल्कि उनके दिए संस्कारों को जीवित रखना है।

और सबसे बड़ा पितृ तर्पण शायद यही है, जिस मां-बाप ने हमें जीते जी खिलाया, उन्हें हम जीते जी भरपेट खिला सकें; जिन्होंने हमें संभाला, बुढ़ापे में हम उन्हें संभाल सकें; और जिनके आशीर्वाद से हमारा घर बना, उस घर में उनके लिए सम्मान की जगह हमेशा बनी रहे।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,33,000 पाट- 2,31,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

शुजालपुर। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. आलोक परमार रहे। निर्णायक की भूमिका कुलदीप कौशिक, जीवनलाल शर्मा एवं डॉ. सूरज जाट ने निभाई। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र रोशन सौराष्ट्रीय ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी पुष्पद ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मन्शु जादौन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अस्पताल के पावर हाउस में शार्ट सर्किट से बिजली हुई गुल

शाजापुर। जिला अस्पताल के पावर हाउस में शार्ट सर्किट से अफरा तफरी का माहौल बन गया और सामान्य वार्डों में करीब आधा घंटे बिजली गुल रही। जानकारी के अनुसार गुरूवार को शाजापुर जिला अस्पताल के पावर हाउस में शार्ट सर्किट होने से चिंगारी निकलने लगी। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत ही बिजली आपूर्ति को सामान्य वार्डों में बंद कर सुधार कार्य शुरू किया। घटना में कुछ उपकरण भी जल गए जिन्हे इंदौर से मंगवाया गया।

हाईवे किनारे से हटाया अतिक्रमण

शाजापुर। हाईवे किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। गुरूवार शाम एसडीएम मनीषा वास्कले, तहसीलदार गौरव पोरवाल पुलिस बल और नगरपालिका के अमले के साथ अतिक्रमण हटाने निकले। अधिकारियों ने शहरी हाईवे पर किए गए अतिक्रमण को हटाया और व्यापारियों को चेतावनी दी कि वे दोबारा अतिक्रमण नही करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी

खेतों में घुसकर ट्यूबवेल की केबल चोरी: थाने पहुंचे लोग

खातेगांव। बेहड़ी गांव में चोरों ने एक-दो नहीं, बल्कि कई किसानों के खेतों को निशाना बनाते हुए ट्यूबवेल की सैकड़ों फीट केबल पार कर दी। एक ही रात में इतनी बड़ी चोरी होने से इलाके के किसान बेहद परेशान हैं। बेहड़ी के किसान जितेंद्र राजपूत ने बताया कि 23 सितंबर की सुबह तक उनके दो ट्यूबवेलों पर 100 फीट केबल लगी हुई थी। लेकिन अगली सुबह जब वे खेत पहुंचे तो मोटर से केबल नदारद मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब केबल का कोई सुराग नहीं लगा, तो गुस्साए किसान खातेगांव थाने पहुंचे और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

श्री राम कथा का आयोजन

चंदेसरा श्री राम मंदिर चंदेसरा में 20 सितम्बर से श्री राम कथा परायण सप्ताह का आयोजन चल रहा है इस अवसार पर स्थानीय सरपंच पदम सिंह पटेल एवं धर्म प्राण जनता ने सर्व सम्मति से कथा के प्रमुख यजमान के डा टेकचंद सौलंकी को बनाकर श्री राम कथा की पुराण पोथी धारण कर ग्राम के मुख्य मार्ग पर ढ़ोल के साथ धर्म प्राण जनता द्वारा मँगल जुलूस निकाला श्री राम कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे होती है कथा प्रवक्ता पंडित रामेश्वर त्रिपाठी द्वारा संगीत मय पार्टी वाराणसी उत्तर प्रदेश के मुखरा विंद से ग्राम वासियों को श्री राम कथा का लाभ प्राप्त किया जाता हैं।

किसान बोले- उपज का सही दाम दो, कर्ज से मुक्ति दो

देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने सहित कई मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में गुरुवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मालवा-निमाड़ प्रांत के बैनर तले किसानों ने अपनी अलग-अलग समस्याओं को लेकर ट्रैक्टर और पैदल रैली निकाली। किसान एबी रोड से हाथों में झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

यहां जिलाध्यक्ष ठाकुर गगन सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें देवास जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, फसलों का लागत के आधार पर सी2+50 प्रतिशत लाभकारी मूल्य देने, कर्जमाफी और फसल बीमा की राशि दिलाने समेत कई मांगें रखी गईं।

महासंघ ने कहा कि प्रदेश के किसान लंबे समय से कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। संगठन का कहना है कि वह धरना, प्रदर्शन, वाहन रैली और ज्ञापन के जरिए लगातार सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर खींचता रहा है। इसके बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होने से किसानों में नाराजगी है।

ज्ञापन में सभी कृषि उपज का लाभकारी मूल्य लागत के आधार पर सी2+50 प्रतिशत के हिसाब से तय करने की मांग की गई। किसानों को सरकारी और अर्ध-सरकारी कर्ज से मुक्त करने की मांग भी रखी गई। महासंघ का कहना है कि उपज का उचित दाम नहीं मिलने के कारण किसान लगातार कर्ज में डूब रहे हैं।

किसानों ने सभी मंडियों में मंडी एक्ट 1972 का पालन सुनिश्चित करने और किसानों की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की। इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर और सरदार सरोवर बांध परियोजनाओं से प्रभावित



किसानों को समान परियोजना में समान मुआवजा देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

किसानों ने रासायनिक खाद की ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही सिंचाई के लिए दिन में 12 घंटे लगातार बिजली देने और बिजली आपूर्ति बाधित होने पर अतिरिक्त समय में इसकी भरपाई करने की मांग रखी गई।

किसानों ने सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए नुकसान का सर्वे कराने की मांग की। इसके आधार पर प्रभावित किसानों को मुआवजा और फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की गई।

महासंघ ने देवास जिले में अल्पवर्षा को देखते हुए जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। साथ ही किसानों पर सभी तरह की शासकीय वसूली पर रोक लगाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

2018 से फसल बीमा राशि देने की मांग

किसानों ने साल 2018 से अब तक की फसल बीमा राशि राजस्व और कृषि विभाग की अनावरी रिपोर्ट के आधार पर देने की मांग की। संगठन ने सेटेलाइट आधारित सर्वे के नाम पर किसानों के साथ होने वाली कथित गड़बड़ियों को रोकने की भी मांग की। महासंघ ने सीमांकन के लिए सेटेलाइट से तैयार भूमि के नक्शे और खसरों के बजाय पुराने नक्शों और बंदोबस्त से पहले के खसरों को आधार बनाने की मांग रखी। इसके साथ ही दूध का भाव 12 रुपए प्रति फैट करने, भावांतर योजना बंद करने और किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने की मांग की गई।



जिला जेल परिसर में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण

शाजापुर। जिला जेल परिसर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न पौधे रोपे गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस पुनीत कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता और जैन समाज के सदस्य अभिषेक जैन ने सपरिवार हिस्सा लिया। उन्होंने जेल स्टाफ के सक्रिय सहयोग से जेल परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर जैन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है और एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करना एक बेहद सुखद अनुभव है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक दुष्यन्त कुमार पगारे, उप अधीक्षक सुनील कुमार मण्डलेकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। जेल अधिकारियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल परिसर का वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि एक सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

एनएसएस स्थापना दिवस पर नशे से दूर रहने का संदेश दिया, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि एसडीओपी निमेष देशमुख रहे, जबकि अध्यक्षता बीके त्यागी ने की। विशेष अतिथि एनएसएस जिला संगठक देवेंद्र कुंभकार, डॉ. प्रवीणा धारीवाल, आनंद कुमार अजनोदिया एवं एनएसएस प्रभारी गजेन्द्र कुमार पाटीदार रहे। महाविद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि देशमुख ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों, समाजसेवा में इसकी भूमिका और व्यक्तित्व विकास में इसके महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत अभियान एवं आयुष्मान कार्ड योजना को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को नशे से दूर रहने और स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लेने का संदेश दिया। इस दौरान वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ तथा स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के समापन पर स्वयंसेवकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम अधिकारी गजेन्द्र कुमार पाटीदार ने आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों, महाविद्यालय स्टाफ, स्वयंसेवकों एवं पूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने मनाया धिक्कार दिवस, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



शाजापुर। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी द्वारा 24 सितंबर को शाजापुर जिला मुख्यालय पर धिक्कार दिवस के रूप में मनाया गया। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मूल रूप से दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक बड़ा प्रदर्शन प्रस्तावित था, लेकिन अनुमति न मिलने के कारण देश भर के जिलों में स्थानीय स्तर पर यह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला प्रभारी अजय अहिरवार ने बताया कि केंद्र और प्रशासन के रवैये के कारण गुरूवार को धिक्कार दिवस मनाया।

विधायक अरुण भीमावत ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

रंगों और शब्दों में उकेरी विकसित भारत की तस्वीर, स्कूल में स्पर्धाओं का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

कला के सतरंगी रंगों और ओजस्वी शब्दों के जरिए जब स्कूली विद्यार्थियों ने जनहितैषी योजनाओं व विकसित भारत के संकल्प को प्रस्तुत किया, तो उपस्थित अतिथि भी मंत्रमुग्ध रह गए। अवसर था नगर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का।

इस आयोजन में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से यह साबित कर दिया कि देश के भविष्य निर्माण में युवा पीढ़ी पूरी तरह तैयार है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावत एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार दुबे ने



स्वागत भाषण दिया तथा पुष्पहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का आत्मीय सम्मान किया।

प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने शासन और प्रशासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को कागज पर रंगों के माध्यम से और मंच से अपने भाषण के जरिए बेहद प्रभावशाली तरीके से पेश किया। विधायक भीमावत ने बच्चों द्वारा बनाई गई इन कलाकृतियों का बारीकी से अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा की जमकर सराहना की।

इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष रेखा मीणा, भाजपा नगर महामंत्री किरण पाटीदार एवं पार्षद अजय सिंह चंदेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार दुबे, नोडल अधिकारी पूनम त्रिवेदी सहित समस्त स्टाफ सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

यह रहे विजेता

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हर्षित सेन (शासकीय उमावि, भरड़), द्वितीय संध्या जाटव (महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि, शाजापुर), तृतीय प्रितेश जैन (ईटरनल स्कूल, शाजापुर), भाषण प्रतियोगिता में प्रथम साधना प्रजापति (उत्कृष्ट उमावि, शाजापुर), द्वितीय दिव्या सोनी (उत्कृष्ट उमावि, शाजापुर), तृतीय रवीना त्रिपाठी (ईटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज, शाजापुर) रहीं।

कविता, भाषण और लोकगीत में दिखा विद्यार्थियों का हुनर

विजेताओं को किया पुरूस्कृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से युवा पीढ़ी को भाषा, साहित्य और संस्कृति से जोड़? के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता शासकीय पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने काव्य पाठ, भाषण, एकल लोकगीत और चित्रांकन से शब्दांकन जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संयोजक ग्रीष्मा शाह ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने की। इस अवसर पर अल्पना राणा, मीना चौधरी, शैलजा देशमुख, वंदना चौहान और मधु मंडलोई मंचासीन रहीं। हिंदी भवन के मंत्री संचालक एवं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के आशीर्वाददाता पद्मश्री कैलाशचंद्र पंत तथा साहित्य चेतना परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शरद देशमुख को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रतियोगिता मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे, कार्याध्यक्ष रघुनन्दन शर्मा एवं प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता की राज्य संयोजिका जया केतकी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई।

ये रहे विजेता

काव्य पाठ प्रतियोगिता में सोफिया मंसूरी ने प्रथम, परिस्ता ने द्वितीय और कुमकुम मेवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में वैश्विक परिदृश्य में भारतीय संस्कृति विषय पर दर्शन जैन प्रथम, दर्शना परमार द्वितीय और सोनाली तृतीय रहीं। एकल लोकगीत प्रतियोगिता में प्रगति परमार प्रथम, शिवानी राव द्वितीय और महिमा मेवाड़ा तृतीय रहीं। वहीं चित्रांकन से शब्दांकन प्रतियोगिता में लोककलाएं विषय पर कविता अथवा कहानी लेखन में श्रद्धा गौड़ ने प्रथम, अंजलि पाटीदार ने द्वितीय और रागिनी परमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

200 गायों को गौशाला ले जाने पर विवाद

शिवगढ़ गौशाला ले जा रहे थे गोवंश, ग्रामीणों ने की मारपीट

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में गुरुवार देर रात करीब 200 गोवंश को सुदवास क्षेत्र से शिवगढ़ की गौशाला ले जाने को लेकर विवाद हो गया। कनाड़ मार्ग पर परसुखेड़ी के पास ग्रामीणों ने गोवंश ले जा रहे लोगों को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके इलाके में पहले से ही बड़ी संख्या में लावारिस गोवंश घूम रहा है। उनकी मांग थी कि पहले उनके क्षेत्र के गोवंश को गौशाला में रखा जाए, फिर दूसरे इलाके से आने वाले गोवंश को जगह दी जाए। परसुखेड़ी के ग्रामीणों ने गोवंश लेकर आए लोगों को वापस लौटा दिया। इसके बाद दोनों पक्ष आगर पहुंचे। साईं मंदिर के पास एक बार फिर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद कर रहे ग्रामीणों को हटाया।

इनके खिलाफ केस दर्ज

थाना प्रभारी नागेश यादव ने बताया कि गाय छोड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट के दौरान धर्मेंद्र पिता मेहरबान सिंह राजपूत घायल हो गए। धर्मेंद्र की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पन्नालाल यादव और उसके दो अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

7 अक्टूबर से भोपाल में होगा फिजिकल टेस्ट

शाजापुर। जेल प्रहरी और सहायक जेल अधीक्षक बनने की चाह रखने वाले शाजापुर सहित प्रदेश भर के युवाओं के लिए अहम खबर है। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल (ईएसबी) ने भर्ती के दूसरे चरण यानी फिजिकल शारीरिक नापजोख व प्रवीणता टेस्ट और दस्तावेज सत्यापन का शेड्यूल जारी कर दिया है। लिखित परीक्षा में बाजी मारने वाले उम्मीदवारों का फिजिकल टेस्ट आगामी 7 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। इस बार भर्ती में तगड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक जेल अधीक्षक के महज 25 पदों के लिए 256 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि जेल प्रहरी के 757 पदों के लिए 8217 युवाओं ने पहले चरण की परीक्षा पास की है। इन सभी सफल उम्मीदवारों को अब अपने दमखम का प्रदर्शन करने के लिए भोपाल जाना होगा।

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड शाखा - 104 गोपाल प्लाजा प्रथम मंजिल -11 वरूचि मार्ग ऐ.के. बिल्डिंग के पास फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 58 जो भूमि सर्वे क्रमांक 1839 एवं 1840 का भाग होकर राधे नगर, अमन नगर के पास तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 41.82 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे - भूखण्ड क्रमांक 59, पश्चिम में - भूखण्ड क्रमांक 57, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 39, दक्षिण मे - रोड़ स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमति राधा पति नरेन्द्र ने इसके पूर्वस्वामी मंजुला बैंडवाल पति प्रभाकर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022023ए12446268 दिनांक 09/10/2023 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्रीमति राधा ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध धर्मेन्द्र कछावा पिता गिरधारीलाल से किया है। एवं धर्मेन्द्र कछावा ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022018ए1561411 दिनांक 07/08/2018 का कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सुचना चिमनगंज मण्डी थाना उज्जैन में दिनांक 23/09/2026 को दर्ज करवा दी गयी है, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार डी.एम.आई. हाउसिंग फायनेंस प्राइवेट लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मोबाइल न. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुकानस्वामी :- 1. बजरंगदास पिता स्व.श्री अम्बाराम जी बैरागी, 2. श्रीमती कौशल्या बाई पति श्री बजरंगदास बैरागी निवासीगण चंद्र शेखर आजाद मार्ग, गली नं0-8 उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक-19/2 पर निर्मित एक दुकान जो सिद्धसेन मार्ग स्थित है। उक्त दुकान का कुल क्षेत्रफल-13.41 वर्गमीटर है। उक्त दुकान के विक्रय मे मय तल व हवाई हक, विक्रय में शामिल है। उक्त दुकान फ्रीहोल्ड होकर व्यवसायिक उपयोग की है। उक्त दुकान की चर्तुःसीमा निम्नानुसार हैः- पूर्व में-प्रजापत धर्मशाला, पश्चिम में - चंदु सारवान का मकान, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में भवन अन्य का है। मेरे पक्षकार सुनील राजवानी पिता श्री जनार्दन राजवानी निवासी- 134, शिवांस पेराडाईस आगर रोड उज्जैन मो0-97527-31934 ने दुकान स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय अनुबंध कर विक्रय मुल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी दुकान स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर दुकानस्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः-26/08/2026

भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट
कार्याः C-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स
उज्जैन, मोबाः 89891-45770

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने उत्तमसिंह कछावा पिता श्री प्रेमेन्द्र कछावा निवासी-सर्व सुविधा नगर बिचोली मर्दाना इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर-24/2 रकबा 0.098 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम पालखन्दा पटवारी हल्का नम्बर-45 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-25.09.2026

कु. मनोहरसिंह राणावत
सर्विस प्रोवाइडर सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मोबा. 98268.87494

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने मनोहर पिता श्री बालाराम निवासी-ग्राम नौगांवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-199/1 रकबा 0.97 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम नौगांवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-25.09.2026

कु. मनोहरसिंह राणावत
सर्विस प्रोवाइडर सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मोबा. 98268.87494

In The Court Of VIII Additional District and Sessions Judge, District Court, Ujjain Presiding Officer:
श्री हीरालाल अलावा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिक अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000044/2026)
शुभांजय भार्गव--------आवेदक
Vs
संजय प्रकाश भार्गव------अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 15/10/2026

प्रेषिती

(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं. 1 शुभांजय भार्गव पिता श्री संजय प्रकाश भार्गव, आयु-30 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-41-42 आजाद नगर देवास रोड उज्जैन म प्र आदि-1 की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 278 के अंतर्गत प्रश्न पत्र के अधीन उनके दादाजी स्व. श्री इंद्रप्रकाश जी भार्गव पिता स्व. डॉ. छोटेलाल जी भार्गव की मृत्यु 12/08/2024 को हो चुकी है। आवेदकगण के दादाजी स्व. श्री इंद्रप्रकाश भार्गव अपने जीवनकाल में एक फर्म प्रकाश ऑटो सेल्स एंड सर्विस के प्रोप्राईटर थे जिसमे एक पेट्रोल पंप नजरअली मार्ग कोयला फाटक, आगर रोड उज्जैन पर स्थित होकर उक्त पेट्रोल पंप मेसर्स प्रकाश ऑटो सेल्स एंड सर्विस के नाम से संचालित होता है जिसमें पेट्रोल, डीजल, ऑयल इत्यादि के क्रय विक्रय का व्यापार किया जाता था तथा उनके द्वारा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से पेट्रोल पंप का संचालन हेतु अनुबंध भी किया था तथा उनकी मृत्यु के पूर्व एक वसीयतनामा वसीयतगृहिता आवेदकगण जो मृतक के पौत्र है के पक्ष में दिनांक 30/12/2023 को नोटरी के समक्ष वसीयतनामा निष्पादित किया था। आवेदकगण पता ने मृतक श्री इंद्रप्रकाश जी भार्गव पिता स्व. डॉ. छोटेलाल जी भार्गव निवासी उज्जैन की उक्त पेट्रोल पंप के संचालन हेतु प्रशासन पत्र प्रदान करने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 21 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(हीरालाल अलावा)
अष्टम जिला न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

विद्युत कर्मचारियों को आखिर किसने दिया उपभोक्ताओं से मारपीट का अधिकार?

गुना। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री कार्यालय में सोमवार एक युवा उपभोक्ता के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया था। आरोप है कि विभागीय प्रबंधक के सामने ही कैशियर सहित अन्य कर्मचारियों ने उस उपभोक्ता के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित द्वारा संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई उल्टा पीड़ित पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। दरअसल पूरा मामला ये है कि उपभोक्ता किसी विद्युत संबंधी कार्य को लेकर कार्यालय पहुंचा था। इसी दौरान कर्मचारियों से मुंह वाद की स्थिति बनी और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। जानकारी के अनुसार, युवा उपभोक्ता मोहित चंदेल निवासी श्रीराम कॉलोनी ने बताया कि उस वक्त कार्यालय के प्रबंधक प्रशांत यादव भी मौके पर मौजूद थे इसके बाद भी कर्मचारियों के इतने हौंसले बुलंद थे कि वे एक युवा उपभोक्ता से मारपीट पर उतारू हो गए। वीडियो फुटेज में जो कर्मचारी उपभोक्ता की कॉलर पकड़े हुए मारपीट करते दिख रहे हैं। उसका नाम राजेंद्र यादव कैशियर बताया जा रहा है।

आरोन में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया, फार्मासिस्ट के बिना अधूरी है प्रभावी मेडिकल व्यवस्था

आरोन। नगर में 25 सितंबर को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा सिविल अस्पताल में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में के जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने फार्मासिस्ट दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम बीमार होकर अस्पताल जाते हैं। डॉक्टर जांच कर दवा लिखते हैं और हम ठीक होकर डॉक्टर को धन्यवाद देते हैं, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में काउंटर पर खड़ा क्वालिफाइड फार्मासिस्ट धैर्य के साथ दवा की सही मात्रा और सही तरीका समझाता है, उसकी भूमिका नजरअंदाज हो जाती है उन्होंने कहा कि जैसे हड्डियों के बिना शरीर खड़ा नहीं हो सकता, वैसे ही फार्मासिस्ट के बिना प्रभावी मेडिकल व्यवस्था की कल्पना अधूरी है। डॉक्टर इलाज तय करते हैं तो फार्मासिस्ट उस इलाज की सफलता सुनिश्चित करते हैं। दवाओं का सही चुनाव, भंडारण, वितरण और मरीज को उचित परामर्श देने में फार्मासिस्ट की भूमिका अहम है।

फार्मासिस्ट के.एस. गहलोत ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवा नहीं देते, बल्कि दवाओं की क्वालिटी चेक, मरीजों को दवा लेने का सही तरीका और समय बताने, डॉक्टर को नई मेडिसिन के बारे में जानकारी देने के साथ अस्पतालों में मेडिसिन मैनेजमेंट, स्टोरेज और संक्रमण रोकथाम जैसे कई महत्वपूर्ण काम भी संभालते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी डॉक्टर्स का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया और वरिष्ठ फार्मासिस्ट मुकेश त्रिपाठी को गुना के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, अमन जैन सरस्वती मेडिकल, शैलेन्द्र रघुवंशी लक्ष्मी मेडिकल, कुलदीप प्रजापति, कविन्द्र गहलोत बालाजी मेडिकल, मोहित जैन देशराज मेडिकल, अभिषेक जाटव, दीपक धाकड़ राधे मेडिकल, कुलदीप शर्मा वैष्णवी मेडिकल, राहुल कुशवाह श्याम मेडिकल, इरफान खान हुसैन मेडिकल सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित बैंक हड़ताल के संबंध में एलडीएम गुना ने दी जानकारी

गुना। अग्रणी जिला प्रबंधक गुना अजयपाल सिंह राजपूत ने जिले के समस्त बैंक ग्राहकों एवं आम नागरिकों को सूचित किया है कि दिनांक 28 से 30 सितंबर 2026 तक प्रस्तावित बैंक हड़ताल के दृष्टिगत ग्राहकों की सुविधा एवं बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार रविवार, 27 सितंबर 2026 को बैंक शाखाओं में नियमित बैंकिंग कार्य किया जाएगा। नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार बैंक शाखाओं में पहुंचकर आवश्यक बैंकिंग कार्य संपादित कर सकते हैं।

प्रस्तावित हड़ताल की अवधि के दौरान ग्राहकों की सुविधा के लिए उपलब्ध डिजिटल एवं वैकल्पिक बैंकिंग सेवाओं का भी उपयोग किया जा सकता है। बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता एवं वैकल्पिक सुविधाओं के संबंध में नागरिकों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जन-जागरूकता पोस्टर के माध्यम से भी सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक अजयपाल ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे प्रस्तावित बैंक हड़ताल को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक बैंकिंग कार्यों की योजना पूर्व से बना लें तथा बैंकिंग सेवाओं से संबंधित अधिकृत सूचनाओं पर ध्यान दें।

रामपुर पंचायत में मुख्यमंत्री जन-विश्वास शिविर में ग्रामीणों को एक ही स्थान पर मिलीं शासकीय सेवाएं

गुना। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को आरोन विकासखंड की ग्राम पंचायत रामपुर में जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आरोन क्षेत्र की 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ दिया गया। नामांतरण, बटांकन, बंटवारा, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण-पत्र, पात्रता पर्ची, आधार एवं आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। पात्र प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही संबल योजना के 5 हितग्राहियों को 2-2 लाख रुपये, मुद्रा ऋण योजना के 3 आवेदकों को कुल 3 लाख रुपये तथा 02 स्व-सहायता समूह को 6.50 लाख रुपये की राशि का लाभ दिया गया। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत वृद्धा अवस्था पेंशन योजना सहित अन्य विभागों की योजनाओं का हितलाभ प्रदान किया गया। शिविर से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्राम क्षेत्र का भ्रमण कर संबंधित शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद पंचायत भवन में आयोजित शिविर में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, डीएफओ अक्षय राठौर सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं सुनीं। शिविर के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एवं कन्या पूजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के आवेदनों का पंजीयन कर उन्हें संबंधित विभागों को उपलब्ध कराया गया। नामांतरण, बटांकन, बंटवारा, रजिस्ट्री, पीएम किसान, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न सेवाओं से जुड़े प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। पात्रता पूरी करने वाले प्रकरणों में मौके पर आवश्यक कार्यवाही की गई तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

नगर निगम के वाहन बेड़े में 4 नए मोक्ष वाहन

अब उज्जैन शहर में शव वाहन की मांग पर नहीं पिटेंगे अधिकारी

1 करोड़ 47 लाख की लागत से निगम के संसाधनों में शामिल हुए 08 नए वाहन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में अब शव वाहन की उपलब्धता को लेकर पार्षद,उनके समर्थकों एवं अधिकारियों के बीच विवाद नहीं होगा। पिछले वर्ष शव वाहन की मांग को लेकर हुए विवाद में एक अधिकारी की पिटाई का मामला हुआ था। नगर निगम ने 1.47 करोड की लागत से नए 8 वाहन खरीदी की है जिसमें से 4 मोक्ष वाहन हैं। इनमें दो छोटे एवं दो बडे हैं। छोटे वाहन गलियों तक पहुंच सकेंगे और सहजता से अंतिम यात्रा को अंजाम देंगे।

अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर नगर निगम उज्जैन के संसाधनों में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से 08 नए वाहन शामिल किए गए। उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वर्कशॉप विभाग प्रभारी जितेंद्र कुवाल एवं अपर आयुक्त संतोष टैगोर की उपस्थिति में विधि-विधान से वाहनों का पूजन कर लोकार्पण किया गया



ये हुआ था अधिकारी के साथ

उज्जैन नगर निगम में शव वाहन को लेकर पार्षद और अधिकारी के बीच मारपीट की घटना आगर रोड स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय में 19 अक्टूबर 2025, रविवार शाम को हुई थी। वार्ड 16 के भाजपा पार्षद के सहयोगी ने शव वाहन शाम 6 बजे के लिए बुक किया था। वे शाम 4 बजे ही वाहन लेने पहुंच गए और तुरंत वाहन की मांग करने लगे। समय को लेकर विवाद बढ़ा और फायर प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद साहू (प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं प्रभारी फायर आफिसर) के साथ अभद्रता और थप्पड़ मारने की घटना हुई, जिससे उनका चश्मा टूट गया। साहू की शिकायत पर पार्षद 4 के विरूद्ध कोतवाली थाने में बीएनएस की धारा 296, 115(2), 121(1), 132, 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था।

4 मिनी डंपर,4 मोक्ष वाहन

नगर निगम द्वारा नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए वाहनों की खरीद की गई है। इनमें निगम मद की राशि रुपए लगभग 90 लाख रुपए की लागत से चार मिनी डंपर तथा 57 लाख रुपए की राशि से चार शव वाहन (मोक्ष रथ) शामिल हैं। चार शव वाहनों में दो छोटे एवं दो बड़े मोक्ष रथ हैं।विशेष रूप से छोटे मोक्ष रथों की सुविधा से शहर की संकरी एवं छोटी गलियों में बड़ी राहत मिलेगी।

निगम मद,विधायक एवं महापौर निधि का उपयोग

चारों मोक्ष रथों की खरीद में विधायक निधि से 22 लाख रुपए तथा महापौर निधि से 35 लाख रुपए की राशि का उपयोग किया गया है। नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। लोकार्पण में एमआईसी सदस्य रजत मेहता, पार्षद दिलीप परमार, मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, विक्रम सिंह ठाकुर, अजय तिवारी, जगदीश पांचाल, अशोक केथवास, विशाल शर्मा, शानू मेहता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, वर्कशॉप प्रभारी कृष्णा भूरिया सहित निगम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिकों को टोकन लेकर घंटों इंतजार करना पड रहा नंबर आने का

उज्जैन डाक घर में आधुनिकता का ऐसा काम बुजूर्ग हो रहे हैरान-परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोतीलाल नेहरू नगर डाक घर एवं यहां संचालित बैंक को लाखों की लागत से आधुनिकतम रूप दिया गया है। इस आधुनिकता को काम में भी समावेश किया गया है लेकिन वरिष्ठ नागरिकों को यह आधुनिकतम व्यवस्था रास नहीं आ रही है और उन्हें हैरान परेशान होना पड रहा है। यहां हर काम के लिए आधुनिक मशीन से टोकन लेना ही वरिष्ठ नागरिकों को ही नहीं पढी लिखी गृहणियों के लिए भी समस्याकारक व्यवस्था है।

मोतीलाल नेहरू नगर डाकघर को जनसेवा कनेक्ट का रूप दिया गया है। इसमें बाहरी आवरण के साथ ही अंदर भी आमूल चूल परिवर्तन कर दिए गए हैं। इसी में आधुनिकतम व्यवस्था का समावेश किया गया है। यहां आने वाले ग्राहकों की अपेक्षा यहां बैठने की व्यवस्था आधी भी नहीं है। अधिकांश उपभोक्ताओं को अपने काम के लिए यहां खडे ही रहना पडता है। यहां तक की वरिष्ठ नागरिकों के लिए यहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी सीधे तौर पर दिखाई नहीं देती है।

ये आधुनिकत रूप अपनाया

मोतीलाल नेहरू नगर डाकघर बचत बैंक में डाकघर का संचालन भी जारी है। यहां आधार केंद्र भी संचालित किया जा रहा है। इसे किसी कमर्शियल बैंक की तरह लूक दिया गया है। यहां 6 काउंटर बनाए गए हैं। इसके साथ ही काउंटर के सामने वाली दिवार के पास एक टोकन मशीन लगा दी गई है। इस मशीन में बचत बैंक , डाकघर एवं अन्य कार्य के लिए आप्शन दबाने पर टोकन निकलता है। उसी मान से उपभोक्ता का कार्य नंबर के आधार पर किया जाता है। इसमें टोकन के आप्शन को समझने में ही वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी हो रही है। वे मशीन के आप्शन वाले भाग की बजाय टोकन क्रमांक वाले भाग को ही दबाते रहते हैं। किसी समझदार के पहुंचने पर उन्हें टोकन मिल पाता है। नई व्यवस्था को समझाने के लिए यहां कर्मचारी भी नियुक्त नहीं किया गया है न ही निर्देश सूचना ही यहां लगाई गई है। इस मशीन के उपर टोकन प्रदर्शन स्क्रीन लगी है जो कि मौखिक रूप से नंबरों एवं काउंटरों का उल्लेख भी करती है।



पहले से ज्यादा समय लगने लगा

वरिष्ठ नागरिक सोमनाथ सुर्यवंशी बताते हैं कि वे पिछले कई वर्षों से यहां आ रहे हैं। टोकन मिलने पर उनके काम में और अधिक समय की स्थिति बन गई है। बैंक से संबंधित काम होने पर उन्हें एक नंबर काउंटर का 32 नंबर का टोकन प्राप्त हुआ। 20 नंबर तक उपभोक्ता आते रहे। उसके बाद बीच के उपभोक्ता गायब होने पर भी मशीन से उनके एक-एक नंबर को 5-7 बार पुकारा गया बाद में 26 नंबर का उपभोक्ता पहुंचा फिर उसका काम हुआ। इसके बाद 27 से 31 नंबर तक के टोकन वाले ग्राहक की उद्घोषणा होती रही। इस उद्घोषणा में काफी समय जाया हुआ और मात्र तीन उपभोक्ता का ही काम हुआ। ऐसे में वरिष्ठजनों का समय भी खराब हो रहा है और व्यवस्था भी आधुनिकता के नाम पर उलझन वाली हो गई है। पूर्व में सीधे सिरे से लाईन से काम किया जाता था जो उपस्थित उसका काम होता था ।

इको फ्रेंडली विसर्जन के साथ संपन्न हुआ खंडेलवाल समाज का गणेशोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खंडेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा बुधवारिया स्थित खंडेलवाल भवन में आयोजित सामाजिक श्री गणेश उत्सव का अनंत चतुर्दशी पर इको फ्रेंडली विसर्जन के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन शाम 4 बजे समाजजनों ने श्रीगणेश का विदाई पूजन किया। इसके पश्चात प्राचीन बड़ के वृक्ष के नीचे एक बड़े पात्र में मिट्टी की प्रतिमा को विराजित कर जलाभिषेक के माध्यम से विसर्जन किया गया।उत्सव के दौरान प्रतिदिन समाज की विभिन्न उप-संस्थाओं द्वारा धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 20 सितंबर को खंडेलवाल युवा परिवार के अध्यक्ष सुमित झालानी व सचिव रितेश बेवाल के निर्देशन में माता-पिता का पग पूजन और शिप्रा आरती की तर्ज पर महाआरती हुई। 21 सितंबर को खंडेलवाल एक्टिविस्ट के संयोजक मनोज डंगायच, संचालक राजेंद्र सोखिया और प्रदीप डंगायच के निर्देशन में तीन वरिष्ठ समाजसेवी महिलाओं का शॉल-श्रीफल से सम्मान और हाऊजी गेम आयोजित किया गया।

भंडारे में उमड़े श्रद्धालु, 5 हजार से अधिक ने पाई प्रसादी- अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर फ्रीगंज स्थित अशोक नगर चौराहे पर श्रीराम भक्त मंडल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शामिल होकर दाल, बाफले और चूरमे की महाप्रसादी ग्रहण की। श्रीराम भक्त मंडल द्वारा क्षेत्र में भंडारे का यह सफल आयोजन पिछले 28 वर्षों से अनवरत किया जा रहा है।

जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी नरेन्द्रकुमार, राजेन्द्रकुमार, संजयकुमार पिता श्री सतीशचंद्र, श्री गिरीशचंद्र, श्री हरिशचंद्र पिता कन्हैयालालजी लाठी जाति माहेश्वरी निवासी म.गा. मार्ग गांधी चौक बड़नगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कस्बा बडनगर में बड़नगर-रूनिजा रोड स्थित भुमि सर्वे क्रमांक 191, 194/1 रकबा 0.941, सर्वे क्रमांक 194/5 रकबा 0.094, 194/1/16/1/1 रकबा 0.850, 194/4 रकबा 0.167 में से 1.724 अर्थात सवा आठ बिघा क्रय करने का सौदा तय कर बयाने का भुगतान कर दिया है तथा शीघ्र ही विक्रयपत्र का पंजीयन होना है। यदि उपरोक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति का अनुबंध भारबोझ या अन्य किसी भी प्रकार का चार्ज, न्यायालयिन विवाद, हो तो 07 दिवस में मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा विक्रयपत्र पंजीयन के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक 25.09.2026

अनिलकुमार शर्मा अभिभाषक
बड़नगर जिला उज्जैन

जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुकानस्वामी :- 1. बजरंगदास पिता स्व.श्री अम्बाराम जी बैरागी, 2. श्रीमती कौशल्या बाई पति श्री बजरंगदास बैरागी निवासीगण चंद्र शेखर आजाद मार्ग, गली नं0-8 उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक-19/2 पर निर्मित एक दुकान जो सिद्धसेन मार्ग स्थित है। उक्त दुकान का कुल क्षेत्रफल-13.41 वर्गमीटर है। उक्त दुकान के विक्रय मे मय तल व हवाई हक, विक्रय में शामिल है। उक्त दुकान फ्रीहोल्ड होकर व्यवसायिक उपयोग की है। उक्त दुकान की चर्तुःसीमा निम्नानुसार हैः- पूर्व में-प्रजापत धर्मशाला, पश्चिम में - चंदु सारवान का मकान, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में भवन अन्य का है। मेरे पक्षकार सुनील राजवानी पिता श्री जनार्दन राजवानी निवासी- 134, शिवांस पेराडाईस आगर रोड उज्जैन मो0-97527-31934 ने दुकान स्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय अनुबंध कर विक्रय मुल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी दुकान स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है।

उक्त संपत्ति पर दुकानस्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विकय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। दिनांकः-26/09/2026

भूपेन्द्र उपाध्यायएडवोकेट
कार्याः सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स
उज्जैन, मोबाः 89891-45770

जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरामशीन धारक श्री कैलाशचंद्र पिता स्व. सूरजमल शर्मा, निवासी 19/3/9 उदूपुरा, उज्जैन की दिनांक 10-12-2024 को मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती निर्मला शर्मा द्वारा दिनांक 15-09-2026 को इस कार्यालय में उपस्थित होकर श्री कैलाशचंद्र पिता स्व. सूरजमल शर्मा के नाम से संचालित आरामशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक 592400028 को अपने छोटे पुत्र श्री राहुल शर्मा, पिता स्व. श्री कैलाशचन्द्र शर्मा के नाम से नामान्तरित करने हेतु परिवार के अन्य सदस्यों का सहमति पत्र प्रस्तुत किया है। श्री कैलाशचंद्र पिता स्व. सूरजमल शर्मा के नाम से संचालित आरामशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक 592400028 को छोटे पुत्र श्री राहुल शर्मा के नाम से नामन्तरण करने हेतु परिवार के अन्य सदस्यों के अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आरामशीन नामान्तरण जाहिर सूचना जारी की जाती है।

इस संबंध में किसी को दावा/आपत्ति हो तो 15 दिवस में लिखित रुप से मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। बाद में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

वन मंडलाधिकारी
वन मंडल, उज्जैन

जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्री महेश आंजना पिता श्री करणसिंह आंजना कृषक-ग्राम हरियाखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नंबर-116/1 रकबा 0.1660 हेक्टर ग्राम हरियाखेडी, तहसील कोठी महल जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-25.09.2026

राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय- ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
(म० प्र०) मो० नं0-94259-46659

जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 84/1/1/2 रकबा 0.014 हेक्टर, सर्वे नम्बर 87/3/3 रकबा 0.0160 हेक्टर को श्री अजीज पिता अल्लाबेली, जाति नायता निवासी ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से तथा भूमि सर्वे नम्बर 87/3/1/2 रकबा 0.115 हेक्टर को बाबु पिता श्री अल्लाबेली, जाति नायता निवासी ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से एवं भूमि सर्वे नम्बर 84/1/1/3 रकबा 0.014 हेक्टर, सर्वे नम्बर 87/3/2 रकबा 0.016 हेक्टर को युसूफ पिता श्री अल्लाबेली, जाति नायता निवासी ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन कको अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 25-09-2026
स्थान - उज्जैन

हुसैन मलोलावाला एडवोकेट
डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
फोन नम्बर: 9826534221, 8839920862

न्यूज-कॉलम

पीआईसी की बैठक में 556 प्रकरण स्वीकृत

मन्दसौर। नगरपालिका परिषद की प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की बैठक नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में नपा सभापतियों, प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी पी.एस. धारवे और विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में शहर के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान परिषद के समक्ष प्रस्तुत सभी 556 प्रकरणों पर विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

भानपुरा में 481 किलो डोडाचूरा जब्त

मन्दसौर। भानपुरा थाना पुलिस ने मक्के के कट्टों के बीच छिपाकर ले जाया जा रहा 481 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया है। जब्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने धनकपुरा श्मशान घाट के पास दबिश देकर आरोपी राजू उर्फ राजवीर सिंह को गिरफ्तार किया और परिवहन में उपयोग किया जा रहा 30 लाख रुपये कीमती ट्रक भी जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

मन्दसौर। दलोदा थाना क्षेत्र के कचनारा चौकी अंतर्गत नगरी फंटे पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 35 वर्षीय राहुल निवासी गोंदी शंकर (रतलाम) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। राहगीरों और टोल एंबुलेंस की मदद से उसे तुरंत जिला अस्पताल मंदसौर लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक मंदसौर में समूह लोन से जुड़ा फाइनेंस का काम करता था और देर रात अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के बाद फरार हुए अज्ञात ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

अगले बरस तू जल्दी आ...के उदघोष साथ हुआ गणपति विसर्जन

मन्दसौर। शनिवार को गणपति विसर्जन के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हुआ। विभिन्न स्थानों एवं घरों में विराजे गणपतिजी की प्रतिमा को भक्तों ने विधि विधान से विसर्जन किया। विभिन्न पंडालों में विराजित गणेशजी की प्रतिमाओं का समितियों द्वारा डी.जे. ढोल के साथ ले जाकर विसर्जन किया गया। सुरक्षा के लिये प्रशासन व पुलिस के हर जगह माकूल व्यवस्था की। नपा के द्वारा मंदसौर नगर में 24 स्थानों पर मूर्ति संग्रहण केन्द्र बनाये गये। जहां धर्मालुजनों के द्वारा अपनी सुविधानुसार मूर्ति विसर्जन हेतु केन्द्रों पर अपनी प्रतिमा दी गई। इस व्यवस्था का निरीक्षण भी नपा अमले ने किया। नपा ने एमआईटी कॉलेज के समीप दौलतपुरा में मूर्ति विसर्जन स्थल का बनाया गया। इसके अतिरिक्त जल स्त्रोतों पर प्रतिमा विसर्जन न हो इस हेतु पुलिस व्यवस्था की गई। गणेश विसर्जन के दौरान अनहोनी न हो इसके लिये घाटों पर गोताखोर भी तैनात रहें।

नपा अध्यक्ष ने गांधी वाटिका विकास के लिए किया निरीक्षण

नीमच। शहर के प्रमुख उद्यानगांधी वाटिका में नीमच शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा के द्वारा गार्डन में अनेक तरह के विकास एवं निर्माण कार्य किया उनका निरीक्षण किया एवं भविष्य में गांधी वाटिका को और सौंदर्यकरण सुंदर रूप में करने की योजना की जाएगी इस हेतु शहर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ विचार विमर्श कर बुजुर्गों से शहर विकास की गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से बातचीत की । स्वाति चोपड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गांधी वाटिका को और अधिक विकसित किया जाएगा योग के लिए जो भी आवश्यक कार्य योजनाएं होगी उनको अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र पूर्ण करवाया जाएगा। ताकि बुजुर्ग योग कर स्वस्थ जीवन जी सके। इस अवसर पर शुभ प्रभात योग मित्र मंडल के शिव माहेश्वरी एवं पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंहल सहित बड़ी संख्या में बुजुर्ग योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

पं.उपाध्याय के विचारों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाये- प्रदीप उपाध्याय

दीनदयाल उद्यान मे पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जयंती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को उत्साह एवं उल्लास से मनी। दीनदयाल नगर स्थित उद्यान मे माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने पं.दीनदयाल उपाध्याय अमर रहेज्के नारे लगाए। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि कार्यकर्ता दीनदयाल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाए। वे अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता थे, भाजपा की सरकारें आज उन्ही के आदर्शों पर चल रही है।

जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने पहले दीनदयाल उद्यान मे महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा, आर.डी.ए. अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग पुरोहित एवं दीनदयाल मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार के साथ माल्यार्पण किया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम मे पं.दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं आज अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है, जो अंत्योदय का प्रतीक है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा जन-जन तक शासन की नीतियों और कार्यक्रमों को पहुंचा रही है। जिसमें सभी कार्यकर्ता शामिल हो रहे है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के विचारों का अनुसरण ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा एव क्षेत्रीय पार्षद संगीता सोनी भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम मे बलवंत भाटी, निलेश बाफना, संदीप यादव, सुदीप पटेल, धर्मेन्द्र सिंह, मंसूर जमादार, गोपाल शर्मा, प्रो.ईमरान, सुशील सिलावट, नीलेश राव, करनधीर्य बड़गोत्या, गोपाल राठी सीमा अग्रवाल आदि सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे । यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने दी।

ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच में एथलेटिक प्रतियोगिता में विजेताओं को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच परिसर में मध्य प्रदेश सेक्टर, सीआरपीएफ भोपाल के अधीनस्थ प्रशासनिक एवं परिचालनिक बटालियनों तथा कार्यालयों के बीच आयोजित एथलेटिक प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 24 सितंबर तक किया गया।

प्रतियोगिता में ग्रुप केंद्र नीमच, भोपाल एवं ग्वालियर, 1वीं, 7वीं, 41वीं, 123वीं एवं 148वीं बटालियन, 107 द्रुत कार्य बल तथा 4 सिग्नल बटालियन के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 10 किलोमीटर, 5 हजार मीटर, 1500 मीटर दौड़ एवं रिले रेस सहित विभिन्न एथलेटिक स्पधाएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का उद्देश्य जवानों में शारीरिक स्फूर्ति, सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता तथा टीम भावना को बढ़ावा देना रहा। प्रतिभागियों ने विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी फिटनेस एवं खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में ग्रुप केंद्र नीमच के उप महानिरीक्षक श्री सुरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में संयुक्त अस्पताल नीमच के उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) डॉ. अब्दुल नजर ने विजेता प्रति भागियों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 148वीं बटालियन ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान, जबकि 1वीं बटालियन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. अब्दुल नजर ने कहा कि सीआरपीएफ की कार्यशैली में तकनीकी दक्षता के साथ शारीरिक स्फूर्ति भी अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं जवानों की शारीरिक क्षमता, तत्परता और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। समापन समारोह में डॉ. केनजोम नगोमदिर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संसृति शर्मा,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री कबीर सरीन एवं श्री शैलेन्द्र थोरेचा, उप कमांडेंट, श्रीमती तिलोतमा एन.,उप कमांडेंट (मंत्रालय), सुभाष यादव, श्री दुष्यंत गोस्वामी, श्रीमती सीमा सिंह, हरजीत सिंह एवं श्री खेमराज आर्से, सहायक कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।



बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 6 मोटरसाइकिलें और एक भैंस बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नाहरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी और उनकी टीम ने कंजर गिरोह के माध्यम से क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा करते हुए चोरी की 6 मोटरसाइकिलें और एक भैंस जब्त की है।

घटनाक्रम के अनुसार, नाहरगढ़ थाने में 22 सितंबर 2026 को एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी के अनुसार, 17 अगस्त 2026 को घर के पीछे बने बाड़े में खड़ी उनकी हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नं. एमपी 43 एमए 5921 को कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से वाहन व मवेशी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 6 मोटरसाइकिलें तथा 1 भैंस जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने ग्राम लाखाखेड़ी (जिला झालावाड़) निवासी राजेश पिता रामलाल कंजर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो अन्य साथी संजय पिता राजकुमार कंजर और धन्ना पिता राधेश्याम कंजर फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।



ईको फ्रेंडली मूर्ति की वंदना कर आरती की गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

अष्टविनायक गणेश उत्सव समिति बघाना नीमच द्वारा गणेश उत्सव के पावन अंतिम दिवस आरती में वार्ड पार्षद शशि कुमार कल्याणी एडवोकेट, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय कुमार श्रीवास्तव, जिलाटोली सदस्य रोहित नरवाले एवं विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका उर्वशी रावत ने बतौर अतिथि सहभागीता की,। इस अवसर पर वार्ड पार्षद कल्याणी द्वारा प्रथम वंदनीय श्री गणेश जी की विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि,शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान श्री गणेश विघ्नों का नाश कर सभी के जीवन में शांति समृद्धि प्रदान करें । कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय श्रीवास्तव द्वारा वार्ड के युवा मूर्तिकार शरद अहीर की प्रशंसा करते हुए शहर वासियों से एवं समस्त गणेश उत्सव समितियो से आह्वान किया कि होनहार मूर्तिकार से ही संपर्क कर इको फ्रेंडली मूर्ती बनवाकर अपने पांडालों में स्थापित की जावे ज्ञात रहे कि शरद अहीर विगत 6 वर्षों से गणेश उत्सव के पावन पर्व पर खेत से खोद कर लाई गई शुद्ध काली मिट्टी से भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति निर्मित कर उसको प्राकृतिक रंगों से सुसज्जित कर सजाने का कार्य करते चले आ रहे हैं और पूर्ण रूप से इको फ्रेंडली मूर्ति ही बनाकर स्थापित करते हैं।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 28 सितंबर को

नीमच । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 28 सितंबर को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित की जाएगी।

नीमच के सरस्वती शिशु मंदिर में 3 हजार से अधिक लोगों ने एक स्वर में गाया वंदे मातरम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 25 सितंबर को देशभर में एक साथ सामूहिक राष्ट्रगीत गायन का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नीमच के विकास नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 11 बजे च्नमामि भारतम्ज कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक वंदे मातरम गायन हुआ। कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

आयोजन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के लिए सुबह 10.30 बजे प्रतिभागियों का एकत्रीकरण हुआ और ठीक 11 बजे निर्धारित समय पर सभी ने एक स्वर में संपूर्ण च्वंदे मातरम्ज का सामूहिक गायन किया। इस दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रगीत के सामूहिक स्वर से गूंज उठा। कार्यक्रम संयोजक नीलेश चौधरी ने बताया कि देशभर में 25 हजार से अधिक केंद्रों पर एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, जन प्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रभाव, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, सांस्कृतिक एकात्मता और राष्ट्रीय चेतना की भावना को अभिव्यक्त करना है।

महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर हैलोजन लगाने को लेकर विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

गणेश उत्सव और गणेश विसर्जन की झांकियों के उपलक्ष्य में शहर के प्रमुख चौराहों व प्रतिमाओं पर की जा रही विद्युत सज्जा को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सैलाना बस स्टैंड स्थित राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा और उनके घोड़े पर गलत तरीके से हैलोजन लाइट लगाए जाने पर करणी सेना एवं राजपूत समाज ने कड़ा आक्रोश जताया। इसे प्रतिमा का अनादर बताते हुए कार्यकताओं ने सैलाना बस स्टैंड चौराहे पर चक्काजाम कर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। शुक्रवार को होने वाले गणेश विसर्जन, झांकियों और अखाड़ों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए शहर की विभिन्न प्रतिमाओं को सुसज्जित किया गया था। इसी दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भी लाइटें लगाई गईं। करणी सेना का आरोप था कि हैलोजन लाइटों को जिस तरह से प्रतिमा व घोड़े पर बांधा गया, वह आपत्तिजनक और अपमानजनक प्रतीत हो रहा था। विरोध की सूचना मिलते ही राजपूत समाज के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, थाना प्रभारी चौकी प्रभारी पंकज राजपूत पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

देश भर के सरस्वती शिशु मंदिरों मे गुंजा राष्ट्रगीत वन्देमातरम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग अंतर्गत विद्या भारती की योजना से प्रातः ११ बजे सामूहिक वन्दे मातरम गायन का रिकार्ड कार्यक्रम दो स्थानों पर सम्पन्न हुआ।

देश भर के सरस्वती शिशु मंदिरो मे 1 करोड़ कंठो से गुंजा राष्ट्रगीत वन्देमातरम नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना से सामूहिक राष्ट्र गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन हुआ! जिसमें कल 503 लोगों की सहभागिता रही! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजदीप परवाल (प्रांतीय समिति सदस्य) उमाशंकर पांडे (प्राचार्य शासकीय कन्या उ. मा. वि. पिपलियामंडी) जगदीश लोहार (समाजसेवी पिपलिया मंडी) दिलीप चावड़ा (उपाध्यक्ष राष्ट्रीय आदर्श शिक्षण समिति पिपलियामंडी) मंचासीन हुए! अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई!अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश धाकड़ एवं स्वागत विद्यालय के सचिव महोदय पुखराज गुप्ता एवं समिति सदस्य श्रीमती मोनिका सेठिया दीदी ने किया!कार्यक्रम की भूमिका समिति उपाध्यक्ष दिलीप चावड़ा ने रखी ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री राजदीप जी परवाल ने वंदे मातरम का महत्व एवं यह कार्यक्रम क्यों आयोजित किया गया इसका पूरा उद्देश्य सभी के सामने रखा! प्रातः 11 बजे एक साथ एक ले एक स्वर में सामूहिक वंदे मातरम का गायन हुआ! कार्यक्रम में पधारे श्रीमान उमाशंकर जी पांडे ने विद्या भारती के इस आयोजन की सराहना की!

इस अवसर पर विद्यालय की बहिनो ने आकर्षक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया! कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य श्रीमती मीना वैष्णव एवं कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की आचार्या श्रीमती पूजा पोरवाल ने किया! इस कार्यक्रम मे समिति पदाधिकारी अभिभावक माताएँ बहिने समाजजन संघ कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

इसी प्रकार विद्या भारती की ही योजना से द्वितीय कार्यक्रम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया मंडी में आयोजित हुआ जिसमें वहां के प्राचार्य श्री बालाराम सिसोदिया समिति से सह सचिव श्रीमान लोकेश जी कराडा एवं कार्यक्रम के संयोजक श्री संजय राले के में मार्गदर्शन में 239 संख्या का सफल आयोजन विद्या भारती की योजना से संपन्न हुआ!

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- विष्णु अग्रवाल वर्षा अग्रवाल वार्ड नं. 76 पता-193 सिलिकान संसारा इन्दौर पिन-2000121678 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- लताबाई पति माखनलाल गौर क्रेता- 1- कुबरा बी पति अनवर हुसैन, 2- अनवर हुसैन पता- 2 (पुराना) नया 257 ममता कालोनी इन्दौर पिन- 1001060834 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

न्यूज कालम



विधायक निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

मन्दसौर। स्थानीय वार्ड क्र. 14 की रोशन कॉलोनी में रहवासियों को जलभराव और धूल-कीचड़ से राहत दिलाने के लिए 18 लाख 50 हजार रु. की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। विधायक विपिन जैन और नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने संयुक्त रूप से निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की आवश्यकता के अनुसार मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। नपाध्यक्ष गुर्जर ने भी आश्वस्त किया कि नगर पालिका क्षेत्र में सुगम आवागमन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

विद्या भारती संस्थानों में एक स्वर में गूंजा वन्दे मातरम



मन्दसौर। विद्या भारती के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर मंदसौर के सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान की विभिन्न शाखाओं में च्एक स्वर, एक लय में वन्दे मातरम्ज का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। संस्थान परिसर के तीन अलग-अलग सभागारों में 2212 भैया-बहनों, आचार्यों एवं समाजजनों ने निर्धारित समय पर प्रातः 11 बजे एक साथ राष्ट्रगीत का गायन कर विश्व कीर्तिमान का संकल्प दोहराया। इसके साथ ही सैनिक स्कूल मंदसौर में च्नमामि भारतम्ज कार्यक्रम के तहत 472 कैडेट्स व शिक्षकों ने तथा सरस्वती शिशु मंदिर डिगांवमाली में 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वन्दे मातरम् गायन का आयोजन कर देशभक्ति का संदेश दिया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन प्रेरणादायी- बंशीलाल गुर्जर



मंदसौर। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा उत्तर व दक्षिण मंडल द्वारा संयुक्त रूप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय पं. दीनदयाल उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष द्वय अरविन्द सारस्वत, विनोद डगवार, भाजपा नेता अनिल कियावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद गुर्जर ने कहा कि पं. दीनदयालजी का संपूर्ण जीवन कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने चरैवेति-चरैवेति और दरिद्र नारायण की सेवा का मंत्र दिया, जिस पर आज केंद्र व राज्य सरकारें कार्य कर रही हैं। उन्होंने सरकारी नौकरी के बजाय राष्ट्र निर्माण का पथ चुना और भारतीय जनसंघ के संस्थापक महामंत्री बने। उपस्थित नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर संगठन निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

स्वच्छता ही सेवा 2026 की गतिविधि जन भागीदारी अभियान



पिपलिया मंडी। संकल्प सेवा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24 सितंबर को नगर परिषद पिपलियामंडी क्षेत्र के मुख्य चौराहा/गांधी चौक पर श्लोक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, उज्जैन के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, घर पर खाद निर्माण, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम उपयोग, क्रक्रक्र एवं जनभागीदारी के प्रति नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर नागरिकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों ने सहभागिता कर स्वच्छ एवं सुंदर पिपलियामंडी का संदेश दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष को दी गतिविधियों की जानकारी

जगोटी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी से ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र में पार्टी संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उज्जैन कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर आंजना जमालपुरा व विश्वास शर्मा जगोटी के साथ पहुंचे पार्टीजनों ने किसानों को खाद को लेकर आरही परेशानी, फसल बीमा योजना में हो रही धांधली व विद्युत आपूर्ति में अनियमितता से अवगत कराते हुए इन्दौर में राहुल गांधी के सफल छात्रों की गूंज आयोजन को उज्जैन में भी आयोजित किए जाने का आग्रह किया। उक्त जानकारी महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी रजनीश तिवारी ने दी।

28 सितंबर को दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए परीक्षण शिविर

महिदपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद पंचायत महिदपुर में 28 सितंबर 2026 को दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को के विशेषज्ञ दल द्वारा पात्र हितग्राहियों का परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण के आधार पर पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। दिव्यांगजन आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं बीपीएल राशन कार्ड/आय प्रमाण-पत्र साथ लाएं। वरिष्ठ नागरिकों की आयु 60 वर्ष या अधिक होना आवश्यक है तथा उन्हें आधार कार्ड एवं बीपीएल राशन कार्ड/आय प्रमाण-पत्र लाना होगा।

आईटीआई कॉलेज में हुई ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रॉन्ग रूम सील किया गया

सुसनेर। नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव-2026 के तहत बुधवार को आईटीआई कॉलेज डग रोड में ईवीएम कमीशनिंग की प्रक्रिया संपन्न हुई। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की गई इस प्रक्रिया के दौरान स्ट्रॉन्ग रूम खोलने एवं कमीशनिंग कार्य पूर्ण होने के बाद उसे सील करने की कार्रवाई की गई। कमीशनिंग प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन अभिकर्ता इरशाद कुरैशी, मुकेश हरदेनिया की मौजूदगी रही. वही एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी देवकुंवर सोलंकी, भंवर सिँह चौहान, तहसीलदार रामेश्वर दांगी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद सुसनेर के 15 वार्डों के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों के अनुरूप ईवीएम तैयार करने की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के तहत पूरी की गई। आगामी 29 सितंबर को मतदान और 3 अक्टूबर को मतगणना प्रस्तावित है।

जिला स्तरीय शालेय अंडर 19 पिट्ठू खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

सुसनेर। जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन शा. सांदीपनी विद्यालय सुसनेर में गुरुवार को आयोजित किया गया। जिसमें सुसनेर, आगर, नलखेडा, विकासखंड की बालक - बालिकाओं अंडर 19 वर्ग टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विकासखंड अधिकारी मुकेश तिवारी, सांदीपनी विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. पुनीत शुक्ला, खेल एवं युवा कल्याण ब्लॉक कॉर्डिनेटर सोनू पाटीदार के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हेमंत उमठ , अनूप तिवारी ,अनीता गेहलोद, वंदना उमठ, पंकज शर्मा खेल शिक्षकों ने निभाई। सुसनेर विकासखंड ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्ग में जीत हासिल की।

महिदपुर में निकली गणेश सवारी

महिदपुर। नगर में परंपरानुसार श्री गणेश सवारी का भव्य आयोजन किया गया। सवारी में हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन, खादी एवं ग्रामोद्योग अध्यक्ष पंकज जोशी, क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बॉस तथा भाजयूमो जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह सहित श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार, महिदपुर में विश्व में एकमात्र गोरी पुत्र गणेश की सवारी निकाली जाती है। सवारी में विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं भालू, मूषक एवं भगवान गणेश के स्वरूप सहित विभिन्न वेशभूषाओं में कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे।

चुनावी चौपाल, सुबह 5 बजे की सक्रियता और 5 माह का काम

क्या प्रदीप सोनी की साइकिल पॉलि-टिक्स पलटेगी सुसनेर की बाजी ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव का काउंटडाउन शुरू होते ही सुसनेर की चुनावी चौपालों पर चर्चा का रुख पूरी तरह बदल चुका है। इस बार मुकाबला केवल राजनैतिक दलों की पारंपरिक रैलियों या नारों का नहीं है, बल्कि जनता प्रत्याशी की कार्यशैली और उसकी उपलब्धता का कड़ा रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है।

इस चुनावी रण में भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप सोनी की सुबह 5 बजे की दिनचर्या और उनका 5 महीने का संक्षिप्त कार्यकाल मतदाताओं के बीच निर्णय की सबसे बड़ी धुरी बनता नजर आ रहा है।। बिना किसी चुनावी शोर-शराबे और लाव-लश्कर के सुबह-सुबह साइकिल से वार्डों में पहुंच रहे प्रदीप सोनी का यह साइकिल जनसंपर्क सीधे मतदाताओं को रिझा रहा है। दूसरी और कांग्रेस प्रत्याक्षी विष्णु पाटीदार पारपरिक तरीके से चुनाव प्रचार के लिए सुबह-शाम ढोल के साथ बाजार में चुनाव प्रचार के लिए बाजार में पहुच रहे है।

चुनावी चौपालों पर आम मतदाताओं के बीच प्रदीप सोनी के पिछले 5 महीनों के संक्षिप्त कार्यकाल की जमकर समीक्षा हो रही है। नगरवासियों का कहना है कि अपने कार्यकाल के दौरान सोनी ने एक अनोखी मिसाल पेश की थी। सुबह ठीक 5 बजे, जब पूरा नगर जाग रहा होता था, तब वे विभिन्न वार्डों की गलियों में सफाई, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने खुद पहुंच जाते थे। जनता की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर अधिकारियों को फोन पर त्वरित निराकरण के निर्देश देना उनकी पहचान बन



गया था। कार्यकाल छोटा था, लेकिन उनका यह मॉर्निंग संवाद लोगों के जेहन में गहरे तक बैठ चुका है। मतदाताओं का कहना है कि जब वे सुबह अपने घरों के बाहर निकलते हैं, तो प्रत्याशी को अपने बीच पाना उन्हें एक सुखद अहसास कराता है। इस वन-टू-वन संवाद के कारण आचार संहिता के खर्च और मर्यादाओं का उल्लंघन किए बिना जनता से एक मजबूत भावनात्मक जुड़ाव बनता दिख रहा है।

राजनैतिक जानकारों का मानना है कि चुनाव आयोग द्वारा लागू आचार संहिता के कारण रैलियों और शक्ति प्रदर्शन पर अंकुश है। ऐसे में प्रदीप सोनी की यह पुरानी दिनचर्या उनके लिए सबसे बड़ा 'प्लस पॉइंट' साबित हो रही है। वार्डों के भ्रमण के दौरान मिल रहे जनफीडबैक से साफ संकेत मिल रहे हैं कि सुसनेर की जनता इस बार किसी नए और अनजाने प्रयोग के बजाय, परखे हुए चेहरे और 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले प्रत्याशी को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रख रही है।

मुकाबला हुआ आमने-सामने का

सुसनेर नगर सरकार के इस महामुकाबले में मुकाबला पूरी तरह सीधा और स्पष्ट है। एक तरफ भाजपा के प्रदीप सोनी अपने 5 महीने के कार्यकाल और जनता के बीच सतत उपस्थिति के दम पर मतदाताओं का विश्वास जीत रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के विष्णु प्रसाद पाटीदार भी अपनी पूरी सांगठनिक ताकत के साथ मैदान में डटे हैं। आचार संहिता की मयार्दाओं के भीतर चल रही यह शांत चुनावी जंग अब अपने अंतिम चरण में है। आगामी 29 सितंबर को होने वाले मतदान में सुसनेर की जागरूक जनता विकास और सादगी के इस तराजू पर अपना अंतिम फैसला सुनाएगी।



हर्षोल्लास से मनाया डोल ग्यारस का पर्व

बिछड़ौद। नगर में मंगलवार को डोल ग्यारस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद आने वाली एकादशी को डोल ग्यारस के रूप में मनाई जाती है। श्रीकृष्ण जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जल पूजन (घाट पूजन) किया था। इसी दिन को 'डोल ग्यारस' के रूप में मनाया जाता है। जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरूआत हुई है। कहीं इसे सूरज पूजा कहते हैं तो कहीं दशटोन पूजा कहा जाता है। जलवा पूजन को कुआं पूजा भी कहा जाता है। इस ग्यारस को परिवर्तिनी एकादशी, जलझूलनी एकादशी, वामन एकादशी आदि के नाम से भी जाना गया है। शुक्ल-कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को चंद्रमा की ग्यारह कलाओं का प्रभाव जीवों पर पड़ता है। इसके फलस्वरूप शरीर की स्थिति और मन की चंचलता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। इसी कारण उपवास द्वारा शरीर को संभालना और ईष्टपूजा द्वारा मन को नियंत्रण में रखना एकादशी व्रत विधान है, और इसे मुख्य रूप से किया गया। 'डोल ग्यारस' के अवसर पर नगर में स्थित श्री गोपाल मंदिर, क्षत्रीय राठौर समाज के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, तरवाड़ी मंदिर, नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज श्रीराम मंदिर, दर्जी समाज श्रीराम मंदिर, दलित समाज श्रीराम मंदिर, प्रमुख श्रीराम और श्रीकृष्ण मंदिरों में आकर्षक साज- सज्जा के साथ भगवान का भव्य श्रृंगार करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की गई।

दिगंबर जैन समाज में पर्यूषण पर्व पर भक्ति का माहौल,मन्दिर जी के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई



बड़नगर। दिगंबर जैन समाज में इन दिनों पर्यूषण पर्व के साथ दशलक्षण महापर्व की धूम है। महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भक्ति और धर्म आराधना का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को सुबह मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा का आयोजन किया गया। पर्व अंतर्गत मंदिर के शिखर पर टोंग्या परिवार को ध्वजा चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही इस दौरान मंदिर परिसर में जैन समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे चावर (चौरी) हाथ में लेकर भक्ति भजनों पर झूमते नजर आए। मंदिर परिसर में समाज के वरिष्ठ एवं युवा एक साथ नृत्य करते हुए भगवान शांतिनाथ की आराधना कर रहे थे। महिलाओं ने भी अलग हॉल में भजनों पर भक्ति नृत्य किया। मंदिर की सजावट और रोशनी के बीच देर रात तक भजन कीर्तन चलता रहा। समाजजनों ने इस दौरान क्षमा, अहिंसा और संयम के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया।

जस्साखेड़ी में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बड़नगर। अभ्यास इंटरनेशनल स्कूल जस्साखेड़ी में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद की प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करना तथा इसके महत्व को समझाना था। कार्यक्रम



में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. राहुल भायल ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को दैनिक जीवन में अच्छी आदतों को अपनाने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. भायल ने सरल एवं व्यावहारिक भाषा में समाधान किया। इस अवसर पर बच्चों को आयुर्वेद को अपने दैनिक जीवन से जोड़ने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ भारत की समृद्ध आयुर्वेदिक विरासत से परिचित कराना है। आयुर्वेद के महत्व को समझना और स्वस्थ आदतों को अपनाना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, प्रशासनिक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नगर के वार्ड क्रमांक 06 में 81.51 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पुजन सम्पन्न



बड़नगर। नगर के वार्ड क्रमांक 06 में 81.51 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि पुजन नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़ के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त भूमिपुजन कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 06 जाफला रोड पर आरसीसी नाली निर्माण कार्य, पीएचई परिसर एवं रामटेकरी में सीसी रोड निर्माण कार्य, चौधरी कॉलोनी में आरसीसी नाली निर्माण कार्य निर्माण कार्य सम्मिलित है। उक्त कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधी लालबहादुर बादशाह, तरूण आचार्य, शसतीश वर्मा, नगर महामंत्री अंकित त्रिवेदी, एल्डरमेन किशोर पांचाल, महेश सेन, मधुसुदन गुर्जर, राजकुमारी निम्बोला, साजिद अली सैयद, सिराज अली, जितेन्द्र यादव, कलावती ठाकुर, नगर पालिका उपयंत्री रवि पांचाल, वाहिद बेग उपस्थित थें।

गांधी चौक से निकली जनआक्रोश रैली, सौंपा ज्ञापन

30 बेड अस्पताल को नगर से बाहर ले जाने के विरोध में बड़ौद बंद को मिला समर्थन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

शासन द्वारा बड़ौद नगर के लिए नवीन 30 बेड अस्पताल स्वीकृत किए जाने के बाद अब अस्पताल के लिए भूमि चयन नगर से दूर किए जाने की प्रक्रिया का नगरवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है।

इसी के विरोध में गुरुवार को पूरा बड़ौद नगर के लोगों ने बंद का समर्थन किया। बड़ी संख्या में नगरवासी गांधी चौक में एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां नगर से दूर अस्पताल की भूमि के चयन के विरोधी में बडौद बन्द रखकर सर्व नगरवासी बड़ौद के बैनर तले प्रभारी तहसीलदार



अहिरवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अस्पताल को नगर से बाहर नहीं ले जाने की मांग की गई।

रैली के दौरान नगरवासियों ने मांग उठाई कि बड़ौद का वर्तमान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिस स्थान पर संचालित हो रहा है, उसी स्थान पर नवीन 30 बेड अस्पताल का भवन बनाया जाए, ताकि नगरवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़े। नगरवासियों का कहना है कि अस्पताल जैसी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधा का स्थान ऐसा होना चाहिए, जहां नगर की आम जनता आसानी से और कम समय में पहुंच सके। इसी उद्देश्य से नगरवासियों ने प्रशासन से मामले में पुनर्विचार कर अस्पताल के लिए नगर के मध्य उपयुक्त भूमि का चयन करने की मांग की है।

सायबर ठगी के आरोपी को अभिरक्षा में लेकर 2,72,101 की राशि बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में थाना खुजनेर पुलिस ने साइबर ठगी के प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ एवं निशादेही के आधार पर ठगी गई 2,72,101 रु की संपूर्ण राशि बरामद की है। फरियादी जितेन्द्र पिता कालूसिंह यादव 35 निवासी ग्राम बड़लावदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड करने के उपरांत अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी पूर्वक उसके खाते से राशि निकाल ली गई। फरियादी के खाते से 2,72,101 रु के चार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से अवैध निकासी कर कुल 2,72,101 रु की साइबर ठगी की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण दर्ज होते ही थाना खुजनेर पुलिस ने संबंधित बैंकों से तत्काल समन्वय स्थापित कर 66,896 रु की राशि होल्ड कराई। इसके उपरांत विशेष पुलिस टीम गठित कर तकनीकी एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं तलाश की गई। पुलिस टीम ने सेफ अली पिता मोहम्मद हनीफ ताई 31, आदिल पिता मोहम्मद हुसैन मंसूर 28 एवं मोहम्मद सोयल पिता मोहम्मद फारुक शेख 36 कठोर जिला सूरत, गुजरात को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशादेही के आधार पर 2,72,101 रु की साइबर ठगी की संपूर्ण राशि बरामद की। पुलिस ने साइबर ठगी की 2,72,101 रु की राशि रिकवर कर ली।

दोपहिया पर दौड़ रहा बचपन...

स्कूल-कोचिंग के बाहर नाबालिगों की तेज रफ्तार बाइक-स्कूटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

शहर की सड़कों पर इन दिनों बचपन दोपहिया वाहनों पर दौड़ता नजर आ रहा है। स्कूल और कोचिंग से निकलते ही कम उम्र के बच्चे बाइक-स्कूटी की चाबी लेकर सड़क पर निकल पड़ते हैं। किसी वाहन पर तीन तो किसी पर चार बच्चे सवार दिखाई देते हैं।

कई बिना हेलमेट के तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाते हैं तो कुछ मोबाइल देखते या बात करते हुए ड्राइविंग करते नजर आते हैं। यातायात नियमों की यह अनदेखी कभी भी गंभीर हादसे में बदल सकती है। खास बात यह है कि स्कूल और कोचिंग संस्थानों के आसपास यह स्थिति लंबे समय से दिखाई देने के बावजूद नियमित चेकिंग और प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

कोचिंग से निकले बच्चे, सड़क को समझ लिया रेसिंग ट्रैक

अस्पताल रोड, भेरू दरवाजा रोड सहित कोचिंग संस्थानों वाले इलाकों में सुबह और शाम के समय दोपहिया वाहनों की भीड रहती है। इसी दौरान कई नाबालिग तेज रफ्तार में वाहन चलाते दिखाई देते हैं। कुछ बच्चे तीन-चार की संख्या में एक ही वाहन पर बैठकर निकलते हैं।

प्राथमिक शिक्षा की नींव मजबूत करने चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण सम्पन्न

शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्राप्त किया बुनियादी शिक्षा एवं प्रभावी शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

निपुण भारत मिशन के तहत प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद शिक्षा केंद्र सुसनेर में आयोजित द्वितीय चरण का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में संकुल केंद्र शा.क.उ.मा.वि. सुसनेर एवं संकुल केंद्र मोड़ी के 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की।

प्रशिक्षण के दौरान कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों में आधारभूत दक्षताओं के विकास, भाषा एवं गणित कौशल, संख्या पहचान, जोड़-घटाव, गतिविधि आधारित शिक्षण, डिजिटल सामग्री के उपयोग सहित प्रभावी शिक्षण विधियों पर मास्टर ट्रेनर्स ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही आनंदमय शिक्षण, मूल्य एवं नैतिकता कौशल बोध, अंकुर कार्यक्रम, कर्मयोगी तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग जैसे विषयों की जानकारी दी गई। शिक्षकों को प्रशिक्षण में प्राप्त विधियों को कक्षा-कक्ष में व्यावहारिक रूप से लागू करने तथा बच्चों को सहभागी बनाकर उनकी रुचि के अनुरूप शिक्षण कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रशिक्षण का मार्गदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी, बीआरसी राधेश्याम पाटीदार, प्रशिक्षण प्रभारी बीएसी विजय जैन एवं एमआरसी ओमप्रकाश पाटीदार ने किया। हिन्दी विषय के मास्टर ट्रेनर गिरीश कुमार शर्मा, अंग्रेजी के बद्रीलाल रावत एवं भूपेन्द्रसिंह झाला तथा गणित के विमल कुमार जैन एवं हरिओम जाटव ने विषयवार प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी विजय जैन ने कहा कि प्रशिक्षण में बताए गए तरीकों को कक्षा-कक्ष में क्रियान्वित कर बच्चों को

सारंगपुर कालेज में हुई हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

सारंगपुर। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में यल सितंबर से चल रहे हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी व्याकरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रो संगीता गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमे भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी सुरेंद्र यादव द्वारा प्रतियोगिता संबंधी नियम की जानकारी देकर प्रतियोगिता शुरू करवाई गई। संचालन डॉ केशव शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप बी की हर्षिता पुष्पद, बुलबुल मीणा, तोशिबा खान एवं अलीना मंसूरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डी की रानी पेजवार, बबली जाट, इशिता भंडारी, उजमा खान ने द्वितीय एवं ग्रुप एकी वंशिका शर्मा, अंजली मीना, शिवानी ठाकुर तथा बबिता मालवीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महावीर स्वामी जैन बडा मंदिर में विधान पूजन

सारंगपुर। पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के आठवें दिवस पर श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन बडा मंदिरजी में उत्तम त्याग धर्म भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए अनमोल जैन ने बताया कि सच्चे मन से कषाय और मिथ्यात्व का त्याग करना ही उत्तम त्याग धर्म है। जैन धर्म में त्याग का विशेष महत्व है, जहाँ मुनिराज न केवल गृहस्थ जीवन अपितु वस्त्रों का भी त्याग कर दिगंबर मुद्रा धारण करते हैं।

राजाओ के दरबार की शान 'बहरूपिया कला को चार पीढियों से संजो रहे पप्पू सैलानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

बदलते दौर और आधुनिक मनोरंजन के साधनों के बीच हमारी पौराणिक लोककलाएं धीरे-धीरे अपनी पहचान खो रही हैं। कभी राजा-महाराजाओं के दरबारों की शान और ग्रामीण जीवन के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही 'बहरूपिया कला आज अस्तित्व की जंग लड रही है। हालांकि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मध्य प्रदेश के कन्नौद निवासी पप्पू सैलानी इस ऐतिहासिक लोककला की मशाल को चार पीढियों से जलाए हुए हैं।

रूप बदलने, जीवंत अभिनय, संवाद अदायगी और



अव्यारी के अपने हुनर से पप्पू सैलानी हर साल लोगों का मनोरंजन करते हैं। वे सारंगपुर, राजगढ, पचोर, ब्यावरा, बोडा, तलेन और खुजनेर समेत कई आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर अलग-अलग धार्मिक व सामाजिक किरदारों का रूप धरते हैं। कभी पौराणिक पात्र तो कभी आम जनजीवन से जुडे किरदारों में ढलकर जब वे गलियों में उतरते हैं, तो हर उम्र के लोग उनकी एक झलक पाने और अभिनय देखने के लिए जमा हो जाते हैं।

माथे पर टिका, चेहरे पर अलग-अलग रंगों का तालमेल और पारंपरिक पोशाक पहनकर जब वे मंच या सडक पर उतरते हैं, तो ऐसा लगता है मानो अतीत का कोई पन्नाा जीवंत हो उठा हो। हालांकि पप्पू सैलानी इस बात से दुखी भी हैं कि आज की डिजिटल दुनिया और मोबाइल संस्कृति के बीच बहरूपिया कला को पहले जैसा आश्रय और सम्मान नहीं मिल पा रहा है। नई पीढी इस विधा से दूरी बना रही है। इसके बावजूद, अपनी परंपरा के प्रति सैलानी परिवार का समर्पण आज भी बरकरार है। वे बिना किसी शिकायत के हर साल अपनी कला के जरिए पुरानी संस्कृति को नए दौर से जोडने का प्रयास कर रहे हैं।

11 साल की उम्र में पिता से सीखी कला

सारंगपुर में यमराज का रूप धारण कर पहुंचे पप्पू सैलानी बताते हैं कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अपने पिता स्व. रंजन सैलानी से इस कला की बारीकियां सीखनी शुरू कर दी थीं। वे कहते हैं कि यह सिर्फ हमारा पेशा नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। बहरूपिया का काम सिर्फ कपडे बदलना नहीं, बल्कि जिस किरदार का रूप लिया है, उसकी आत्मा और हाव-भाव को अपने भीतर उतारना होता है।

जब बच्चों पर हर पल बनी रहे माता-पिता की नजर...

चिंता तब समस्या बनती है, जब बच्चे की जिंदगी का लगभग हर छोटा-बड़ा फैसला माता- पिता की निगरानी में होने लगें

आज के समय में पैरेंटिंग पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गई है. बच्चों की पढ़ाई, उन की सेहत, दोस्ती, स्क्रीन टाइम, खानपान और यहां तक कि उन के मूड तक पर मातापिता लगातार नजर रखते हैं.

बच्चे घर के किसी कमरे में हों, स्कूल में हों या दोस्तों के साथ बाहर मातापिता का ध्यान अकसर उन्हीं पर टिका रहता है. यही आदत धीरेधीरे ह्यड्रोन पेरैंटिंगह्न का रूप ले सकती है.

ड्रोन पेरैंटिंग का नाम उस ड्रोन कैमरे से आया है, जो ऊपर से लगातार हर गतिविधि पर नजर रखता है. इसी तरह कुछ मातापिता भी अपने बच्चों की जिंदगी में इतनी बारीकी से नजर रखने लगते हैं कि बच्चे के पास अपनी दुनिया बनाने और अपने फैसले लेने की जगह कम पड़ने लगती है.



निगरानी से ज्यादा जरूरी है भरोसा- एक स्वस्थ रिश्ते की नींव सिर्फ चिंता नहीं, भरोसा भी है। बच्चे को यह महसूस होना चाहिए कि उस के मातापिता उस की बात सुनेंगे, उस की गलतियों पर केवल डांटेंगे नहीं, बल्कि उसे समझने की कोशिश करेंगे

हर समय बच्चे पर नजर

बच्चा क्या कर रहा है, किस से बात कर रहा है, स्कूल में किस के साथ बैठा, उस ने खाना पूरा खाया या नहीं, होमवर्क कब किया, मोबाइल पर कितनी देर रहा वगैरह सवालों का जवाब जानना मातापिता की चिंता का हिस्सा हो सकता है। चिंता तब समस्या बनती है, जब बच्चे की जिंदगी का लगभग हर छोटाबड़ा फैसला मातापिता की निगरानी में होने लगें। आज तकनीक ने यह निगरानी और आसान कर दी है। फोन की लोकेशन देखना, मैसेज चैक करना, स्कूल की हर गतिविधि पर अपडेट लेना या बच्चे के सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार नजर रखना, इन सब के पीछे मातापिता का उद्देश्य अकसर सुरक्षा ही होता है। लेकिन सुरक्षा और जरूरत से ज्यादा निगरानी के बीच एक बहुत महीन रेखा है।

बच्चों को थोड़ी आजादी भी चाहिए



बच्चे को आजादी देने का मतलब उसे अकेला छोड़ देना नहीं है। इस का मतलब है कि उस की उम्र और समझ के अनुसार उसे कुछ फैसले खुद लेने दिए जाएं। वे अपने कपड़े चुनें, अपना कमरा व्यवस्थित करें, दोस्तों के साथ छोटे फैसले लें, कभीकभी गलतियां करें और उन के परिणाम को समझें। मातापिता की भूमिका यहां एक ह्यकंट्रोलरह्न की नहीं, बल्कि एक ह्यगाइडह्न की हो सकती है। बच्चे को यह भरोसा होना चाहिए कि जरूरत पड़ने पर उस के मातापिता उस के साथ खड़े हैं, लेकिन हर कदम पर उस की निगरानी नहीं कर रहे।

परफैक्ट पेरैंट बनने का दबाव

ड्रोन पेरैंटिंग की एक वजह मातापिता पर बढ़ता सामाजिक दबाव भी है। सोशल मीडिया पर हर बच्चा किसी न किसी उपलब्धि के साथ दिखाई देता है। किसी का बच्चा पढ़ाई में आगे है, कोई खेल में अच्छा है, कोई संगीत सीख रहा है तो कोई नई भाषा। ऐसे में मातापिता को लग सकता है कि उन्हें भी अपने बच्चे की हर गतिविधि पर नजर रखनी चाहिए। लेकिन हर बच्चे की अपनी गति होती है। बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से करने के बजाय यह देखना ज्यादा जरूरी है कि वह अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ रहा है या नहीं।

चिंता प्यार से शुरू होती है

ड्रोन पेरैंटिंग को समझने के लिए यह भी समझना जरूरी है कि इस के पीछे अकसर मातापिता का प्यार और डर होता है। वे चाहते हैं कि उन का बच्चा किसी परेशानी में न पड़े, गलत फैसला न ले और उसे किसी तरह की चोट या असफलता का सामना न करना पड़े। लेकिन जिंदगी में हर परेशानी से बच्चे को बचाना संभव नहीं है। बच्चे का गिरना, गलती करना, किसी बात में असफल होना और फिर उस से सीखना भी जरूरी है। अगर हर मुश्किल से पहले ही मातापिता रास्ता साफ कर देंगे, तो बच्चा मुश्किल आने पर खुद उस से निबटना कैसे सीखेगा?


क्या बच्चों को उन की अपनी जिंदगी जीने दे रहे

कई बार मातापिता बच्चों की पसंद को भी अपनी पसंद से जोड़ लेते हैं। बच्चे को कौन सा खेल पसंद होना चाहिए, किस विषय में अच्छे नंबर लाने चाहिए, किस तरह के दोस्तों के साथ रहना चाहिए या भविष्य में क्या बनना चाहिए, इन सब पर मातापिता की उम्मीदें हावी हो सकती हैं।

रंग भरकर चित्र बनाओ



रास्ता खोजो



बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



Sport

एशियन गेम्स में नेपाल ने 103 रन का टारगेट 18वें ओवर में हासिल किया

उलटफेरः अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ नागोया

नेपाल ने एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। जापान के निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की। टीम 20 ओवर में सिर्फ 102 रन बना सकी। जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

नेपाल के लिए सुंदीप जोरा ने 34 और रोहित पौडेल ने 33 रन बनाए। नेपाल के कप्तान दीपेंद्र सिंह एरी ने 15 रन बनाए। अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने 16 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद फैसल खान अहमदजई और नजीबुल्लाह जादरान ने पारी संभाली। दोनों ने 30-30 रन बनाए। नांगेयालिया खान 17 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल के कुशल भुर्तेल ने 4 और ललित राजबंशी ने 3 विकेट लिए। 103 रन के टारगेट का पीछा करते हुए नेपाल ने 12 रन तक दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद सुंदीप जोरा ने 34 रन और रोहित पौडेल ने नाबाद 33 रन बनाकर टीम को संभाला। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 15 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए फरीदून दावूदजई, अब्दुल्लाह अहमदजई और अरब गुल ने एक-



एक विकेट लिया। अफगानिस्तान की टीम में रेगुलर कप्तान राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज और अजमतुल्लाह ओमरजई जैसे सीनियर खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया था। तीनों को आराम दिया गया था। एशियन गेम्स मेंस क्रिकेट में भारत सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेगा। उसका सामना ग्रुप-अ की दूसरे नंबर की टीम से 28 सितंबर को होगा। दोनों टीमों के पास 1-1 जीत है। अब ग्रुप-अ में दूसरे स्थान की रेस अहम हो गई है। दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम ही क्वार्टरफाइनल में भारत से भिड़ेगी, यानी भारत का सामना नेपाल या अफगानिस्तान में से किसी एक से हो सकता है।

श्रीलंका ने इंग्लैंड को 16 रन से हराया, वनडे में मेंडिस का शतक

श्रीलंका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 16 रन से हरा दिया। हेडिंग्ले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 321 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 9 विकेट पर 305 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। सीरीज का आखिरी मुकाबला रविवार को द ओवल में खेला जाएगा। इस जीत के साथ श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ सात साल बाद उसके घर में वनडे मैच जीता है। इससे पहले 2019 में भी श्रीलंका ने हेडिंग्ले में ही इंग्लैंड को हराया था। श्रीलंका की जीत में कप्तान कुसल मेंडिस ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 82 गेंदों पर शतक लगाया और 121 रन की पारी खेली। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ 137 रन की साझेदारी की। कामिंदु ने 54 रन बनाए। इसके अलावा पवन रथनायके ने 48 और जनिथ लियानगे ने 32 रन का योगदान दिया।

वेस्टइंडीज ने क्रिकेटर्स की सैलरी 25% घटाई

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अपने क्रिकेटर्स की सैलरी में 25% कटौती की है। इतना ही नहीं, इस साल पुरुषों के सुपर-50 और महिलाओं के टी-20 ब्लेज टूर्नामेंट भी सस्पेंड कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विंडीज बोर्ड ने घरेलू खिलाड़ियों के कॉन्ट्रैक्ट की अवधि घटाकर 7 महीने कर दी गई है।

भारत का टॉप पर पहुंचने का मौका छूटा

अजरबैजान ने 2-2 पर रोका, विमेंस में सविता श्री ने लगातार 7वां मैच जीता

एजेंसी ▸▸ समरकंद

समरकंद में चल रहे 46वें फेड चेस ओलिंपियाड के 8वें राउंड में डिफेंडिंग चैंपियन भारत की मेंस और विमेंस टीम को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

मेंस कैटेगरी में भारत को अजरबैजान ने 2-2 से रोका। विमेंस कैटेगरी में भी कजाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। भारत की मेंस टीम के पास टॉप पर पहुंचने का मौका था, लेकिन ड्रॉ के कारण यह मौका छूट गया। वहीं, विमेंस में कजाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ के बाद भारतीय टीम दूसरे स्थान पर खिसक गई है, जबकि चीन की टीम टॉप पर पहुंच गई है।

अजरबैजान के खिलाफ भारत के आर. प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी, डी. गुकेश और विदित गुजराती चारों अपनी बाजियां ड्रॉ खेले। गुकेश ने तीसरे बोर्ड पर सफेद मोहरों से मरदली महम्मद के खिलाफ अच्छी स्थिति



बनाई थी। हालांकि, अजरबैजान के खिलाड़ी ने सटीक बचाव किया और 56 चाल के बाद बाजी ड्रॉ रही। आर. प्रज्ञानानंद को अनुभवी शाखरियार मामेद्यारोव ने ड्रॉ पर रोका। अर्जुन एरिगैसी और आयदिन सुलेमानली के बीच भी बाजी बराबर रही। विदित गुजराती ने रऊफ मामेदोव के खिलाफ ड्रॉ खेला। जर्मनी ने दिन का बड़ा उलटफेर करते हुए टेबल टॉपर उज्बेकिस्तान को 2.5-1.5 से हरा दिया। फ्रेडरिक स्वाने और राससम स्वाने ने जर्मनी को जीत दिलाई। उज्बेकिस्तान के लिए जवोखिर सिंदारोव ने जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा।

सावित्रा श्री की लगातार 7वीं जीत

विमेंस कैटेगरी में भारत और कजाकिस्तान के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। सावित्रा श्री ने एलनाज कलीखमेत को हराकर लगातार 7वीं जीत दर्ज की। उनकी रेटिंग परफॉर्मेंस 2955 रही है। हालांकि, वैशाली रमेशबाबू को नुरमन अलुआ के खिलाफ हार मिली। कोनेरू हम्पी ने बिबिसारा असौबायेवा और दिव्या देशमुख ने मेरुएर्ट कमालिडेनोवा के खिलाफ ड्रॉ खेला। भारत और कजाकिस्तान के ड्रॉ का फायदा चीन को मिला।

नैनो न्यूज

- **सुरुचि-कमलजीत ने जीता सोना-** एशियन गेम्स में भारत को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में सुरुचि सिंह और कमलजीत ने दूसरा स्वर्ण दिलाया।
- **भारतीय निशानेबाजों ने जीता रजत-** 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्राक्ष पाटिल और नीरज कुमार ने रजत जीता।
- **महिला कबड्डी टीम फाइनल में-** भारत की महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में नेपाल को 48-24 से हराकर एशियन गेम्स के फाइनल में जगह बनाई।
- **भारतीय हॉकी टीम की लगातार जीत-** महिला हॉकी में भारत ने जापान को 3-1 से हराया। यह टूर्नामेंट में भारत की लगातार चौथी जीत रही।
- **अनाहत सिंह सेमीफाइनल में पहुंचीं- स्क्वैश महिला** एकल में अनाहत सिंह ने साथी खिलाड़ी तन्वी खन्ना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
- **टेबल टेनिस में भारत को पदक-** मिश्रित युगल में मनुष शाह और दिया चितले ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत का पदक पक्का किया।
- **भारत-पनामा फुटबॉल मुकाबला आज-** भारतीय फुटबॉल टीम बेंगलुरु में पहली बार पनामा के खिलाफ सीनियर अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी।

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

किराए से देना है
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओं की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

दसई में टहल रही महिला का मंगलसूत्र झपटा

धार। सरदारपुर के दसई में महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर भागने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दसई चौकी पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 ग्राम का सोने का पेंडल और 14 सोने के मोती बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले का खुलासा 25 सितंबर को किया। घटना 5 अगस्त की शाम करीब 7.40 बजे की है। दसई निवासी 45 वर्षीय सीमाबाई पति माधव पाटीदार खाना खाने के बाद टहलने निकली थीं। वह मांगोद-दसई रोड पर काका व्यास पेट्रोल पंप के पास पहुंची थीं।

धार में मेडिकल कॉलेज का सपना अब भी अधूरा

धार। धार जिले में मेडिकल कॉलेज शुरू होने का इंतजार अब भी जारी है। दिसंबर 2025 में धार में 25 एकड़ जमीन पर 260 करोड़ रुपए की लागत से पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने की आधारशिला रखी गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 23 दिसंबर 2025 को इसका शिलान्यास किया था। शिलान्यास के करीब 9 महीने बाद भी निर्माण की रफ्तार शुरूआती स्तर पर ही दिखाई दे रही है। ऐसे में जिले के लोगों और मेडिकल शिक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कॉलेज शुरू होने का इंतजार है।

निर्वाणा गार्डन में 5 हजार शिविरार्थियों की व्यवस्था बनी मिसाल

इंदौर। निर्वाणा गार्डन में आयोजित श्रावक संस्कार शिविर में करीब 5 हजार शिविरार्थियों के ठहरने, स्नान एवं नित्यकर्म की व्यवस्थाओं को वीर बाहुबली ग्रुप की टीम ने कुशलता से संभाला। पांच विशाल डोम में करीब एक-एक हजार लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। आपात स्थिति के लिए 24 घंटे एम्बुलेंस, करीब 300 टॉयलेट में पानी की व्यवस्था और प्रतिदिन सफाई के साथ 5 हजार लोगों के गर्म पानी से स्नान की सुविधा उपलब्ध कराई गई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने अभय जैन, अरविंद सोधिया एवं राजेन्द्र नायक के साथ व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

कम बारिश से माही डैम खाली नर्मदा जल लाने की मांग



भारतीय किसान यूनियन 28 सितंबर को पेटलावद में करेगी प्रदर्शन, कई गांवों के किसानों जुड़ेंगे

झाबुआ। कम बारिश के कारण माही डैम और आसपास के तालाबों में पानी की कमी हो गई है। इससे रबी सीजन में सिंचाई को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि पानी की कमी से गेहूं और चने जैसी फसलें प्रभावित हो सकती हैं। पशुओं के लिए चारे और पानी का संकट भी बढ़ने की आशंका है। इसी समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने शुक्रवार शाम कृषि उपज मंडी परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिलाध्यक्ष महेंद्र हामड़ और जिला महामंत्री जितेंद्र पाटीदार ने जल संकट को लेकर यूनियन की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष महेंद्र हामड़ ने कहा कि माही डैम और इससे जुड़ी नहरों के क्षेत्र में पानी की भारी कमी है। इस समस्या के समाधान के लिए शासन-प्रशासन के सामने माही डैम में नर्मदा का पानी लाने की मांग रखी जाएगी। जिला महामंत्री जितेंद्र पाटीदार ने कहा कि यह समस्या दर्जनों गांवों के भविष्य से जुड़ी है।

नैनो न्यूज

- **खाद्य तेल पर बड़ी कार्रवाई-** इंदौर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई में करीब 10,500 लीटर खाद्य तेल जब्त किए जाने की खबर सामने आई है।
- **शहर में रोजगार मेले की तैयारी-** इंदौर में 29 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें 800 से अधिक पदों पर अवसर बताए गए हैं।
- **इंदौर में औद्योगिक निवेश बढ़ा-** डीएंडएच इंडिया ने मोहन इंडस्ट्रियल पार्क में 70,094 वर्गमीटर औद्योगिक जमीन 18 करोड़ रुपए में खरीदी, विस्तार की तैयारी है।
- **तेल कारोबार पर प्रशासन की नजर-** माल्हारगंज और सियागंज में खाद्य तेलों की जांच के दौरान 10,500 लीटर तेल जब्त हुआ, 11 नमूने जांच के लिए भेजे गए।
- **सोने के भाव में हलचल जारी-** इंदौर में 25 सितंबर को सोने का भाव करीब 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रहा, महीने में कीमतों में उतार-चढ़ाव दर्ज हुआ।
- **चांदी बाजार में भी उतारचढ़ाव-** इंदौर में 25 सितंबर को चांदी करीब 2.61 लाख रुपए किलो पर दर्ज हुई, सितंबर में भाव में तेज उतार-चढ़ाव देखा गया।
- **नए परिवहन से व्यापार को सहारा-** मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत इंदौर समेत सात शहरों में 351 बसें शुरू की जा रही हैं, जिससे शहर-कस्बों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी।
- **इंदौर व्यापारियों का यूपीआई विरोध-** 100 से ज्यादा व्यापारिक संगठनों ने प्रस्तावित यूपीआई एमडीआर के विरोध में नो यूपीआई डे मनाया और स्कैनर ढककर भुगतान रोका।

3 से 5 अक्टूबर तक 46 प्रांतों के पदाधिकारी जुटेंगे, मोहन भागवत, होसबाले भी आएंगे

इंदौर में आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक इस बार मध्य प्रदेश के इंदौर में होगी। तीन दिवसीय बैठक 3 से 5 अक्टूबर तक चलेगी। संघ की इस बैठक को दीवाली बैठक भी कहा जाता है। इसमें देशभर के सभी 46 प्रांतों के पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

बैठक ऐसे समय हो रही है, जब आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष के अंतिम चरण में है। संघ ने अक्टूबर 2025 में स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए थे और शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 20 अक्टूबर 2026, विजयादशमी तक चलने हैं। ऐसे में इंदौर की बैठक को शताब्दी वर्ष के दौरान होने वाली आखिरी बड़ी संगठनात्मक बैठकों में से एक माना जा रहा है।

शताब्दी वर्ष के फैसलों और गतिविधियों की समीक्षा- बैठक में संघ की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों और गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही शताब्दी वर्ष के दौरान लिए गए निर्णयों को जमीन पर लागू करने की स्थिति पर भी चर्चा होगी। देशभर से आए पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा करेंगे और आगे की कार्ययोजना पर मंथन करेंगे।



- **46 प्रांतों से पदाधिकारी आएंगे-** बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों का प्रतिनिधित्व रहेगा। देशभर से सैकड़ों संघ पदाधिकारी और स्वयंसेवक इंदौर पहुंचेंगे
- **शताब्दी वर्ष की अंतिम बड़ी संगठनात्मक बैठक-** आरएसएस ने अक्टूबर 2025 में 100 वर्ष पूरे किए थे। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 20 अक्टूबर 2026 विजयादशमी तक चलेंगे। ऐसे में 3-5 अक्टूबर की इंदौर बैठक शताब्दी वर्ष की समाप्ति से ठीक पहले होने वाली प्रमुख संगठनात्मक बैठक है।

संगठन के ढांचे में बदलाव पर भी चर्चा- इंदौर की बैठक संगठनात्मक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक संघ के मौजूदा संगठनात्मक ढांचे में प्रस्तावित बदलावों को बैठक के बाद लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। प्रस्तावित बदलाव में प्रांत प्रचारक व्यवस्था की जगह संभाग प्रचारक व्यवस्था लाने की बात सामने आई है। हालांकि, इसके अंतिम स्वरूप और क्रियान्वयन को लेकर बैठक में चर्चा के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

बेलगावी बैठक के बाद इंदौर में अगला बड़ा मंथन- इससे पहले जुलाई में कर्नाटक के बेलगावी में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक हुई थी। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों, शाखाओं के विस्तार और शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा की गई थी। इंदौर की बैठक को इसी संगठनात्मक प्रक्रिया की अगली महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

संगठन के ढांचे में बड़े बदलाव की चर्चा

रिपोर्टों के मुताबिक बैठक के बाद संघ के संगठनात्मक ढांचे में प्रस्तावित बदलाव लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। इसमें मौजूदा प्रांत प्रचारक व्यवस्था की जगह संभाग प्रचारक व्यवस्था लाने का प्रस्ताव बताया गया है। यह अभी सूत्रों के हवाले से सामने आया प्रस्ताव है, इसलिए इसे अंतिम फैसला नहीं माना जाना चाहिए।

जुलाई की बैठक में भी संगठन विस्तार पर चर्चा हुई थी

- जुलाई में कर्नाटक के बेलगावी में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक हुई थी। वहां संगठनात्मक गतिविधियों, शाखाओं के विस्तार और शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा हुई थी। इंदौर की बैठक को उसके बाद के अगले बड़े संगठनात्मक मंथन के तौर पर देखा जा रहा है।
- बैठक में देश से जुड़े मुद्दों और समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। इसके अलावा शताब्दी वर्ष में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा होगी।

इंदौर बैठक क्यों महत्वपूर्ण?

आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। अक्टूबर 2025 में संघ ने 100 वर्ष पूरे किए। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम विजयादशमी 20 अक्टूबर 2026 तक चल रहे हैं। इससे ठीक पहले 3 से 5 अक्टूबर को इंदौर में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक होगी। इसमें 46 प्रांतों के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में शताब्दी वर्ष के निर्णयों की समीक्षा के साथ संघ के आगामी संगठनात्मक स्वरूप पर भी चर्चा होगी।

पहचान छिपाकर उठाया स्वाद का लुत्फ, पति के साथ खाए इंदौर के छोले-टिकिया और गराडू

चेहरे पर मास्क लगाकर सराफा पहुंचीं दिव्या दत्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बॉलीवुड अभिनेत्री और लेखिका दिव्या दत्ता बुधवार रात पति डॉ. राहुल एस दत्ता के साथ मशहूर सराफा बाजार पहुंचीं। दिव्या ने सिर पर स्कार्फ और चेहरे पर मास्क लगा रखा था, ताकि लोग उन्हें पहचान न सकें। उन्होंने सराफा के लेट नाइट फूड मार्केट का आनंद लिया और बाद में सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपना अनुभव बताया।

पति के साथ स्ट्रीट फूड का लिया स्वाद- वीडियो में दिव्या दत्ता पति डॉ. राहुल एस दत्ता के साथ सराफा बाजार में नजर आ रही हैं। दोनों यहां स्ट्रीट फूड का स्वाद लेते और मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं। दिव्या ने छोले टिकिया, पापड़ी चाट, गराडू और कोकोनट क्रश का स्वाद लिया। वीडियो में सराफा की भीड़, दुकानों की रोशनी और देर रात के फूड मार्केट का माहौल नजर आ रहा है। उनकी छुप के खाने वाली बात सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान खींच रही है। पोस्ट पर इंदौर के लोगों ने कमेंट कर उनका स्वागत किया। कुछ लोगों ने दिव्या के सराफा पहुंचने को उनके प्री-बर्थडे सेलिब्रेशन से भी जोड़ा और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



दिन में ज्वेलरी, रात में फूड स्ट्रीट

इंदौर का सराफा बाजार दिन में ज्वेलरी के कारोबार के लिए जाना जाता है। रात होते ही यही इलाका फूड स्ट्रीट में बदल जाता है।आमतौर पर रात करीब 8 बजे के बाद यहां खाने-पीने की दुकानें सजने लगती हैं और देर रात तक भीड़ बनी रहती है। यहां पोहा-जलेबी, भुट्टे का किस, गराडू, पापड़ी चाट, मलाई पान और कुल्फी समेत कई तरह के स्थानीय और स्ट्रीट फूड मिलते हैं। अलग-अलग दुकानों के स्वाद और रात में बाजार की चहल-पहल सराफा को इंदौर की खास पहचान बनाती है।

मॉल की दुकान में चोरी, 4 कर्मचारी पकड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तुकोगंज थाना पुलिस ने सिल्वर मॉल स्थित कंप्यूटर की दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में दुकान से जुड़े 4 कर्मचारियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बरामद किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

टीआई जितेंद्र चौहान ने बताया कि 24 सितंबर को फरियादी गौरव दरक ने सिल्वर मॉल स्थित अपनी दुकान पीसी एक्सपर्ट में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। गौरव ने बताया कि 21 सितंबर को दुकान में माल चेक किया तो सामान कम मिला।

इसके बाद 23 सितंबर को पता चला कि चोरों ने एलजी एन्फोसिस में धर्मेंद्र नाम के दुकानदार के यहां माल बेचने की बात की है। पुलिस ने संबंधित दुकान के सीसीटीवी फुटेज देखे।

फुटेज और जांच के आधार पर पुलिस ने नेतराम राजपूत निवासी श्रीराम नगर, देवांश राजपूत निवासी भाग्यलक्ष्मी नगर, एमआर-10, अंकित राजपूत निवासी कालिंदी गोल्ड और यशराज राजपूत निवासी दुर्गा कॉलोनी, मरीमाता को पकड़ा है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 38 एसएसडी, 12 रैम, 3 हार्ड डिस्क और 2 प्रोसेसर जब्त किए हैं। जब्त इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

इंदौर में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के स्ट्रक्चर पर विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मोती तबेला इलाके में शासकीय भूमि पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना के लिए तैयार किए जा रहे ढांचे को नगर निगम द्वारा हटाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है।

कार्रवाई से नाराज स्थानीय रहवासी, क्षेत्रीय पार्षद और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता गुरुवार रात पंढरीनाथ थाने पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी कर चबूतरा तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, मोती तबेला क्षेत्र स्थित सरकारी जमीन पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की जा रही थी। इसके लिए मौके पर चबूतरा तैयार किया गया था। गुरुवार को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और बिना पूर्व सूचना के निर्माणाधीन ढांचे को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई की खबर फैलते ही इलाके में विरोध शुरू हो गया। क्षेत्रीय पार्षद रूपाली पंडित के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रहवासी और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभी जुलूस के रूप में पंढरीनाथ थाने पहुंचे और चबूतरा तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

शादी का झांसा देकर युवती से कराए न्यूड कॉल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

विजय नगर थाना क्षेत्र में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए पहचान के बाद युवती से अश्लील वीडियो कॉल कराने और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को भोपाल निवासी सन्नी गोस्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

विजय नगर पुलिस के मुताबिक, निजी कंपनी में काम करने वाली युवती ने शादी के लिए जीवनसाथी डॉट कॉम पर अकाउंट बनाया था। जुलाई 2024 में उसकी पहचान सन्नी गोस्वामी से हुई। इसके बाद अगस्त 2026 में दोनों के बीच फोन पर बातचीत और वीडियो कॉल होने लगी।

युवती परिवार से शादी की बात कराने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान सन्नी ने उससे न्यूड होकर वीडियो कॉल करने को कहा। युवती ने मना किया तो आरोपी ने शादी का हवाला देते हुए कहा कि उनकी जल्द शादी हो जाएगी। इसके बाद युवती उसकी बातों में आ गई। सितंबर में युवती को पता चला कि सन्नी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। इस पर उसने सन्नी से बात कर धोखा देने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद सन्नी ने उसे धमकाया और जातिसूचक बातें कहीं। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह उसे हर जगह बदनाम कर देगा। इसके बाद वह बार-बार कॉल कर उसे परेशान करने लगा।

इंदौर में 10 हजार से ज्यादा गर्भपात किट जब्त

धार कोठी में लाइसेंसी फर्म के अवैध दवा गोदाम पर कार्रवाई, 9 हजार किट बेच डाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार कोठी क्षेत्र में ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक दवा गोदाम पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में गर्भपात में इस्तेमाल होने वाली दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई में 10 हजार से अधिक गर्भपात किट मिलने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा सिडेनफिल साइट्रेट और 'सेफ्टी पिल' ब्रांड की दवाएं भी बरामद की गई हैं। जब्त दवाओं की कीमत 52 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

कार्रवाई गुरुवार रात सेंट रेफियल स्कूल के पास धार कोठी स्थित क्वालिटी फार्मा से जुड़े गोदाम पर की गई। विभाग के अनुसार फर्म लाइसेंसी है, लेकिन जांच के दौरान गोदाम में दवाओं के भंडारण और बिक्री से संबंधित जरूरी रिकॉर्ड और दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इसके बाद टीम ने दवाओं को जब्त कर जांच शुरू कर दी।

करीब 9 हजार किट पहले ही बेचने की जानकारी- जांच के दौरान विभाग को यह जानकारी भी मिली कि संबंधित फर्म से अब तक करीब 9 हजार गर्भपात किट की बिक्री की जा चुकी है। हालांकि बिक्री का पूरा रिकॉर्ड अभी जांच के दायरे में है। विभाग ने संबंधित पक्ष से दस्तावेज और बिक्री का हिसाब उपलब्ध कराने को कहा है। अब अधिकारियों की जांच इस दिशा में भी आगे बढ़ रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं कहां से लाई गईं और इन्हें किन लोगों या संस्थानों को बेचा गया।



दो लोगों से जुड़ा मामला

विभागीय कार्रवाई में जावेद खान और अजय सवडतकर नामक व्यक्तियों से संबंधित दवाएं जब्त की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार दवाओं के अवैध भंडारण और बिक्री से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों की भूमिका स्पष्ट होगी। औषधि विभाग के अधिकारियों के अनुसार गर्भपात संबंधी दवाओं की बिक्री निर्धारित चिकित्सकीय प्रक्रिया और वैध प्रिस्क्रिप्शन के अनुसार ही की जानी चाहिए। विभाग को आशंका है कि नियमों का उल्लंघन कर इन दवाओं की बिक्री की गई हो सकती है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच और रिकॉर्ड की पड़ताल के बाद ही सामने आएगा। मामले में ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी है। जब्त दवाओं और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com